सुप्रभात
रांची, गुरुवार
30.05.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ




khabarmantra.net जेष्ठ, कृष्ण पक्ष, सप्तमी , संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 315



भारत ने किया स्वदेशी सुपर किलर मिसाइल का सफल परीक्षण

### न्यूज डायरी

**लैंड फॉर जॉब स्कैम में लालू की बढ़ी मुश्किलें**

**नयी दिल्ली।** रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामले में लालू यादव और उनके परिवार की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ सकती हैं। इस मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआई को अंतिम चार्जशीट दाखिल करने का निर्देश दिया है। इसके लिए कोर्ट ने सीबीआई को फटकार लगाते हुए 7 जून तक का समय दिया है। इसी दिन मामले की अगली सुनवाई होगी। इस मामले में लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के सदस्य आरोपी हैं। कोर्ट ने सीबीआई द्वारा हर तारीख पर चार्जशीट दाखिल करने के लिए समय मांगने पर नाराजगी जतायी और कहा कि हर बार सुनवाई में यही कहा जाता है कि चार्जशीट दाखिल करने का काम अंतिम चरण में है।

**डायन-बिसाही के नाम पर बुजुर्ग की हत्या**

**रांची।** अनगड़ा से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आयी है। यहां पांच महिलाओं ने मिलकर डायन का आरोप लगा कर एक वृद्ध दंपती की इतनी बेरहमी से पिटाई की कि एक बुजुर्ग की मौत हो गयी। मृतक की पहचान जरगा गांव निवासी बालेश्वर उरांव (60) के रूप में की गयी। ग्रामीणों की पिटाई से उनकी पत्नी भी घायल हैं। जानकारी के पड़ोसियों को यह शक था कि दोनों पति पत्नी डायन बिसाही का काम करते हैं। पड़ोस की पांच महिलाएं जिनमें एनिमा मुंडा, जूलियाना तिर्की, समरी देवी, दशमी देवी और दुलिया उरांव शामिल हैं। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

**गहरी खाई में गिरी ट्रक चालक- खलासी की मौत**

**लातेहार।** चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत अमझरिया घाटी में बुधवार को एक ट्रक में चालक गणेश यादव (40) और उपचालक अनिल यादव (30)की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। दोनों लातेहार दुरुआ मुहल्ले का रहने वाले थे। वे रांची से लातेहार आ रहे थे, इसी दौरान अचानक अमझरिया घाटी में असंतुलित होकर ट्रक घाटी में जा गिरी। ट्रक पर रखे गए सरिया ट्रक के आगे के हिस्से को तोड़ते हुए बाहर निकल गया। सरिया का नुकिला भाग चालक और उपचालक के शरीर में जा धंसा। इसके कारण चालक और उपचालक की मौत हो गयी।

**बांध में डूबने से दो नाबालिगों की मौत**

**लोहरदगा।** सेन्हा के सीमावर्ती क्षेत्र में ढोंढ़ा में निर्मित कच्चा बांध में नहाने के दौरान दो नाबालिगों (बच्चा व बच्ची) की मौत पानी में डूबने हो गयी। इसकी सूचना मिलते ही प्रखंड प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने तत्परता दिखाई और घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी दी। बताया जा रहा है कि वे मवेशी चरा रहे थे। इस दौरान नहाने के क्रम में गहरे पानी में चले गये। इससे उनकी मौत हो गयी।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 68300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 96000 रु./प्रति किलो |




# प्रचंड गर्मी से त्राहिमाम, झारखंड में झुलस कर मर रहे पक्षी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूरा देश प्रचंड गर्मी से त्राहिमाम कर रहा है। दिल्ली में तो तापमान ने रिकॉर्ड ही बना दिया। बुधवार को यह अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। मुंगेशपुर में तापमान 52.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गयी। भीषण गर्मी के बीच बढ़ा हीट स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ गया है। वहीं झारखंड 17 जिलों में पमान 40 के पार पहुंच चुका है। गढ़वा का अधिकतम तापमान 48 डिग्री तक पहुंच गया है।

गढ़वा में तो गर्मी से झुलस कर

**गढ़वा का अधिकतम पार 48 डिग्री पहुंचा**

सैकड़ों चमगादड़ों की मौत हो गयी है। रांची का तापमान में भी करीब 4 डिग्री बढ़ कर 40.2 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा है। मई माह में यह दूसरा मौका है कि रांची का तापमान 40 के पार पहुंचा है। वहीं डालटेनगंज में भी दूसरे दिन भी तापमान 47.7 डिग्री, बोकारो में पारा 44 डिग्री पार, जमशेदपुर में 43.8 डिग्री तापमान रिकार्ड दर्ज किया गया। तपती गर्मी को लेकर मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने यलो अलर्ट भी जारी किया है।




**गर्मी के कारण चामगादड़ों की मौत**

गढ़वा में सैकड़ों चामगादड़ों की मौत की आशंका गर्मी बतायी जा रही है। गढ़वा के कांडी प्रखंड के सुरीपुर और कासंप गांव के इलाके में मंगलवार रात और बुधवार सुबह सैकड़ों चमगादड़ों की मौत हो गयी। चमगादड़ों की मौत के बाद ग्रामीण दहशत में हैं। प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गयी है।

## बिहार में छात्राएं हुई बेहोश

दिल्ली समेत उत्तर भारत के अधिकतर इलाकों में भीषण गर्मी पड़ रही है। उत्तर भारत के ज्यादतर इलाके आग की भट्टी की तरह दहक रहे हैं। राजस्थान और हरियाणा में तापमान 50 डिग्री को भी पार कर गया है। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, गुजरात, यूपी, एमपी समेत कई और राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है। बिहार के कई इलाकों में छात्र-छात्राएं ही नहीं शिक्षक भी गर्मी से बेहोश हो कर गिर रहे हैंष इस स्थिति को देखते हुए सीएम नीतीश के निर्देश पर सभी शिक्षण संस्थाओं को बंद करने की घोषणा कर दी गयी है। पूरे देश में लू को लेकर भी अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी ने लोगों को गर्मी और निर्जलीकरण से बचने की सलाह दी है।

**बिहार में दर्ज हुई रिकार्ड गर्मी :** बिहार में सबसे ज्यादा गर्मी औरंगाबाद, गया और डेहरी में पड़ रही है। गर्म पछुआ हवा के कारण लोगों का घरों से निकला मुश्किल है। गया में 46.8, अरवल में 46.9, सासाराम में 46.5 दर्ज किया गया। राजधानी पटना में 42.8 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। बिहार में गर्मी का यह सितम है कि बेगूसराय और शेखपुरा में करीब 48 स्कूली छात्राएं बेहोश होकर क्लास रूम में गिर गयीं।

झारखंड सरकार पर बरसे नड्डा, देवघर में किया राड शो, कहा

# लैंड व लव जिहाद को सरकार का संरक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को संथालपरगना की कई सभाओं में झारखंड सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि झारखंड में बालू माफिया, जमीन जिहाद एवं लव जिहाद चल रहा है। दुःख की बात है कि इन सभी को राज्य सरकार का संरक्षण प्राप्त है।

उन्होंने इंडी गठबंधन के नेताओं को भ्रष्टाचारी बताया साथ ही कहा कि इंडी गठबंधन वालों को आपसे कोई लेना देना-नहीं है। ये सब भ्रष्टाचारी हैं। झारखंड में झामुमो वाले जल, जंगल, जमीन की बात करके सत्ता में आये थे। आज बालू गायब हो रही है।

**भ्रष्टाचारी हैं इंडी गठबंधनवाले**

देवघर में आयोजित सभा और रोड शो में जेपी नड्डा ने कहा कि इंडी गठबंधनवालों को गरीब आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों की भलाई से कोई लेना देना-नहीं है। ये सब भ्रष्टाचारी हैं। चोर-चोर मौसेरे भाई की तरह मिलकर सबकुछ लूटने में लगे हैं। (शेष पेज 11 पर)



**जो राम का नहीं, वो किसी काम का नहीं : मोहन यादव**

वहीं एमपी के सीएम डॉ मोहन यादव ने दुमका लोकसभा के जामा की जनसभा में कहा कि जो भगवान राम का नहीं, वह किसी काम का नहीं है। भारत की पहचान भगवान राम और कृष्ण से है। इंडी गठबंधनवाले भगवान का भी अपमान करते हैं। उन्होंने कहा कि देवी देवताओं का अपमान करने वालों को जनता वोट से देगी। श्री यादव ने दावा किया कि झारखंड में भी भाजपा की अगली सरकार बनने वाली है। एमपी के सीएम ने लोकसभा चुनाव में दुमका प्रत्याशी सीता सोरेन को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की अपील की।

**झामुमो-कांग्रेस गठबंधन चोर-चोर मौसेरे भाई : साय**

वहीं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बुधवार को साहिबगंज के बरहेट, पाकुड़ के अमरापाड़ा और दुमका के शिकारीपाड़ा में सभा कर भाजपा प्रत्याशियों के लिये वोट मांगे। उन्होंने झारखंड की जनता से प्रदेश की सभी चौदह सीटें भाजपा को जिताकर पीएम मोदी को देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि झारखंड में कांग्रेस और झामुमो चोर चोर मौसेरे भाई की तरह काम रहे हैं। उनलोगों ने आदिवासियों का कोई विकास नहीं किया। उसे केवल बंधुआ मजदूर समझा, वोट बैंक समझा। वहीं भाजपा ने आदिवासियों का भरपूर सम्मान किया। झारखंड के लिए दुर्भाग्य की बात है कि पूर्व सीएम से लेकर मंत्री तक भ्रष्टाचार के मामले में जेर में हैं।

**संथाल में जंग**

# केंद्र में गठबंधन की सरकार बननी तय

झारखंडियों से चिढ़ने वाली भाजपा को सबक देगी जनता : कल्पना

**खबर मन्त्र टीम**

**रांची।** झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंडियों से चिढ़ने वाली भाजपा को को इस चुनाव में जनता सबक सिखायेगी। इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों को जनता छह चरणों में अपना आशीर्वाद दे चुकी है। अंतिम चरण के चुनाव में भी गठबंधन के प्रत्याशी जीतेंगे। उन्होंने दावा किया कि केंद्र में इस बार इंडी गठबंधन की सरकार सत्ता संभाल रही है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि गोड्डा से गटबंधन प्रत्याशी प्रदीप यादव, दुमका नलिन सोरेन को और राजमहल विजय हांसदा भारी मतों से जिता कर दिल्ली भेजें। कल्पना सोरेन बुधवार को गोड्डा, दुमका और साहिबगंज के इलाकों में जनसभाओं में बोल रही थीं।

**आदिवासी विरोधी है भाजपा :** कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपावालों को आदिवासियों से ही नहीं सभी झारखंडियों से चिढ़ है। उन्होंने कहा, 1932 खतियान का विरोध करनेवाली और पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण की विरोधी भाजपा को जनता चुनाव में सबक सिखायेगी। यह चुनाव जनता लड़ रही है। गोड्डा की जनता ने ठाना है कि गठबंधन के प्रत्याशी प्रदीप यादव को विजयी बनाना है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने लाखों झारखंडवासियों को हक-अधिकार दिया। झारखंडी अस्मिता से जुड़े मुद्दों को विधानसभा से पारित करवाया। केंद्र की तानाशाह भाजपा सरकार से राज्य का अधिकार मांगा। इसी डर से भाजपा ने उन्हें साजिश के तहत चुनाव से ठीक पहले जेल में डाल दिया। हेमंत को जेल भेजनेवालों को जनता ने सबक सिखाने का मन बना लिया है। वहीं जामताड़ा में दुमका लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन की प्रत्याशी नलिन सोरेन के पक्ष में जनसभा को भी संबोधत किया। नलिन के लिए वोट भी मांगे। कल्पना ने कहा कि जब शिबू सोरेन ने सिर नहीं झुकाया तो हेमंत सोरेन कैसे सिर झुका देंगे। हेमंत सोरेन के साथ पूरे झारखंड की आवाम है। साढ़े तीन करोड़ जनता उनके साथ है। कल्पना ने कहा कि झारखंड में तीन चरणों का चुनाव हो गया है। चुनाव का परिणाम साफ हो गया है। जनता ने इस बार इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को अपना मत दिया है। संथाल परगना में आखिरी चरण के चुनाव में भाजपा के ताबूत में आखिरी कील ठोकने का काम हो रहा है। दुमका, राजमहल, गोड्डा में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी भारी मतों से जीत रहे हैं।



## आज शाम थम जायेगा गोड्डा राजमहल, दुमका में प्रचार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सातवें चरण के तहत झारखंड के राजमहल, गोड्डा और दुमका संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव का प्रचार गुरुवार शाम पांच बजे थम जायेगा। उसी के साथ चुनाव प्रचार आदि कार्य से चुनाव वाले संसदीय क्षेत्र में बाहर से गये राजनीतिक दलों के नेताओं-कार्यकर्ताओं को वापस लौटना होगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गर्मी को देखते हुए मतदान के दिन मतगणना केंद्रों पर विशेष व्यवस्था

**गर्मी के मद्देनजर रहेगी विशेष व्यवस्था: रवि कुमार**



की गयी है। बूथों पर गर्मी से बचने के लिए फैन, शेड, निंबू पानी, कुर्सी, मेडिकल सुविधा आदि बहाल की गयी है। वहीं दूर-दराज के मतदाताओं को बूथ तक लाने, ले जाने के लिए वाहन की सुविधा भी उपलब्ध करायी जाएगी। (शेष पेज 11 पर)

## फिर कई ठिकानों पर इडी का छापा

मनीष से जुड़े डॉक्टर, बैंककर्मी व ठेकेदार के घर से दस्तावेज बरामद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची में बुधवार को एक बार फिर इडी ने कई ठिकानों पर छापेमारी की। इडी की टीम ने रांची के सदर थाना क्षेत्र के अयोध्यापुरी (रोड नंबर-1) में रह रहे निजी बैंक के अधिकारी सौरभ कुमार, पिस्कामोड़ तेल मिल गली स्थित सदर अस्पताल के डेंटिस्ट रवि कुमार के आवास तथा ठेकेदार प्रशांत सिंह के आवास पर छापेमारी की। ये छापामारी आइएएस मनीष रंजन से जुड़े मामले में की गयी। रांची में डॉक्टर, बैंककर्मी के घर छापामारी में कई दस्तावेज बरामद किये गये। इडी की टीम किसी



ठाकुर नामक एक व्यक्ति से जुड़े कागजातों को भी खंगाला। सूचना के मुताबिक, इडी को कुछ कॉल डिटेल्स भी हाथ लगे हैं। छापेमारी दोपहर करीब तीन बजे इडी की टीम अयोध्यापुरी और तेल मिल गली पहुंची। अयोध्यापुरी में बैंक अधिकारी सौरभ कुमार और तेल मिल गली में डेंटिस्ट रवि कुमार रहते हैं। दोनों की मनीष रंजन से काफी घनिष्ठता है। बताया जा रहा है कि निजी बैंक के अधिकारी सौरभ कुमार और डॉक्टर रवि के मकान में इडी की टीम ने आइएएस मनीष रंजन से जुड़े मामले में कागजात की तलाशी ली। इडी की टीम चार से पांच घंटे तलाशी लेने के बाद वापस लौट गयी।

**मनीष रंजन से जुड़ा है मामला :** इडी छापेमारी का कनेक्शन मनीष रंजन से जुड़ा है। वे फिलहाल इडी का सामना कर रहे हैं। 28 मई को इडी के अफसरों ने उनसे पूछताछ की थी। इसमें उन्होंने खुद को ईमानदार अफसर बताया। इडी अधिकारी आइएस से लगातार पूछताछ कर रहे हैं। उन्हें अब तीन जून को तलब किया गया है। (शेष पेज 11 पर)

## रोजगार सेवक ने खरीदी स्कार्पियो अधिकारी अब कर रहे जांच

**सुधीर**

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग गिरिडीह सदर के पुरनानगर ग्राम पंचायत के रोजगार सेवक सुरेंद्र कुमार दास पर मनरेगा के पैसे से एन सीरिज की स्कॉर्पियो खरीदने का आरोप है। स्थानीय स्तर पर इसकी शिकायत न सिर्फ विभाग से की गयी, बल्कि राज्य के सीएम और मुख्य सचिव एल खियांग्ते से भी की गयी है।

मुख्य सचिव ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मनरेगा आयुक्त से पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई करने को कहा है। इधर सीएस के आदेश के बाद विभाग रेस हो गया है। मनरेगा के आला अधिकारी अब यह पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं कि सुरेंद्र दास द्वारा खरीदे गये स्कॉर्पियों वाहन के लिए कहां से पैसे आये। विभाग इसकी जानकारी हासिल कर रहा है। मानदेय के नाम पर रोजगार सेवक 12-13 रुपये दिये जाते हैं। ऐसे में 20 लाख रुपये से अधिक कीमत की गाड़ी खरीदना चर्चा में आ गया है।

**थार और मर्सिडीज बेंच से चलते हैं संविदाकर्मी**

आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि मनरेगा में अधिकारी ही नहीं, संविदाकर्मियों को भी लूट की खुली छूट है। यही कारण है कि बीपीओ जैसे अल्प मानदेय पाने वाले संविदाकर्मी भी थार जैसे गाड़ी पर चढ़ते हैं। जमशेदपुर के एक संविदाकर्मी जुनियर इंजीनियर ने तो मर्सिडीज बेंच खरादी है। पूरे प्रोजेक्ट भवन में यह चर्चा का विषय बना है।

**दो माह में भी नहीं हुई पूरी जांच**

सुरेंद्र दास पर लगे आरोपों की जांच विभाग की ओर से पिछले दो महीने से की जा रही है। इस संबंध में पहले भी वहां के उप विकास आयुक्त से रिपोर्ट मांगी गयी थी, लेकिन डीडीसी के स्तर इसकी पूरी डिटेल नहीं भेजी गयी थी। ऐसे में अब फिर से इस मसले पर विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा गया है। विभाग की ओर से पूछा गया है कि आखिर कैसे एक ग्राम रोजगार सेवक 20 लाख रुपये लागत से स्कॉर्पियों कार कैसे खरीदी है। शिकायत मिली थी कि रोजगार सेवक ने मनरेगा अंतर्गत पशु शेड योजना के लिए आवंटित राशि में हेरफेर कर स्कॉर्पियो खरीद ली है। मार्च में यह बात सामने आयी थी। इसके बाद विभाग ने जांच कमेटी बनायी और जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी। विभाग इस पूरे मसले पर अब डिटेल जानकारी मांग रहा है, ताकि अग्रतर कार्रवाई की जा सके। इस संबंध में मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी से उनके फोन नंबर 6203649253 पर बातचीत करने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन रिसिव नहीं किया।

मोदी ने बंगाल में ममता पर लगाया तुष्टीकरण का आरोप, कहा-

# सीमावर्ती इलाकों की बदल रही है डेमोग्राफी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा कि राज्य सरकार की तुष्टिकरण की नीति के कारण पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में घुसपैठ से डोमोग्राफी बदल रही है। वहीं अवैध घुसपैठिये स्थानीय युवाओं के लिए उपलब्ध अवसर छीन रहे हैं। पीएम मोदी बुधवार को पश्चिम बंगाल के काकद्वीप में एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, 'बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में जनसांख्यिकी (डेमोग्राफी ) बदलने का मुख्य कारण टीएमसी सरकार पर पश्चिम बंगाल में सीमा पार से अनियंत्रित घुसपैठ की अनुमति देना है। उन्होंने राष्ट्रीय




सुरक्षा से समझौता करने का भी आरोप लगाया। टीएमसी ने केवल भारतीय संविधान का उल्लंघन ही नहीं किया बल्कि राज्य की जनसांख्यिकी को बदलने के साथ ही घुसपैठियों को सीमावर्ती जिलों में स्थानीय लोगों की जमीनों को हड़पने की छूट दी है।

**टीएमसी नहीं चाहती कि हिंदू बंगाल में रहें**

पीएम मोदी ने इस चुनाव में राज्य में अपनी आखिरी चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि टीएमसी नहीं चाहती कि हिंदू और मतुआ बंगाल में रहें। समाज के एक वर्ग को खुश करने के लिए टीएमसी सरकार संविधान पर खुलेआम हमला कर रही है। मोदी ने आरोप लगाया कि टीएमसी तुष्टीकरण की राजनीति में लिप्त है, ताकि अवैध घुसपैठिए बंगाल में बस सकें। उन्होंने जोर देकर कहा कि मतुआ समुदाय के सदस्यों को पूरे सम्मान के साथ भारतीय नागरिकता मिलेगी। (शेष पेज 11 पर)

**भाजपा व सीपीएम में सांठगांठ : ममता**

वहीं पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने दावा किया कि सीपीएम और भाजपा के बीच सांठगांठ है। दोनों दलों ने दमदम लोकसभा क्षेत्र और बारानगर विधानसभा क्षेत्र में वोट साझा करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा भाजपा वोटों को खरीदनें की कोशिश कर रही है। ममता दीदी ने कहा, मैं एक बात सुन रही थी, कुछ सीटें तय हो गयी हैं।

# दहक रही झारखंड की धरती 17 जिलों में पारा 40 डिग्री पार

**झारखंड में वार्म नाइट**

**गढ़वा में 48 डिग्री तापमान, डालटेनगंज 47 .7 और रांची में 42 .2 डिग्री सेल्सियस रहा तापमान**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में गर्मी और उमस से लोग बेहाल हैं। सुबह आठ बजे के बाद से ही घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। पिछले तीन दिनों से तापमान लगातार बढ़ रहा है। अगले दो दिनों तक गर्मी से राहत मिलने की कोई संभावना नहीं है। मौसम केंद्र रांची के अनुसार, एक जून तक गढ़वा, पलामू, चतरा में हीट वेव चलने की संभावना है। राज्य के 17 जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच चुका है। मौसम केंद्र के अनुसार, अगले 48 घंटे तक ऐसे ही मौसम के बने रहने के आसार हैं। रांची के तापमान में भी करीब 4 डिग्री की बढ़ोतरी हुई और अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं डालटेनगंज में भी दूसरे दिन भी तापमान 47.7 डिग्री, गढ़वा 48 डिग्री और जमशेदपुर में 43.8 डिग्री तापमान रिकार्ड दर्ज किया गया।

**रात में उमस भरी गर्मी**

अभिषेक आनंद ने बताया कि इस बार लोगों को गर्मी का अहसास इसलिए ज्यादा हो रहा है क्योंकि इन दिनों दिन के साथ रात भी गर्म हो रही है। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक भाषा में इसे वार्म नाइट कहा जाता है। यह दिन के साथ साथ रात में भी गर्मी की वजह से लोगों को परेशान करता है।

तपती गर्मी को लेकर मौसम विज्ञान केंद्र ने यलो अलर्ट जारी किया है। **आज भी भीषण गर्मी और हीट वेव से राहत नहीं :** मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि बुधवार को राज्य के ज्यादातर जिलों में हीट वेव का प्रभाव देखा जा रहा है। गुरुवार को भी यही स्थिति राज्य रहेगी। गर्मी और लू से 30 मई तक कोई राहत मिलने की संभावना नहीं है। मौसम केंद्र रांची के निदेशक ने बताया कि 31 मई को राज्य के उत्तर पूर्वी-दक्षिण पूर्वी जिलों में आसमान में आंशिक बादल बनने और पुरवैया हवा चलने की वजह से गर्मी से थोड़ी राहत मिलने की संभावना है। वहीं 1 और 2 जून को रांची सहित राज्य के कई जिलों में छिटपुट बारिश की वजह से गर्मी से थोड़ी राहत मिलने की संभावना है।

**मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान के ओरिएंटेशन प्रोग्राम में शामिल हुए मुख्य सचिव**

# 19 से 26 जून तक मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाया जायेगा अभियान : एल खियांग्ते

**राज्य में मादक पदार्थों का उत्पादन और सेवन कलंक**

**मादक पदार्थों के सेवन की रोकथाम को लेकर सरकार के सभी विभाग तैयार**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार के सभी विभाग राज्य में मादक पदार्थों के उत्पादन एवं सेवन की रोकथाम को तैयार है। इस दिशा में कार्य करने के लिए बुधवार को ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें संबंधित विभाग मादक पदार्थों के सेवन की रोकथाम के लिए अपनी कार्य योजना के बारे में जानकारी दे रहे हैं। यह बातें राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने प्रोजेक्ट भवन सभागार में मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान को आयोजित ओरिएंटेशन प्रोग्राम में कहीं। उन्होंने कहा कि राज्य में मादक पदार्थों का उत्पादन एवं इसका सेवन एक कलंक है। हमें इस कलंक को मिटाना है। स्कूलों, कॉलेजों पर फोकस करने की जरूरत है। समाज के प्रत्येक व्यक्तियों को भी इसके रोकथाम की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।

**अफीम उत्पादन को लेकर हमेशा सवालों के घेरे में रहा है झारखंड : वंदना दादेल**

गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने कहा कि झारखंड हमेशा अफीम उत्पादन को लेकर सवालों के घेरे में रहा है। इसके उत्पादन और उपभोग में वृद्धि देखी गई है। कई बार तो उच्च न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई के निदेश दिए हैं। झारखंड पुलिस के मुताबिक बीते पांच सालों में करीब 2,024 कांड प्रतिवेदित हुए हैं, जबकि उक्त कांडों में करीब 4,949 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के माध्यम से कार्रवाई की जा रही है। अफीम उत्पादन और उपभोग सबसे ज्यादा चतरा, पलामू, लातेहार और रांची में दर्ज किया गया है।

**मादक पदार्थों के उत्पादन की रोकथाम के प्रयास जारी : डीजीपी**

डीजीपी अजय कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड में कुछ ज़िलों में बड़े पैमाने पर अफीम उत्पादन किए जाने की सूचना मिलती रहती है। उन ज़िलों में अफीम उत्पादन की रोकथाम की दिशा में प्रयास किए जा रहें हैं। एनसीबी और अपराध अनुसंधान विभाग साथ मिलकर इस दिशा में कम कर रहे हैं।

**एक्शन प्लान तैयार, बच्चों के बीच अवेयरनेस की जरूरत: पुरवार**

स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि राज्य में मादक पदार्थों के सेवन की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग गंभीर है। सभी विभागों के साथ समन्वय बनाते हुए इस दिशा में कार्य किए जाएंगे। वहीं, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल पुरवार ने कहा कि विद्यार्थियों के बीच ड्रग्स के दुष्प्रभाव को रोकने का काम हो रहा है। शिक्षण संस्थाओं के आसपास अवेयरनेस को लेकर एक्शन प्लान तैयार किया गया है। लॉ स्टूडेंट के साथ मिलकर जागरूकता प्रोग्राम चलाया जाएगा। स्कूली शिक्षा एवम साक्षरता विभाग के सचिव मनोज कुमार ने कहा कि मादक पदार्थ की उपलब्धता और जागरूकता की कमी के कारण स्कूल, कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों में ड्रग्स एडिक्ट में मामले देखे जा रहे हैं। इस दिशा में अवेयरनेस प्रोग्राम चलाने की जरूरत है। इसलिए 19 जून से 26 जून तक विभिन्न एक्टिविटी के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम चलाया जायेगा और 26 जून को विश्व मादक निषेध दिवस के दिन कई कार्यक्रम किए जाएंगे। महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव ने कहा कि मादक पदार्थों के उपभोग के मामले राज्य के लिए चिंताजनक हैं और इसके निवारण के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। प्रत्येक जिला में जिला स्टार पर नर्कोड कमेटी तथा राज्य स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी बनाई गई है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन किया गया है। नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जोनल डायरेक्टर अभिषेक आनंद ने नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में ड्रग्स की रोकथाम के लिए सिविल सोसाइटी ऑर्गेनाइजेशन की जरूरत को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में डीजी सीआईडी अनुराग गुप्ता, पुलिस विभाग के कई पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के कई पदाधिकारी, काई स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधिगण सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# अधिकांश प्रत्याशियों पर दर्ज हैं आपराधिक केस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 के सातवें चरण में झारखंड के संताल की तीन संसदीय सीटों पर एक जून को मतदान होना है। इस चरण में दुमका, गोड्डा और राजमहल सीट पर मतदान होगा। यहां चुनाव लड़ रहे अधिकांश प्रत्याशियों के खिलाफ आपराधिक ममाले दर्ज हैं।

**ये हैं प्रमुख प्रत्याशी जिनके खिलाफ अपराधिक केस दर्ज हैं**

कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव के खिलाफ आईपीसी की धारा 354, 307, 332, 333, 376, 511, 354, 379, 506, 225, 353, 147, 149, 323, 143, 341, 188, 427, 151, 152, 148, 120, 509, 224 के तहत पांच मामले दर्ज हैं। **बीजेपी प्रत्याशी निशिकांत दुबे के खिलाफ आईपीसी की धारा** 506, 171, 409, 420, 467, 468, 332, 153, 406, 188, 147, 447, 34, 427, 323, 149, 120, 148, 335, 166, 290, 336, 341, 342, 471, के तहत आठ मामले दर्ज हैं। **बीजेपी प्रत्याशी सीता सोरेन के खिलाफ आईपीसी की धारा** 451, 452, 467, 468, 477, 195, 365, 506, 171, 406, 480, 465, 323, 342, 120 और 403 के तहत कुल चार मामले दर्ज हैं।

**निर्दलीय प्रत्याशी अभिषेक आनंद झा के खिलाफ आईपीसी की धारा** 420, 467, 468, 171, 471, 120, 419,465, 34 के तहत कुल चार मामले दर्ज हैं।

**जेएमएम प्रत्याशी नलिन सोरेन के खिलाफ आईपीसी की धारा** 409, 420, 467, 468, 406, 120, 423, 424, 465, 471 के तहत दो मामले दर्ज हैं। **बीजेपी प्रत्याशी ताला मरांडी के खिलाफ आईपीसी की धारा** 406, 409, 467, 468, 420 के तहत एक मामला दर्ज है। वहीं **निर्दलीय प्रत्याशी लोबिन हेंब्रम** के खिलाफ धारा 379, 506, 171, 188, 147, 148, 341, 323, 504, 143 के तहत दो मामले दर्ज हैं।

# तबादले के लिए शिक्षकों से मिले 1951 प्रस्ताव होगी स्क्रूटनी, प्रमंडलवार दल का हुआ गठन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों के अंतर जिला और अंतः जिला स्थानांतरण के लिए 1951 प्रस्ताव मिले हैं। जिलों से मिले ऑनलाइन आवेदनों की स्क्रूटनी के लिए प्रमंडलवार दल का गठन भी कर दिया गया है। इस संबंध में आदेश प्राथमिक शिक्षा निदेशक शशि प्रकाश सिंह ने बुधवार को जारी कर दिया।

**उत्तरी छोटानागपुर :** नंद किशोर लाल (संयुक्त सचिव), नेल नमन रसिकन बाबा (प्रशाखा पदाधिकारी) और मो खुर्शीद आलम (कंप्यूटर ऑपरेटर)

**कोल्हान प्रमंडल :** मुकेश कुमार सिन्हा (ओएसडी), दिनेश उरांव (प्रशाखा पदाधिकारी) और शैलेश कुमार।

**दक्षिणी छोटानागपुर :** जागो चौधरी (अवर सचिव), सुमन माधुरी भेंगरा और अंशु कुमार।

**संथाल परगना :** अलका जायसवाल (उप निदेशक), रजनीश कुमार (प्रशाखा पदाधिकारी) और राजेश कुमार।

**पलामू प्रमंडल :** अरूण कुमार (अवर सचिव), लक्ष्मी वर्णवाल (सहायक प्रशाखा पदाधिकारी) और विनीता कुमार (कंप्यूटर ऑपरेटर)

## बाबूलाल मरांडी आज राजमहल लोकसभा में करेंगे दो जनसभा

**रांची।** प्रदेश के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी गुरूवार को राजमहल लोकसभा में दो जनसभा को संबोधित करेंगे। करहरिया मैदान में 11. 30 बजे से होगी। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी राकेश प्रसाद, प्रत्याशी ताला मरांडी मौजूद रहेंगे। दूसरी जनसभा पाकुड़ जिले के महेशपुर विधानसभा के कांकजोल हटिया फुटबॉल मैदान में 1. 00 से होगी। इस अवसर पर प्रत्याशी ताला मरांडी मौजूद रहेंगे।

# एनटीपीसी के लिए ग्राम सभा का विवरण अदालत में प्रस्तुत करे सरकार : हाई कोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने एनटीपीसी के पकरी बरवाडीह कोल परियोजना के लिए हुए ग्रामसभा के प्रक्रिया का विवरण सरकार से कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और अरुण कुमार राय की बेंच ने पिछली सुनवाई में सरकार से ग्राम सभा की प्रक्रिया का विवरण मांगा था। जिसके बाद सरकार ने जिला प्रशासन द्वारा जारी पत्र कोर्ट में पेश किया। जिसपर कोर्ट ने सरकार से ग्राम सभा की प्रक्रिया का विवरण सरकार से कोर्ट में उपलब्ध कराने को कहा है। कोर्ट ने यह आदेश मंटू सोनी द्वारा फर्जी ग्रामसभा कर लोगों के फर्जी हस्ताक्षर कर एनटीपीसी द्वारा फॉरेस्ट क्लियरेंस लिए जाने का आरोप लगाते हुए दायर जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान दिया है। अधिवक्ता नवीन कुमार सिंह और दीपक कुमार ने याचिककर्ता की तरफ से बहस की। साथ ही कोर्ट ने एनटीपीसी के बारियातू माइंस के नजदीक विलुप्त प्राय आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय की बस्ती को लेकर भी सरकार से जवाब मांगा है।

हाईकोर्ट ने इस मामले में झालसा को प्रतिवादी बनाया है। साथ ही अपराध अनुसंधान विभाग (सीआइडी) से पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने झालसा को इस मामले में प्रतिवादी बनाते हुए मेम्बर सेक्रेट्री से मंतव्य की मांग की है। वहीं क्षेत्र की दुमुहानी नाला को नष्ट कर अवैध खनन के दोषियों को सरकारी आदेशों का गलत व्याख्या करने के मामले में भी अदालत ने सरकार से जवाब मांगा है।

**आरसीसीएफ ने कोर्ट को दिया अधूरा जवाब :** कोर्ट ने पिछली सुनवाई में फर्जी ग्राम वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति की जांच रिपोर्ट पर कार्रवाई नही करने एवं रिपोर्ट बदलने के मामले में प्रधान मुख्य वन संरक्षक झारखंड को व्यक्तिगत शपथ पत्र दायर कर जवाब देने का निर्देश दिया था। प्रधान मुख्य वन संरक्षक के बदले क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक ने कोर्ट में आधा अधूरा और भ्रामक जवाब शपथपत्र के माध्यम से दिया, जिसको लेकर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता नवीन कुमार सिंह और दीपक कुमार ने कोर्ट में लिखित रूप से बताया कि क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक ने कोर्ट को अधूरा और भ्रामक जवाब दिया है। जांच अधिकारी एके परमार के रिपोर्ट बदलने के मामले में कहा गया है कि उन्होंने गलत रिपोर्ट बनाया है जिसके लिए उनको शो कॉज किया गया है।

## चेक बाउंस के मामले में आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत ने बुधवार को चेक का दुरुपयोग से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुये आरोपी शैलेंद्र को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। शैलेंद्र की ओर से अधिवक्ता कुशल कुमार अग्रवाल ने पक्ष रखा था। बताया कि खादगढ़ा स्थित मंगलम अपार्टमेंट में रहनेवाले दीपक कुमार पोद्दार ने अपने पड़ोसी शैलेंद्र को 7.36 लाख रुपये का चार चेक दिया था। चेक का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुये दीपक कुमार पोद्दार ने 14 जून 2021 को वकील के माध्यम से कोर्ट केस शिकायतवाद 3079/21 किया था। सुनवाई के दौरान अदालत में शैलेंद्र पर लगाये आरोप साबित नहीं किया जा सका।

**मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव ने जामा में कहा**

# जो भगवान राम का नहीं वह किसी काम का नहीं



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/दुमका।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दुमका लोकसभा के जामा में बुधवार को आयोजित जनसभा में कहा कि जो भगवान राम का नहीं, वह किसी काम का नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी भाजपा की अगली सरकार बनने वाली है। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान भगवान राम और कृष्ण से है। विदेश में सिर्फ भगवान राम और कृष्ण की धरती बताने से लोग समझ जाते हैं कि यह व्यक्ति भारत से आया है। लेकिन कांग्रेस और उनके साथी आज भी यही मानकर चलते हैं, जो गुलामी के दौर में होता था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उनके साथी गठबंधन के लोग प्रभु राम के मामले में अड़ंगा लगा रहे थे।

**दलित और आदिवासी विरोधी है इंडी गठबंधन की सरकार : बाउरी**

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड के इंडी गठबंधन की सरकार आदिवासी और दलित विरोधी है। इस सरकार के साढ़े चार साल के कार्यकाल में आदिवासी और दलितों पर अत्याचार बढ़े हैं। बेटियां सुरक्षित नहीं है। सरकार घुसपैठियों को बढ़ावा दे रही है। बेटियों को अपने जाल में फंसा कर उनकी जमीन हथिया रहे हैं।

**मातृशक्ति को जीताकर दिल्ली भेजें : अन्नपूर्णा देवी**

केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मातृशक्ति को निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। इस क्षेत्र से सीता सोरेन को रिकॉर्ड मतों से जीताकर दिल्ली भेजना है। पहले मतदान करें फिर जलपान करें।

# मंत्री आलमगीर को आज कोर्ट में पेश करेगी ईडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ठेकों में कमीशनखोरी की बहुत बड़ी राशि की मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में गिरफ्तार मंत्री आलमगीर आलम से ईडी की पूछताछ 13वें दिन भी जारी रही। आज पूछताछ का अंतिम दिन है। कोर्ट ने पिछली बार तीन दिन की पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की अनुमति ईडी को दे रखी है। ईडी गुरुवार को आमलगीर आलम को कोर्ट में पेश करेगी। पुलिस रिमांड की अवधि शाम छह बजे तक है। पेशी के साथ ही उनको बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया जायेगा। ईडी ने आलमगीर को पहली बार छह दिन, दूसरी बार पांच दिन एवं तीसरी बार तीन दिन की पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है।


**आपकी विकास पार्टी**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल आपकी विकास पार्टी के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय ग्राम [illegible] पोस्ट करमा थाना व जिला कोडरमा राज्य झारखंड पिन नं0-825409 अधिनियम, 1951 की धारा 29क के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है। पार्टी के पदाधिकारियों के नाम/पता दिए गए हैं:-

सभापति/अध्यक्ष : गुलाम मुस्तफा

महासचिव/सचिव : विकास कुमार

कोषाध्यक्ष : साजिद हुसैन

यदि किसी को आपकी विकास पार्टी (प्रस्तावित पार्टी का नाम) के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल) भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001 को इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

अध्यक्ष
गुलाम मुस्तफा
9955410786,9431945346

कार्यालय/आवास
RIT रोड [illegible], पो० करमा, थाना कोडरमा
जिला कोडरमा, झारखण्ड, पिन कोड 825409



**कार्यालय,नगर पंचायत डोमचाँच**
**(ईमेल आई डी :–nagarpan.dm@gmail.com)**

पत्रांक........... न0/पं0 दिनांक : ........../......./2024

**प्रेस विज्ञप्ति**

डोमचाँच नगर पंचायत अंतर्गत बोरिंग में प्रयुक्त रीग मशीन धारक एवं भवन/भूमि मालिक को सूचित किया जाता है कि आज दिनांक 28.05.2024 से निम्नलिखित नियम बोरिंग को लेकर पालन करना सुनिश्चित करेगें।

1. कोई भी रीग मशीन धारक नगरपालिका की भूमि तथा सडक, नाली, तालाब या अन्य किसी प्रकार की नगर पंचायत डोमचाँच की संपति पर 4 इंच/ 6 इंच का बोरिंग कार्य भवन मालिक के कहने पर नहीं करेगें अन्यथा प्रयुक्त रीग मशीन धारक पर 6 इंच के बोरिंग के संबंध में रू0 1,00,000/– के अतिरिक्त रू0 25,000/– आर्थिक दण्ड कुल रू0 1,25,000/– (आर्थिक दण्ड) लगाया जायेगा। 4 इंच के बोरिंग के संबंध में यह दण्ड की राशि रू0 25,000/– होगी एवं बोरिंग को सील कर दी जायेगी।
2. यदि भवन मालिक सडक,नाली,तालाब या नगरपालिका की अन्य संपति पर बोरिंग करवाते हैं तो बॉरिंग करने के पूर्व उन्हें स्वतः यह इसकी जाँच करायी जायेगी। जाँच मे यह प्रमाणित हो जाता है कि बोरिंग कराया जानेवाला स्थान रैयती है तभी कराने की अनुमति दी जायेगी अन्यथा नही करा सकते है।

पूर्व से निबंधित Rig Machine को भी कार्य करने के पूर्व यह सुनिश्चित करना आवश्यक होगा कि उक्त कार्य के लिए उन्हें विधिवत अनुमति संबंधी आदेश पत्र प्राप्त हो।

दण्ड की राशि की वसूली तक उक्त अभियान में पकडी गई गाडी संबंधित थाना को संबंधित नोडल पदाधिकारी द्वारा सुपूर्द की जायेगी। प्रशासक, नगर पंचायत डोमचाँच आदेश के बाद ही गाडी संबंधित थाने से मुक्त हो सकेगा।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू रहेगा।

प्रशासक,
नगर पंचायत डोमचांच।

PR.NO.325164 Urban Development(24-25):D


**छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने संथाल में तीन जनसभा की, कहा**

# झामुमो-कांग्रेस गठबंधन चोर-चोर मौसेरे भाई

**झारखंडवासियों को पता है कि जमीन लूटने वाला एक मात्र आदमी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन है**

**दावा : झारखंड की सभी लोकसभा सीट जीत रही भाजपा, झारखंड का दुर्भाग्य है कि यहां के पूर्व मुख्यमंत्री जमीन लूटने के मामले में पहुंचे जेल**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/साहिबगंज।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बुधवार को झारखंड में 3 जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने साहिबगंज के बरहेट, पाकुड़ जिले के अमरापाड़ा और दुमका जिले के शिकारीपाड़ा में सभा कर भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगा। उन्होंने झारखंड की जनता से प्रदेश की सभी चौदह सीटें भाजपा को जिताकर पीएम मोदी को देने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि झारखंड के लोगों को झामुमो-कांग्रेस गठबंधन की सरकार ने खूब भरमाया। हमेशा यही भ्रम फैलाते हैं कि मोदी जी और भाजपा सरकार आई तो यहां के जल, जंगल, जमीन को लूट लेगी। जबकि पूरे झारखंडवासियों को पता है कि यहां के जमीन को लूटने वाला एक मात्र आदमी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हैं।

झारखंड के लिए दुर्भाग्य की बात है कि आज यहां के पूर्व मुख्यमंत्री जमीन लूटने के मामले में, माइंस के लिये जमीन लेने के मामले में जेल में हैं। उन्होंने कहा कि यहाँ की सरकार में मंत्री आलमगीर आलम के पीए के घर से करोड़ों रूपये निकलता है। कांग्रेस के एक सांसद धीरज कुमार के यहां छापा पड़ता है तो उसके यहां से तीन सौ इक्यावन करोड़ रूपए घर से निकलता है। ये सारा जनता का पैसा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और जेएमएम ने आदिवासियों का कोई विकास नहीं किया। उसे केवल बंधुआ मजदूर समझा, वोट बैंक समझा। भाजपा ने आदिवासियों का भरपूर सम्मान किया।

**मोदी को देश की बागडोर सौंपने का संकल्प**

उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार देश की बागडोर सौंपने का चुनाव है। मोदी जी गरीब परिवार से आते हैं। इसलिए गरीबों की पीड़ा उन्हें पता है। इसके पहले सभा की शुरूआत में कहा कि आज वे अपने ननिहाल प्रदेश में आये हैं। झारखंड उनका ननिहाल है। झारखंड से छत्तीसगढ़ का रोटी-बेटी का रिश्ता है। उन्होंने कहा कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र के कुरडेग प्रखंड से उनकी माता जी आई हैं और वही उनका मामा गांव है। उनकी दादी मां भी झारखंड की थीं।

सुप्रभात
गुरुवार 30.05.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 40
epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

## सुबह 6:30 बजे खुलेगा स्ट्रांग रूम, 8 बजे से होगी काउंटिंग

# काउंटिंग हॉल में नहीं ले जा सकेंगे मोबाइल फोन

▶▶ गणना केंद्र में खाद्य पदार्थ ले जाने पर भी पाबंदी

**विशेष संवाददाता**



**धनबाद।** शहर के किनारे स्थित कृषि बाजार समिति प्रांगण में मतगणना के दिन 4 जून को मतदान केंद्र के कॉउंटिंग हाल में मोबाइल ले जाने पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी। इसके अलावा बाहर से खाद्य पदार्थ भी हाल में नहीं ले जा सकेंगे। 4 जून को सुबह 6.30 बजे कृषि बाजार समिति में काउंटिंग एजेंट के सामने धनबाद, निरसा, सिंदरी, झरिया, बोकारो तथा चंदनकियारी के स्ट्रांग रूम खोलने की प्रक्रिया शुरू होगी। सुबह 8:00 बजे से कॉउंटिंग शुरू हो जाएगी। उपरोक्त जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने आज मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व निर्दलीय उम्मीदवारों के साथ हुई बैठक में दी।

उन्होंने कहा कि काउंटिंग में धनबाद, निरसा, सिंदरी, झरिया तथा चंदनकियारी के लिए 20-20 तथा बोकारो के लिए 24 टेबल होंगे। 1 आरो टेबल रहेगा। पोस्टल बैलट की काउंटिंग 40 टेबल पर की जाएगी। सभी अभ्यर्थी काउंटिंग एजेंट की सूची 1 जून की संध्या 5:00 बजे तक जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएंगे। जिसमें एजेंट कौन विधानसभा के किस टेबल पर रहेंगे, का उल्लेख भी करना होगा। 2 जून को प्राप्त सूची के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा फोटो युक्त आइडेंटी कार्ड जारी किया जाएगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुश्री मिश्र ने बताया कि पोस्टल बैलट के लिए पुराने समाहरणालय के ट्रेजरी में स्ट्रांग रूम बनाया गया है। 4 जून को सुबह 6:00 बजे ट्रेजरी से काउंटिंग एजेंट के सामने मेजिस्ट्रेट, पुलिस फोर्स के साथ जीपीएस लगे वाहन में पोस्टल बैलेट कृषि बाजार समिति लाए जाएंगे। काउंटिंग के दौरान धनबाद, झरिया व निरसा के लिए काउंटिंग ऑब्जर्वर के. थवसीलन तथा सिंदरी, बोकारो व चंदनकियारी के लिए काउंटिंग ऑब्जर्वर डी.जे. वसावा मौजूद रहेंगे। वहीं हर काउंटिंग टेबल पर एक माइक्रो आब्जर्वर भी मौजूद रहेंगे। प्रत्येक राउंड की गिनती की इनकोर पर ऑनलाइन एंट्री की जाएगी। उपायुक्त ने काउंटिंग के दौरान भारतीय चुनाव आयोग के दिशा निदेर्शों से सभी को अवगत करायाठक में अन्य लोगों के अलावा सेल के नोडल पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि नरेन्द्र त्रिवेदी, इंडियन नेशनल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह के अलावा अन्य उम्मीदवार मौजूद थे।

### नगर आयुक्त ने आपात बैठक में अधिकारियों संग बनाई रणनीति

## आवारा पशुओं को पकड़कर गोशाला में छोड़ा जाएगा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** आवारा पशुओं के आतंक से लोग परेशान हैं। लोगों को इस परेशानी से निजात दिलाने के लिए नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने आज बुधवार को अपने कार्यालय में आपात बैठक की। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, पशु पालन विभाग के पदाधिकारी और गोशाला प्रबंधन के लोग मौजूद थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि सड़कों पर विचरण करनेवाले आवारा पशुओं को पकड़कर गोशाला में छोड़ा जाएगा और यह काम आज से ही शुरू हो जाएगा। नगर आयुक्त ने बताया कि शहर की गोशालाओं में शेड बनाने जरूरत बताई गई है। इसके लिए जेई को अधिकृत किया गया है। आवारा पशुओं के स्वास्थ्य की जांच के लिए भी कहा गया है।

मालूम हो कि पिछले दिनों एक सांड़ ने तेलीपाड़ा में वृद्ध महिला जगनी महतो को पटक-पटक कर मार डाला था। विरोध में तेलीपाड़ा के लोगों ने नगर निगम में प्रदर्शन किया और आश्रित को पांच लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की। लोगों ने दो दिन का अल्टीमेटम देते हुए आवारा पशुओं के आतंक से निजात दिलाने की मांग की थी।

### स्पीड न्यूज

#### सिंदरी में बिजली संकट दूर करने की मांग

**धनबाद।** सिंदरी में बिजली समस्या के निराकरण को लेकर बुधवार को विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने जेबिवीएनएल के जीएम अशोक कुमार सिन्हा से वार्ता की। उन्होंने जीएम को बताया कि विगत तीन दिनों से सिंदरी क्षेत्र में अंधकार छाया है। उन्होंने जर्जर तार बदलने, लो वोल्टेज की समस्या दूर करने तथा निर्बाध बिजली आपूर्ति की मांग की। जीएम ने प्रतिनिधि मंडल को समस्या का समाधान एक सप्ताह के भीतर कर लेने का आश्वासन दिया। बिजली व्यवस्था में व्यापक सुधार के लिए एक माह का समय मांगा है। जीएम ने बताया कि सिंदरी क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए हर्ल में बने नए सब स्टेशन को पावर ग्रिड से जोड़ने का काम चल रहा है।

#### आरएस मोर कॉलेज में मनाई गई महावीर प्रसाद महतो की पुण्यतिथि



**गोविंदपुर।** आरएस मोर कॉलेज में बुधवार को कॉलेज के संस्थापक महावीर प्रसाद महतो की 28वीं पुण्यतिथि मनाई गई। प्राचार्य डॉ प्रवीण सिंह ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय परिवार महावीर प्रसाद महतो का सदैव ऋणी रहेगा। उनके अथक प्रयासों से ही महाविद्यालय अस्तित्व में आया है और अब इसे नई ऊंचाई पर ले जाना है। शंकर रविदास ने कहा कि महावीर प्रसाद महतो की सोच और विचारधारा सदियों तक विद्यमान रहेगी। श्रद्धांजलि सभा में डॉ संजू कुमारी, डॉ रत्ना कुमार, डॉ तरुण कान्ति, डॉ अमित प्रसाद, डॉ त्रिवेणी महतो, डॉ कुहेली बनर्जी, प्रो सत्य नारायण गोराई, डॉ अवनीश मौर्य, मो शारिक, सुजीत मंडल आदि मौजूद थे।

#### काउंटिंग माइक्रो ऑब्जर्वरों का प्रशिक्षण

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा आम निर्वाचन के आलोक में आज श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय में काउंटिंग माइक्रो आब्जर्वर, काउंटिंग सुपरवाइजर तथा काउंटिंग असिस्टेंट को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर सिंदरी विधानसभा के एआरओ-सह-अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने कहा कि सभी कर्मी ध्यानपूर्वक अपने दायित्व का निर्वाहन करें जिससे मतगणना के कार्य में कोई चूक ना हो।

### ढुल्लू महतो पर जमीन कब्जा करने का आरोप

## राजभवन ने डीसी को दिया जांच व कार्रवाई का आदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो द्वारा लोगों पर दबंगई, अत्याचार व जमीनों पर बल पूर्वक कबजा करने की मिली शिकायत की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश उपायुक्त को दिया है। झारखंड विधान सभा की लोक उपक्रम समिति के सभापति सरयू राय के शिकायत पत्र के आलोक में राजभवन से डीसी धनबाद को आदेश निर्गत हुआ है। श्री राय ने राज्यपाल को संबोधित अपने पत्र में कहा कि बाघमारा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान उन्हें ज्ञात हुआ कि क्षेत्र के वर्तमान विधायक और धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो द्वारा वहां के लोगों पर दबंगई एवं अत्याचार कर परेशान किया जा रहा है। श्री महतो द्वारा जबरन लोगों की निजी, रैयती एवं सरकारी जमीन पर भी कब्जा किया जा रहा है। ग्रामीणों की शिकायतों के बावजूद सरकार एवं पुलिस प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नही की जा रही है।

इस बाबत राज्यपाल सचिवालय की संयुक्त सचिव अर्चना मेहता ने धनबाद की उपायुक्त को मामले की सम्पूर्ण जांच करते हुए विधि सम्मत कार्रवाई करने को कहा है।

## मासिक धर्म कोई बीमारी या पाप नहीं: ऋतु अग्रवाल



▶▶ मारवाड़ी महिला समिति ने बांटे वस्त्र एवं नैपकिन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** मारवाड़ी महिला समिति कतरास शाखा की ओर से बुधवार को मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर रानी बाजार राजेंद्र नगर में समारोह का आयोजन किया। समारोह में माहवारी के प्रति महिलाओं को जागरूक किया गया।

मारवाड़ी महिला समिति की अध्यक्ष ऋतु अग्रवाल ने महिलाओं को मासिक धर्म के बारे में बिस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में महिलाओं को साफ सुथरे कपड़े व नैपकिन का उपयोग करना चाहिए। मासिक धर्म कोई बीमारी या पाप नहीं है। इसके पूर्व जरूरतमंद महिलाओं एवं बच्चों के बीच वस्त्र एवं नैपकिन का वितरण किया गया। समारोह में मारवाड़ी महिला समिति किया प्रियंका चौधरी, कविता अग्रवाल, राखी चौधरी, पूनम अग्रवाल, दीपा अग्रवाल आदि मौजूद थी।

### एक नजर में

#### गिरिडीह के प्रसिद्ध युवा चिकित्सक डॉक्टर अमित गोंड नहीं रहे

▶▶ हैदराबाद के अस्पताल में चल रहा था पैन्क्रियाज बीमारी का इलाज



**गिरिडीह।** शहर के जाने-माने चिकित्सक डॉक्टर अमित गोंड का निधन हो गया है। उन्होंने बुधवार (29 मई) को हैदराबाद के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। शहर के युवा और उभरते हुए जाने-माने चिकित्सकों में एक डॉ गोंड पिछले कुछ दिनों से पैन्क्रियाज की बीमारी से पीड़ित थे। हैदराबाद में उनका इलाज चल रहा था, जहां आज उनका निधन हो गया। बता दें कि डॉ अमित गोंड ने गिरिडीह शहर में आधुनिक सुविधाओं से लैस विशाल हॉस्पिटल का निर्माण कराया था। 1 जून को इस हॉस्पिटल का उद्घाटन होना था। परंतु उसके पहले ही वह चल बसे। उनके निधन की सूचना मिलते ही गिरिडीह जिले के चिकित्सकों में शोक की लहर दौड़ गई। जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स सहित राजनीतिक दलों के नेताओं, पत्रकारों आदि कई गणमान्य लोगों ने युवा चिकित्सक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

#### डीसी ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण




**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने आज कृषि बाजार समिति में विधानसभा वार बनाए गए मतगणना हॉल का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने स्ट्रांग रूम से मतगणना हॉल तक जाने वाले मार्ग, सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा, फायर सेफ्टी, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही अलग-अलग स्ट्रांग रूम, मतगणना हॉल, टेबल नंबर इत्यादि के लिए साइन बोर्ड लगाने, स्ट्रांग रूम से मतगणना हॉल तक जाने वाले मार्ग पर शेड बनाने, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करने तथा मतगणना के लिए चयनित कर्मियों का अपोइंटमेंट लेटर शीघ्र जारी करने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि 4 जून को कृषि बाजार समिति में सुबह 8 बजे से वोटों की गिनती की जाएगी। बोकारो के लिए 24 तथा धनबाद, झरिया, सिंदरी, निरसा व चंदनकियारी विधानसभा के लिए 20-20 टेबल में गिनती की जाएगी। सभी टेबल पर 25 राउंड में गिनती होगी। इस अवसर पर उपायुक्त के साथ आरओ सेल के नोडल पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, डीपीआरओ सुनिल कुमार सिंह सहित अन्य विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

#### सीसीएल डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं का एलुमिनी मीट

▶▶ विद्यालय के दिनों की याद ताजा की, गुरुजनों ने दी शुभकामनाएं



**गिरिडीह।** सीसीएल डीएवी पब्लिक स्कूल के 1999 बैच के पास आउट छात्र छात्राओं ने शहर के होटल गार्डन व्यु में रजत जयंती के अवसर पर एलुमिनी मीट का आयोजन किया। बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल डीएवी के पूर्व प्राचार्य अभिनव कुमार और वर्तमान प्राचार्य ओपी गोयल मौजूद थे। सबसे पहले छात्र छात्राओं ने गुरुजनों का पांव छू कर उनका आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। पूर्ववर्ती छात्र छात्राओं ने एक दूसरे को गले लगाकर पुरानी यादों को ताजा किया। पूर्व और वर्तमान प्राचार्य ने छात्र छात्राओं को सफलता की ऊंचाइयों पर पहुंचने की शुभकामनाएं दी। शिक्षिका सुषमा सिन्हा ने छात्र-छात्राओं को उनके विद्यालय के दिनों की याद ताजा कराई। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने एक दूसरे से अपनी यादें साझा की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में छात्र आफताब अंसारी, अभिषेक कुमार, मिथिलेश चंद्र, कुमार अभिषेक, सौरभ श्रीवास्तव, महेश कुमार, कुमार उत्तम, पुष्पा शर्मा, कुमारी पूनम, शादाब अंजुम, रेनू कुमारी, पायल जालान, नूरजहां समेत अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## तोपचांची झील में डूबा धनबाद का युवक, खोज में जुटी पुलिस



▶▶ भीषण गर्मी में राहत के लिए चार दोस्त आए थे घूमने

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तोपचांची।** तोपचांची झील घूमने आए धनबाद के युवक की मौत तोपचांची झील में नहाते वक्त डूबने से हो गई। युवक की पहचान डायमंड क्रॉसिंग भूली मोड़ निवासी 25 वर्षीय आबिद खान के रूप में हुई है। उसके दोस्तों ने बताया कि भीषण गर्मी में राहत के लिए एक टोटो पर चार दोस्त तनवीर खान, जफर हुसन, दानिश कुरैशी और आबिद खान तोपचांची झील घूमने आए थे। सभी दोस्त झील में नहाने के लिए उतर गए। नहाने के दौरान आबिद झील में डूब गया। अन्य लड़कों ने हल्ला भी किया, मगर कोई बचाने नहीं आया। थक हार कर तोपचांची थाना को सूचना दी गई। पुलिस पब्लिक की मदद से युवक को ढूंढने का प्रयास कर रही है। तोपचांची झील सुरक्षा के नाम पर भगवान भरोसे है। झील में सुरक्षा के नाम पर कोई गार्ड तक नहीं है। झील में घुसने के बाद सब कुछ भगवान भरोसे है।

## बिजली विभाग हर्ल सबस्टेशन से करेगा विद्युत संकट का स्थायी समाधान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिंदरी।** सिंदरी टाउनशिप में लगभग 50 घंटे के बाद मंगलवार को विद्युत आपूर्ति शुरू हुई, मगर लो वोल्टेज की समस्या जी का जंजाल बन गई है। समस्या समाधान के लिए हर्ल प्रबंधन टी 1 ट्रांसफॉर्मर जल्द दे सकता है। झारखंड बिजली विभाग डिगवाडीह डीवीसी यार्ड से केडी कॉलोनी के पीछे हर्ल सबस्टेशन को जोड़कर सिंदरीवासियों के लिए स्थायी समाधान कर सकता है।

सिंदरी में बेहतर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को लेकर कई टुकडों में प्रतिनिधिमंडल हर्ल, जेबीवीएनएल सहित अन्य अधिकारियों से संपर्क कर रहा है। विधायक पत्नी तारा देवी ने बिजली विभाग के महाप्रबंधक अशोक कुमार सिन्हा से बुधवार को मुलाकात की। बिजली जीएम ने हर्ल प्रबंधन से टी 1 ट्रांसफॉर्मर को एक माह के लिए अंडरटेकिंग पत्र भेजा है।

हर्ल वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक ने बताया कि डीवीसी से बात कर रास्ता निकाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि सिंदरी में विद्युत आपूर्ति के लिए स्थायी समाधान की ओर भी बढ़ने की जरूरत है। हर्ल द्वारा दी गई राशि 7.3 करोड़ से निर्मित केडी कॉलोनी के पीछे स्थित हर्ल सबस्टेशन का इस्तेमाल बिजली विभाग करे। सूत्रों के अनुसार विभाग को मोटी बैंक गारंटी देनी होगी। शहर में बुधवार की सुबह जलापूर्ति नहीं होने से हर्ल प्रबंधन भी चिंतित है और इसके लिए टैंकरों की व्यवस्था कर सकता है।

#### खराब टी 3 ट्रांसफॉर्मर की रिपेयर का आकलन करने आई टीम

सिंदरी में विद्युत आपूर्ति की विकराल समस्या का कारण बना हर्ल परिसर स्थित टी 3 ट्रांसफॉर्मर की रिपेयर का आकलन करने टीम बुधवार की शाम हर्ल परिसर पहुंची। जानकारी देते हुए क्षेत्रीय कनीय अभियंता शशि मुंडा ने बताया कि बुश की उपलब्धता के अनुसार एक सप्ताह में ट्रांसफॉर्मर को ठीक किया जा सकता है।

### पानी के अभाव में छह साल से बाट जोह रही हैं क्षेत्र की गर्भवती महिलाएं

## आरोग्य आयुष्मान मंदिर कनकनी में शुरू नहीं हो सका प्रसूति विभाग

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**धनबाद।** आरोग्य आयुष्मान मंदिर कनकनी में पानी की समस्या के कारण प्रसूति विभाग शुरू नहीं हो पा रहा है। करीब छह साल से यह काम अटका पड़ा है। प्रसूति विभाग चालू होने से लोयाबाद सहित कनकनी, मदनाडीह बांसजोड़ा, निचितपुर, गड़ेरिया, एकड़ा बासदेवपुर लोयाबाद 3 नंबर 5 नंबर, 6 नंबर 7 नंबर 8 नंबर 9 नंबर 20 नंबर कनकनी चार नंबर कनकनी हनुमान बाजार, सहित अन्य जगहों के परिवारों को प्रसव के लिए पांच किलोमीटर दूर नहीं जाना पड़ेगा। इस समय गर्भवती महिलाओं को करकेन्द स्वास्थ्य केन्द्र जाना पड़ता है। प्रसूति विभाग करीब छह वर्षों से बनकर तैयार है। मगर पानी की समस्या के चलते चालू नहीं हो पा रहा है। कर्मचारियों की मानें तो पानी का कनेक्शन निगम जलापूर्ति योजना द्वारा दिया गया है। परंतु प्रेशर नहीं रहने की वजह से पानी नहीं मिल पा रहा है। अब निगम कोई दूसरी पाइप जोड़ने की बात कहकर टाल रहा है। स्वास्थ्य विभाग को यहां एक हजार लीटर पानी की आवश्यकता होगी।

#### पानी आते ही शुरू होगा प्रसूति विभाग

पानी की समस्या खत्म होते ही, विभाग को कुछ जरूरतें पूरी करनी होगी। दो डॉक्टर दो जीएनएम एक फार्मासिस्ट, चार एएनएम, चार गार्ड, एक एम्बुलेंस, दो फीमेल वार्ड अटेंडर की जरूरत पड़ेगी। यह सब तभी पूरा होगा, जब पानी की समस्या दूर होगी। इस समय आरोग्य मन्दिर में सर्दी खांसी बुखार, फैमली प्लानिंग, सुगर बीपी, एचआईवी जांच एवं उससे बचने के सुझाव, निशुल्क दवा, सलाह आदि दी जाती है।

#### पेयजल की व्यवस्था नहीं

इस आरोग्य मन्दिर में पेयजल की व्यवस्था भी नहीं है। पेयजल के अभाव में प्यासे रहना पड़ता है। गम्भीर मरीजों काफी परेशानी होती है। स्वास्थ्य कर्मचारी भी अपने साथ पानी की बोतल लेकर आते हैं।

### दामोदर वैली वास्तुहारा संग्राम समिति ने लिया आरपार की लड़ाई लड़ने का निर्णय

# 'जमीन हमारी, राज तुम्हारा नहीं चलेगा' नारे के साथ विस्थापित करेंगे आंदोलन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मैथन।** दामोदर वैली वास्तुहारा संग्राम समिति के बैनर तले बुधवार को डीवीसी के विस्थापितों ने नियोजन व मुआवजा को लेकर मैथन डाइक एरिया में बैठक की। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष वासुदेव महतो ने की। बैठक में 10 जून से अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया गया। विस्थापितों ने संकल्प लिया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती, आंदोलन जारी रहेगा।

विस्थापितों ने 'जमीन हमारी, राज तुम्हारा नहीं चलेगा' के नारे लगाए। समिति के अध्यक्ष ने कहा कि इस बार की लड़ाई आर या पार की होगी। उन्होंने कहा कि डीवीसी की स्थापना उनकी जमीन पर 1948 में हुई। उस समय कहा गया था कि सभी विस्थापितों को उचित मुआवजा एवं नियोजन दिया जाएगा। परंतु 75 साल बाद भी विस्थापित लड़ाई लड़ रहे हैं। कहा कि लंबी लड़ाई के बाद 1978 में 701 विस्थापितों की सूची तैयार की गई। परंतु 46 साल बाद भी कुछ नहीं मिला। डीवीसी प्रबंधन शुरू से टालमटोल रवैया अपनाए हुए है। सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है, इस बार रिजल्ट चाहिए।

उन्होंने कहा कि 10 जून को जोरदार प्रदर्शन करते हुए अनिश्चितकालीन धरना पर बैठेंगे, जरूरत पड़ी तो भूख हड़ताल भी करेंगे। बैठक में परेश मराण्डी, रविशंकर सेन, सुनील मराण्डी, प्रवीर भंडारी, मिहिर कुमार मंडल, दुर्गा मराण्डी, रामलाल मोदी, बागल मराण्डी, मुख्तार मियां, मो. इब्राहिम, मो. हामिद अंसारी, सवनी मुन्नी, लखी हेम्ब्रम, मालती मराण्डी, जियामति टुडू, हपनी बास्की, साधनी मुर्मू, माया मल्लिक सहित अभिजीत घोष, संजय यादव, प्रो दीपक सिंह, कुंदन कुमार राज, भागीरथ रजवार, चंद्रशेखर सिंह, प्रभाकर विश्वकर्मा, रामजी यादव, संजीत यादव, मेघनाथ कुमार, विकास कुमार आदि मौजूद थे।

## प्रचंड गर्मी से दहक रही है धनबाद की धरती

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** धनबाद के तापमान में लगातार बढ़ोतरी से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। रात में भी लोगों को राहत नहीं मिल रही है। बुधवार की सुबह से ही तीखी धूप व उसम वाली गर्मी से साथ गर्म हवा के झोकों ने लोगों को परेशान कर दिया। पारा भी 42 डिग्री को छूने लगा है। लू के थपेड़ों और सूरज की तपन ने लोगों को झुलसा दिया। सड़कों पर वाहन चालकों की अग्नि परीक्षा जारी रही। चिलचिलाती धूप, उमस व गर्म हवा के झोंके शरीर को झुलसा रहे हैं।

### सड़कों पर दिखा लॉकडाउन जैसा नजारा

दिन निकलते ही मौसम गर्म होने लगा, दोपहर तक गर्मी तेज हो गई। 12 बजे से शाम चार बजे तक शहर के मुख्य चौक-चौराहों बाजारों पर सन्नााटा पसरा रहा। शहर में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है, जिससे छोटे बच्चों और बुजुर्गों को अधिक परेशानी हो रही है। दिन में शहर के बाजार सूने-सूने नजर आए।

### झुलसाने वाली गर्मी में गमछा, टोपी व आंचल बना सहारा

गांव में गमछा ओढ़कर चलना एक ट्रेडिशन माना जाता है। लेकिन इन दिनों शहर के लोग भी बिना गमछा लिए घरों से नहीं निकल रहे हैं। चिलचिलाती धूप और लू से बचने में गमछा, टोपी व रुमाल एक बड़ा सहारा बन गया है। हालांकि महिलाएं अपने दुपट्टे को धूप से बचने के लिए इस्तेमाल कर रही हैं। बाजार में भी पतले सूती के गमछे की मांग अचानक बढ़ गई है।

## स्पीड न्यूज

### बिजली की समस्या से गुजराती मुहल्ला के लोग परेशान

**कतरास।** कतरास के गुजराती मुहल्ला पचगढ़ी बाजार के उपभोक्ता विभाग के कर्मियों के रवैये से इस भीषण गर्मी में बिना बिजली के रहने को विवश हैं। मुहल्ला निवासी संजीत कुमार एवं अन्य लोगों ने बताया कि उनके मुहल्ले में फेस उड़ गया है, जिसे ठीक करने को लेकर जब बिजली मिस्त्री से सम्पर्क किया गया तो जवाब मिला कि अभी आदमी नहीं है। दूसरे दिन बनेगा। मुहल्ले के लोगों ने बताया कि विभाग के इस रवैये से इस भीषण गर्मी में बिना बिजली के रहना पड़ रहा है।

### वॉकिंग के दौरान वरिष्ठ नागरिकों को गर्मी मे सतर्क रहने की जरूरत

**जमशेदपुर।** यूं तो वर्तमान मौसम का मिजाज बहुत कष्टदायक एवं असहनीय है लेकिन हर व्यक्ति अपने दिनचर्या से भी बँधा होता है। से मौसम में जबकि आकाश से लेकर जमीन तक तप रही हो इस हालत में हर वर्ग के लोगों को अधिक से अधिक सादा पानी, ग्लूकोज पानी एवं नींबू पानी सेवन करने की जरूरत है, चिकित्सकों की भी सलाह यही होता है कि गर्मी के मौसम में खाना कम पानी का सेवन अधिक से अधिक किया जाय। वरिष्ठ नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्रीकांत देव ने मॉर्निंग वॉकिंग के दौरान वॉकिंग के लिए निकले वरिष्ठ नागरिकों से अनुरोध किया है कि वह पानी का एक छोटा बोतल ही सही साथ रखें क्योंकि जिस कदर गर्मी बढ़ती जा रही है। इस हालत में कुछ भी हो जाना संभव है इसीलिए बढ़ते तापक्रम को देखते हुए बहुत सारी सावधानियां बरतनी की जरूरत है।

### गैर सरकारी संगठन के सहयोग से नीरज सिंह ने बांटे सैनिटरी पैड

**जमशेदपुर।** आजाद नगर, मानगों के रोड नंबर 13 में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के प्रतिष्ठित गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) सारथी और प्रयास एक कदम के सहयोग से महिलाओं के बीच भाजपा नेता ने सैनिटरी पैड का वितरण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता श्री नीरज सिंह ने केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में विशेष रूप से विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान भारत योजना, और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना पर चर्चा की गई। समाजसेवी और भाजपा नेता श्री नीरज सिंह ने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को सरकारी सहायता कैसे मिले, इस पर भी योजना बनाई जाना चाहीए। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करना था।

## निचितपुर कोल डंप में असंगठित मजदूरों ने किया विरोध प्रदर्शन



**आर्थिक संकट में कोयला उपलब्ध कराने की मांग**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** बीसीसीएल एरिया 5 अंतर्गत निचितपुर कोल डंप के असंगठित मजदूरों ने बुधवार को कोल डंप में कोयला उपलब्ध कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। असंगठित मजदूर कपिल यादव ने बताया कि विगत तीन माह से निचितपुर कोल डंप में कोयला नहीं भेजा जा रहा है, जिससे कोल डंप में कोयला लोडिंग पर आश्रित मजदूर एवं उनके परिवारजनों पर घोर आर्थिक संकट उत्पन हो गया है। लोग रोजगार विहीन हो गए हैं। उन्होंने निचितपुर कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी पर मनमाना रवैया एवं मजदूर विरोधी नीति अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि परियोजना से कोयला सीधे बांसजोड़ा भेज दिया जाता है। निचितपुर कोल डंप के असंगठित मजदूरों के स्थिति को देखते हुए तत्काल कोल डंप में कोयला उपलब्ध कराने की मांग की है।

### लोयाबाद व आसपास के दस से 19 वर्ष के बच्चों की होगी काउंसिलिंग

## सफाई, हार्मोन्स के कारण बदलाव व गुड एवं बैड टच की दी जाएगी जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** लोयाबाद और आसपास के दस वर्ष से 19 वर्ष के बच्चों की काउंसिलिंग होगी। क्षेत्र के करीब 35 हजार परिवारों के बच्चे इससे जुड़ेंगे। जून माह में पहली काउंसिलिंग शुरू होगी। यह निर्णय बुधवार को कनकनी आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में स्वास्थ्य कर्मचारियों एवं पोपुलेशन सर्विस इंटरनेशनल इंडिया की बैठक में लिया गया। बैठक में हर माह एड़ोलसेंट हेल्थ डे मनाने का निर्णय लिया गया। पोपुलेशन सर्विस इंटरनेशनल इंडिया के सिटी मैनेजर प्रेम कुमार फील्ड को-ऑर्डिनेटर पूजा गुप्ता ने बताया कि बढ़ती उम्र के साथ बच्चों में शारीरिक बदलाव की जानकारी दी जाएगी। लड़के व लड़कियों को हेल्थ, हाइजीन, सुरक्षा, शारीरिक बदलाव के बारे में गेम व टूल किट के माध्यम से बताया जाएगा। क्षेत्र की सहिया को कनकनी आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में बच्चों को लाने की जिम्मेदारी होगी। बच्चों को शरीर की गंदगी की सफाई, हार्मोन्स के कारण बदलाव, गुड एवं बैड टच सहित अन्य चीजें समझाई जाएगी। बैठक में सीएचओ प्रवीण कुमार, एएनएम मीना कुमारी, शारदा कुमारी, एलटी गौतम कुमार, स्पोर्ट स्टाफ अनुप कुमार सहिया साथी एकता कुमारी, सरस्वती कुमारी आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### गलफरबाड़ी पुलिस के लिए सिरदर्द बना युवती की हत्या का मामला

**एसएसपी ने दिया हत्याकांड का जल्द खुलासा करने का निर्देश**




**मैथन।** गलफरबाड़ी ओपी क्षेत्र में अज्ञात युवती (25) की पत्थर से कूच कूच कर की गई हत्या पुलिस के लिए सिरदर्द बन गई है। आशंका है कि गैंग रेप के बाद युवती की हत्या की गई है। हालांकि पुष्टि नहीं हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही इसकी पुष्टि हो पायेगी। धनबाद एसएसपी ने हत्या का मामला जल्द खुलास करने के लिये पुलिस टीम गठित की है। टीम ने बुधवार को मामले की छानबीन की। मुगमा स्टेशन रोड में सीसीटीवी फुटेज खंगाला और लोगों से पूछताछ की। अनजान चेहरे के बारे में जानकारी ली। हालांकि कोई सफलता हाथ नहीं लगी। बता दें कि युवती के साथ चार पांच युवकों ने हैवानियत की है। पहले उसके साथ बारी बारी से दुष्कर्म किया। इसके बाद पकड़े जाने के डर से भारी पत्थर से कूच कूच कर हत्या कर दी। उसे मृत समझ हत्यारे फरार हो गये। कुछ लोगों ने खून से लथपथ युवती औंधे मुंह अचेत अवस्था में देख गलफरबाड़ी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसे एसएनएमएमसीएच धनबाद में भर्ती कराया, जहां पांच दिनों तक इलाज के बाद 27 मई को उसकी मौत हो गयी। पुलिस को भरोसा था कि वह होश में आ जायेगी और मामले का जल्द खुलासा हो जायेगा। लेकिन ऐसा हुआ नहीं और युवती ने दम तोड़ दिया। युवती की मौत से यह मामला पुलिस के लिये सिरदर्द बन गया है। जब तक युवती की पहचान नहीं हो जाती, पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पा रही है।

### 15 जून को मधुवन पहुंचेंगे मोरारी बापू, 23 जून तक होगी राम कथा



**गिरिडीह।** जैनियों के विश्व प्रसिद्ध अति पावन और प्राचीन तीर्थ स्थल श्री सम्मेद शिखरजी में 15 जून को विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु मोरारी बापू का आगमन होने वाला है। वह 15 जून से मधुवन के फुटबॉल ग्राउंड में रामकथा करेंगे। जैन धर्म के 20 तीर्थंकरों के पावन समाधि स्थल मघुवन की धरती पर 15 जून से 23 जून तक आध्यत्मिक गुरु मोरारी बापू सनातानियों के बीच हिन्दुत्व की बयार बहायेंगे। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में सनातनी शामिल होंगे। रामकथा समिति द्वारा श्री सम्मेद शिखरजी पारसनाथ मकर संक्रांति मेला मैदान में जोर शोर से तैयारी की जा रही है। आयोजन स्थल पर न सिर्फ भव्य पंडाल बनाये जायेंगे, बल्कि भक्तों के लिए प्रसाद व भोजन की भी व्यवस्था की जायेगी।

### मेडिट्रिना अस्पताल में शाम की ओपीडी सेवा शुरू

**जमशेदपुर।** मेडिट्रिना अस्पताल आदित्यपुर जमशेदपुर में शाम की ओपीडी सेवा का प्रारंभ हो गया है। अस्पताल के डाक्टर पार्थों पी चौधरी ने बताया कि मेडिट्रिना अस्पताल पिछले 9 सालों से जमशेदपुर शहर एवं आस पास के क्षेत्रों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है। इस दरम्यान लगभग 15000 से ज्यादा हृदय प्रक्रिया संबंधी उपचार सफलतापूर्वक किया गया जिसमें एंजियोप्लास्टी, सीआरटी-डी पेसमेकर आईसीडी इत्यादि शामिल है। उन्होंने आगे बताया कि हमारे यहां 100 प्रतिशत ब्लाकेज, मल्टीपल ब्लाकेज का एंजियोप्लास्टी किया जाता है जिसको अन्य जगहों पर मना किया जाता है और बायपास सर्जरी के लिए बोला जाता है। डाक्टर पार्थों ने बताया कि पिछले वर्ष झारखंड में सबसे ज्यादा हृदय सम्बंधित इलाज किया गया है। साथ ही पिछले काफी दिनों से अस्पताल में शाम की ओपीडी सेवा की जरूरत महसूस की जा रही थी अब इसे प्रारंभ किया गया है शाम की ओपीडी में जेनरल मेडिसिन के लिए डॉक्टर सतीश कुमार प्रसाद शाम 4 बजे से शाम 7 बजे तक तथा डाक्टर जी. एन. सिंह शाम 7 बजे से रात 9 बजे तक, कार्डियोलॉजी के लिए डॉक्टर पार्थों पी चौधरी एवं डाक्टर श्रीतम आचार्य शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक। क्रिटिकल केयर के लिए डॉक्टर कृति उपलब्ध रहेगी साथ ही हमारे अस्पताल में 24 घंटे एंजियोप्लास्टी तथा एंजियोग्राफी की सुविधा उपलब्ध है।

### कुड़माली छात्र संघ का क्षेत्रीय भाषा सर्वेक्षण रिपोर्ट में अनियमितता का आरोप

जमशेदपुर । जमशेदपुर के कुड़माली छात्र संगठन मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय पहुंचे है, जहां संगठन के प्रतिधिमंडल ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत राज्य के सभी जिले के प्राथमिक विद्यालयों में चलाये जा रहे सर्वेक्षण रिपोर्ट की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गयी है। विश्वनाथ महतो ने बताया कि सर्वेक्षण में अनियमितता को ध्यान में रखते हुए पटमदा बोड़ाम क्षेत्र में पुनः सर्वेक्षण किया जाये। उन्होंने बताया कि जिला शिक्षा विभाग के अंर्तगत सभी विद्यालयों में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा बोलने वाली की चिन्हित करने का सर्वेक्षण किये जा रहे है। परंतु जो सर्वेक्षणकर्ता है वह बिना किसी प्रत्यक्ष प्रमाण पत्र या भौतिक सत्यापन के सर्वेक्षण कर रहा है, जिससे क्षेत्र में जो भाषा बोली जाती है, वहां उस भाषा की कोई जगह है हीं नही। पूर्वी सिंहभूम के पटमदा बोड़ाम क्षेत्र में कुड़माली भाषा बोली जाती है परंतु सर्वेक्षण रिपोर्ट में कुड़माली भाषा का नाम नहीं दिया गया है। इसलिए प्रतिनिधिमंडल की मांग है कि सर्वेक्षण रिपोर्ट पुनः करायी जाये। मौके पर विश्वनाथ महतो, सुधांशु बानूआर, फनी भूषण महतो, उतरा महतो आदि शामिल थे।

## दुर्गापुर क्रिकेट अकादमी को हराकर बोकारो क्रिकेट क्लब सेमीफाइनल में



**प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड बोकारो की प्रियंका को**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

मैथन। कुमारधुबी कोलियरी ग्राउंड में माही क्रिकेट क्लब व वाणी मंदिर क्लब कुमारधुबी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित द्वितीय अमिताभ चौधरी मेमोरियल वूमेंस टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का तीसरा क्वार्टर फाइनल बुधवार को बोकारो क्रिकेट क्लब व दुगार्पुर क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इसके पहले मुख्य अतिथि बरमुड़ी प्रोजेक्ट के डिप्टी जीएम दिलीप कुमार रॉय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। टॉस जीतकर बोकारो की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बोकारो क्रिकेट क्लब के खिलाड़ियों ने दमदार बैटिंग का प्रदर्शन करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 151 रन बनाए। पुष्पा कुमारी ने 40 रन व अनामिका दास ने 30 रनों की आकर्षक पारी खेली। दुगार्पुर क्रिकेट अकादमी की अंकिता चौरसिया ने दो विकेट लिये। जवाबी पारी खेलते हुए दुगार्पुर की टीम निर्धारित 20 ओवर में 145 रन ही बना पाई। लीजा कुमारी ने 66 रन बनाये। बोकारो क्रिकेट क्लब की प्रियंका कुमारी ने किफायती गेंदबाजी करते हुए दो विकेट झटके। आभा कुमारी ने एक विकेट लिये। इस तरह बोकारो क्रिकेट क्लब ने 06 रनों के अंतर से जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बोकारो की प्रियंका को किफायती बॉलिंग कर टीम को जिताने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड संजीव मजूमदार ने दिया।

### धनबाद के सभी नये सब स्टेशन को डीवीसी से मिलेगी 11 केवी बिजली : राजेश कुमार




**धनबाद।** दामोदर घाटी निगम के कार्यकारी निदेशक राजेश कुमार ने आज यहां कहा कि इस साल के अंत तक सभी नये विद्युत सब स्टेशन में 11 केवी बिजली की सोलाई की जाएगी। श्री कुमार आज डीवीसी एवम जीटा के पदाधिकारियों के बीच कांड्रा इंडस्ट्रियल एरिया में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता अमितेश सहाय ने की। बैठक में मुख्य अतिथि डीवीसी के कार्यकारी निदेशक का भव्य स्वागत किया गया। जीटा के अध्यक्ष अमितेश सहाय ने आमाघाटा, गोविंदपुर में 11 केवी सब स्टेशन स्थापित करने का आग्रह किया ताकि बड़े इंडस्ट्रियल उपभोक्ता जुड़ सके। महासचिव राजीव शर्मा ने धनबाद में बड़े अपार्टमेंट में डायरेक्ट 11 केवी देने का आग्रह किया, साथ ही साथ छोटे औद्योगिक उपभोक्ताओं को 440 वोल्ट लाइन देने का आग्रह किया। यह भी आग्रह किया कि धनबाद में सामान्य उपभोक्ताओं को भी डीवीसी की लाइन का लाभ दिया जाय। श्री राजेश कुमार ने आश्वासन दिया कि धनबाद के सिंदरी, डिगवाडीह, कांड्रा गोविंदपुर, कांड्रा सिंदरी, देवली, निरसा इत्यादि क्षेत्रों में 11 केवी-100 केवी से ऊपर लाइन उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिये कल की बैठक में कनेक्शन अप्लाई किया जा जाएगा। बैठक में डीजीएम रोशन कुमार, एजीएम डिस्ट्रीब्यूशन पल्लब कुमार विश्वास, उप महाप्रबंधक पुनीत कुमार जैन, सीनियर मैनेजर इलेक्ट्रिक डी भंडार नंदकिशोर झा, सीनियर मैनेजर शाविक साहा चौधरी, सुशील सिंह, विकाश चौरसिया, हर्षल सिंह, श्याम शर्मा, संजय सरिया आदि उपस्थित थे।

### पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों में जारी रहेगी बेटिकट यात्रियों की धर-पकड़

## रेलवे ने चलाया टिकट जांच अभियान, वसूला करोड़ों का जुर्माना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** धनबाद ट्रेनों में बिना टिकट अथवा अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों की धर-पकड़ हेतु पूर्व मध्य रेलवे द्वारा विशेष टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है । यह अभियान स्टेशन के साथ ट्रेनों में भी सघन रूप से जारी है। अवैध रूप से वातानुकूलित श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों के विरुद्ध भी जांच अभियान चलाया जा रहा है।

मंगलवार की देर रात तक अभियान के दौरान पूर्व मध्य रेल से खुलने तथा गुजरने वाली विभिन्न मेल, एक्सप्रेस ट्रेनों के कुल 268 वातानुकूलित कोचों की जांच की। अनधिकृत रूप से यात्रा करने वाले 521 यात्रियों से जुर्माना वसूलने के बाद ट्रेन से उतारा गया। एसी क्लास में यात्रा करने वाले इन यात्रियों से जुर्माना रूप में 3 लाख 15 हजार रुपये वसूल किए गए। विशेष टिकट जांच अभियान में दानापुर, सोनपुर, समस्तीपुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय एवं धनबाद मंडलों के लगभग सभी प्रमुख स्टेशनों और ट्रेनों में एक साथ 1018 टीटीई, मुख्यालय और मंडलों के वाणिज्य विभाग के अधिकारी और कार्यालयों से अतिरिक्त कर्मचारी तथा रेल सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी।

अभियान में 21,270 यात्री बिना टिकट, उचित प्राधिकार के यात्रा करते हुए पकड़े गए, जिनमें एसी क्लास में अनधिकृत यात्रा करने वाले 521 यात्री भी शामिल हैं। इन यात्रियों से रिकॉर्ड 1 करोड़ 54 लाख रुपये से अधिक की राशि जुर्माना के रूप में वसूली गई। यह राशि अब तक किसी भी एक दिन में प्राप्त जुर्माने की तुलना में सर्वाधिक है। बता दें कि पूर्व मध्य रेल में बिना टिकट यात्रा करते हुए 6.64 लाख लोगों को पकड़ा गया है, जिनसे जुमार्ना स्वरूप 43.68 करोड़ रुपये प्राप्त हुए, जो पिछली अवधि की तुलना में 12.45 प्रतिशत अधिक है। पिछले वर्ष की समान अवधि 01 अप्रैल 2023 से 28 मई 2023 तक बिना टिकट यात्रा के 6.53 लाख मामले सामने आए, जिनसे जुर्माने के रूप में 38.84 करोड़ रुपये वसूल किए गए थे। चालू वित्त वर्ष के 28 मई तक दानापुर मंडल में बिना टिकट यात्रा करते हुए 1,69,800 यात्रियों को पकड़ा गया, जिनसे 11.06 करोड़ रुपये वसूल किए गए। इसी तरह पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में बिना टिकट यात्रा करते हुए 1,11,870 यात्रियों को पकड़ा गया, जिनसे 7.14 करोड़ रुपये, धनबाद मंडल में बिना टिकट ाात्रा करते हुए 86,490 यात्रियों से 4.96 करोड़ रुपये वसूल किए गए। सोनपुर मंडल में 1,56,090 लोगों को बिना टिकट यात्रा करते पकड़ा गया और 10.09 करोड़ रुपये एवं समस्तीपुर मंडल में 1,39,290 लोग बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़े गए। जांच टीम ने जुर्माना के रूप में 10.42 करोड़ की राशि वसूल की। पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों में बिना टिकट अथवा बिना उचित प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों की धरपकड़ हेतु निरंतर टिकट जांच की जा रही है तथा भविष्य में भी यह जारी रहेगी।

### मध्यप्रदेश के सीएम मोहनलाल यादव ने ताला मरांडी के लिये मांगा वोट, कहा

# एक तरफ हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री तो दूसरी तरफ ये सारे चोर चोर मौसेरे भाई




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** राजमहल लोकसभा चुनाव को लेकर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहनलाल यादव बुधवार को भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी को जीत दिलाने की आग्रह। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साधना और भक्ति का मार्ग चुना है। 142 करोड़ देशवासियों की जीवन सफल बनाने के लिए ये हमारे लिए शौभाग्य की बात है। अपने परिवार के अन्दर माननीय प्रधानमंत्री की सरकार की पहले की सरकार याद कर लें। लगभग 60 साल से ज्यादा सरकार रही है बीच में अटल जी की सरकार का थोड़ा समय छोड़ दो जिन्होंने गांव से गांव जोड़ने का अनुपम देन दी है। प्रधानमंत्री आज धूमधाम से बोलते हैं ना खाऊंगा न खाने दुंगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री तो दूसरी तरफ ये सारे चोर चोर मौसेरे भाई। नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल की योजना के बारे में बताया उन्होंने आगे मोदी जी के लिए वोट मांगे। सभा में नेता प्रतिपक्ष अमर सिंह बाऊरी ने अपने अभिभाषण में हेमन्त सरकार पर जमकर बरसे। वही लोकसभा चुनाव प्रभारी राकेश प्रसाद ने ताला मरांडी को जीताकर दिल्ली भेजने की बात की। वही राजीव चौधरी ने कहा कि अगर बी जे पी प्रत्याशी ताला मरांडी की जीत होगी तो सबसे पहले बरसों से राजमहल से मानिक चौक पूल का निर्माण कराया जायेगा। मौके पर विधायक अनन्त ओझा, जिला अध्यक्ष उज्जवल मंडल, कृष्णा महतो, कार्तिक साहा,मनोज साहा,अजय चौधरी, संजीव दे, निर्भय सिंह, राजेश मंडल, बिन्देसरी यादव, बबलू यादव के साथ अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आदिवासियों को अपना वोट बैंक के रूप मे इस्तेमाल कर रहा है विपक्ष : विष्णु देव सांय

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**साहिबगंज।** बरहेट गोपलाडीह फुटबाल मैदान में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव सांय ने सभा कर भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी के लिए वोट मांगा। मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमलोग छत्तीसगढ़ और झारखण्ड एक तरह से जुड़वां भाई है। हमलोग एक साथ पैदा हुए है। दोनों प्रदेश में खनिज सम्पदा है, वन है। एक साथ निकले थे मंजिल ए कारवां लेकिन आज झारखण्ड से छत्तीसगढ़ विकास के मामले मे कितने आगे है। उसका कारण सिर्फ और सिर्फ झामुमो और कांग्रेस है जो दोनों चोर - चोर मोसेरे भाई ने झारखण्ड राज्य की पहिया को पंचर कर रखा है। जन, जंगल, जमीन के बचाव, आदिवासी संस्कृति के बचाव के नाम से सिर्फ ये लोग लुटे है। जिसका जीता जागता उदाहरण जेल के चारदिवारी के अंदर बंद दोनों पार्टी से एक मुख्यमंत्री तो दूसरा मंत्री है और भोले भाले आदिवासी को आज अपना वोट बैंक के रूप मे इस्तेमाल कर रहे है। भाजपा को आदिवासी विरोधी बताकर डराते हैं, आज अगर नरेंद्र मोदी आरक्षण आदिवासी विरोधी होते तो आज मैं एक आदिवासी समुदाय के व्यक्ति होकर मुख्यमंत्री पद पर नहीं खड़ा करता। देश के सर्वोच्च पद पर बैठी हुई है तो वो भी एक आदिवासी महिला ही है। ये चुनाव नरेंद्र मोदी का चुनाव है। सबका साथ सबका विकास का नारा मोदी जी का है। बीते 10 सालों मे 5 साल गरीबो के लिए, बाकी 5 साल देश कि लाखो हिन्दू की कुरबानी के पश्चात नहीं बना वो मोदी जी ने राम मंदिर बनाकर भगवान राम को अयोध्या मे विराजमान किया, कश्मीर से धारा 370 हटाया। देश को आगे बढ़ाना है, 2047 मे विश्व गुरु बनाना है, आर्थिक क्षेत्र मे 11 वें स्थान से 5वें स्थान मे लाया है और आगे आर्थिक क्षेत्र मे तीसरा स्थान मे लाने का काम मोदी जी ही करेगा। आज झारखण्ड राज्य और छत्तीसगढ़ जो श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी का देंन है, लेकिन झारखण्ड राज्य का क्रेडिट कोई और लेने का कोशिश कर रहा है।

## एक नजर में

### गोड्डा : प्रदीप यादव के पक्ष में इंडी गठबंधन ने हंसडीहा में निकाली बाइक रैली



**हंसडीहा।** हंसडीहा में बुधवार को गोड्डा लोकसभा से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव के समर्थन में बाइक रैली निकाली गई। रैली में शामिल नेताओं व कार्यकर्ताओं ने हंसडीहा पंचायत स्थित विभिन्न गांवों गली मोहल्लों का भ्रमण किया। इस दौरान रैली में शामिल लोग कांग्रेस पार्टी व प्रत्याशी के समर्थन में नारे लगाए। साथ ही इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव के पक्ष में मतदान करने की अपील की। रैली का नेतृत्व कांग्रेस के युवा नेता गुंजन यादव ने किया। इस मौके पर हंसडीहा कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष अरुण जायसवाल, जेएमएम पंचायत अध्यक्ष कृष्णमोहन जायसवाल,मंटू जायसवाल, सूरज साह, आर्यन जायसवाल, प्रभाकर मिश्रा, मो आलम, कादिर अंसारी सहित बड़ी संख्या में इंडी गठबंधन के कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद थे।

### साहिबगंज: एम पी के सीएम की सभा में कुर्सी रही खाली, महिला कार्यकर्ताओं में दिखीं नाराजगी



साहिबगंज। बुधवार को राजमहल लोकसभा चुनाव के भाजपा के प्रत्याशी ताला मरांडी के पक्ष में संभा को संबोधित करने के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन लाल यादव राजमहल बालू प्लाट में आये हुए थे, ठीक उसी दौरान महिला कार्यकर्ता (बिशेष) को मंच साझा नहीं करने दिया गया इससे कुछ बिशेष महिला कार्यकर्ता गुस्सा में गयी और कार्यक्रम चलते रहने के बाबजूद भी गुस्सा होकर कार्यक्रम स्थल से चली गई। सिनियर कार्यकर्ता के द्वारा इस तरह के व्यवहार से महिला कार्यकर्ता में रोष व्याप्त है। वही दुसरी तरफ प्रेस के लिए कोई समुचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण प्रेस बन्धुओं को 45 डिग्री की कड़ी धुप में समाचार संकलन? करना पड़ा, जिसके कारण कई पत्रकार की तबियत बिगड गयी। ये सारा बात बताता है कि कहीं न कहीं लोकसभा चुनाव में इस कहीं बाढ़ तो कहीं सुखार वाली कहावत चरितार्थ हो रही है।

## स्पीड न्यूज

### रोटरी क्लब ऑफ बोकारो ने गरीबों के बीच सामग्री का किया वितरण



**बोकारो।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स की ओर से चास और बोकारो के सेक्टर 1 स्थित विभिन्न क्षेत्रों में गर्मी के मौसम को देखते हुए मजदूरों भिखारियों सब्जी विक्रेताओं और अन्य गरीब व्यक्तियों के बीच चप्पल और टीशर्ट का वितरण किया गया। रोटरी मिडटाउन की अध्यक्ष अमीषा अग्रवाल ने कहा कि यह प्रयास उन लोगों को राहत और आराम प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया है जो इस चुनौतीपूर्ण समय में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। हमें आशा है कि यह छोटा सा कदम उनके दैनिक जीवन में कुछ सुधार लाने में मदद करेगा और उन्हें गर्मी से बचाएगा। उनके पैरों में चप्पल न होने की वजह से वो नंगे पांव धूप में चलने को विवश हैं। ऐसे में हमारी ओर से उन्हें राहत पहुंचाने की दिशा में यह छोटा सा प्रयास है। इस मौके पर अनूप अग्रवाल मिनी कपूर साजन कपूर शिव अग्रवाल रंजन गुप्ता पुनीत जौहर राजा जैन आदि मौजूद रहे।

### बच्ची से दुष्कर्म के प्रयास में आरोपी को छह साल की सजा

दुमका। जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम सह पोस्को के विशेष न्यायाधीश रमेश चंद्रा की अदालत ने दो साल पहले किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने वाले कुरुमपहाड़ी गांव के विल्सन हांसदा को बुधवार को दोषी करार देते हुए छह साल के कारावास और पांच हजार रुपया जुमार्ना की सजा सुनाई। जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने पर अभियुक्त को तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सरकार की ओर से पीपी चंपा कुमारी और बचाव पक्ष से सिकंदर मंडल ने बहस की। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले पिता ने 23 अक्टूबर 22 को मुफस्सिल थाना में विल्सन पर पांच साल की बेटी के साथ दुष्कर्म के प्रयास का मामला दर्ज कराया था। बताया कि 22 अक्टूबर की देर शाम गांव का विल्सन हांसदा घर आया और पांच साल की बेटी को अंडा खिलाने का लालच देकर ले गया और घर से कुछ दूर खड़ी एक गाड़ी में दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। बच्ची के चिल्लाने की आवाज सुनकर गांव के दो युवकों ने वाहन के पास जाकर देखा तो विल्सन बच्ची के साथ गलत काम करने का प्रयास कर रहा है। दोनों ने बेटी को बाहर निकालकर विल्सन को पकड़कर प्रधान के सुपुर्द किया। अगले दिन प्रधान की सूचना पर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### साहिबगंज : उपायुक्त हेमंत सती ने समाहरणालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी चुनावी प्रक्रिया की जानकारी, बोले

# निष्पक्ष और भय मुक्त मतदान करें जनता

### संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथ पर सीआरपीएफ की रहेगी कड़ी सुरक्षा : डीसी

**›› मतदान करते समय मतदाता फोटो वीडियो ना लें**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**साहिबगंज।** लोकसभा आम चुनाव-2024 परिपेक्ष्य जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती ने चुनाव प्रक्रिया की जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दी।

उपायुक्त ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बताया कि 01-राजमहल (अजजा) संसदीय क्षेत्र हेतु 1 जून, 2024 को मतदान की तिथि है। उपायुक्त द्वारा बताया गया कि ऐसे 12 प्रपत्र है जो मतदाता अपने मतदान बूथ पर ले जाकर मतदान कर सकते हैं जिनमें वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों आधार कार्ड, पेन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), पासपोर्ट, पासबुक (फोटो सहित बैंक/डाकघर द्वारा जारी), फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी), सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी) में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकता है।जिला के प्रशासनिक क्षेत्र अधिकार में आने वाले कुल -974 बूथ हैं। एवं साहेबगंज जिला के विधानसभा क्षेत्र बोरिया, बरहेट,राजमहल विधानसभा क्षेत्र में कुल 1006 बूथ हैं एवं लोकसभा क्षेत्र में आने वाले कुल बूथ की संख्या 2020 है। जो 1531 भवनों में स्थित हैं।

जिला प्रशासन द्वारा 974 बूथ में सभी मूल- भूत सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। उन्होंने बताया कि संवेदनशील बूथ की संख्या 687 हैं। इनमें से 14 बूथ ऐसे हैं जो अति संवेदनशील की श्रेणी में आते हैं, सभी संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथों पर सीआरपीएफ की तैनाती की जाएगी। वही प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया गया कि तीनों विधानसभा में 90 माइक्रो आब्जर्वर, 143 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी। कुल मतदान कर्मी 4464 को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

मतदान के दिन सभी बूथ पर मेडिकल टीम एएनएम, सहिया मौजूद रहेंगी एवं हर एक सेक्टर पर सीएचओ रहेंगे एवं हरेक दो सेक्टर पर एक डॉक्टर की तैनाती की जाएगी। एंबुलेंस को बूथ से टैग किया गया है एवं मतदान के दिन सभी प्राइवेट हॉस्पिटल को निःशुल्क में इलाज करने के लिए निर्देशित किया गया है। मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार एवं प्रेस मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### झारखंड आंदोलनकारी शहीद रामदास सोरेन का 27वां शहादत दिवस मनाया





बेरमो। गोमिया प्रखंड अंतर्गत ललपनिया पंचायत के केरी स्थित रामदास सोरेन चौक में बुधवार को शहीद रामदास सोरेन स्मारक समिति द्वारा झारखंड आंदोलनकारी शहीद रामदास सोरेन के 27वां शहादत दिवस मनाया गया। यहां समारोह में झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष सह लोकप्रिय पूर्व विधायक योगेन्द्र प्रसाद महतो बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि ने शहीद रामदास सोरेन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया एवं श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि अध्यक्ष सह पूर्व विधायक ने अपने सम्बोधन में कहा कि शहीद रामदास सोरेन के झारखंड आंदोलन में अग्रणी भूमिका हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र में झारखंड आंदोलन को धारदार गति दी। वंचितों, आदिवासियों के हक अधिकार की आवाज को बुलंद किया और लड़ाई लड़ी। इनके शहादत को बेकार नहीं होने दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने शहीद रामदास सोरेन के पुत्र श्यामदेव सोरेन समेत परिजनों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर झामुमो सह 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष लुदू मांझी, जिला संयुक्तसचिव मितन सोरेन,अनिल हांसदा, एतोराम किस्कू, शानू बेसरा, कार्तिक, कुलदीप शर्मा समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### बोकारो स्टील प्लांट, कलिंगा पर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट ने 'पर्यावरण उत्कृष्टता' श्रेणी में प्रतिष्ठित कलिंगा पर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त कर अपने नाम एक और उपलब्धि जोड़ ली है। विगत 15 मई को सार्वजनिक उद्यम हैदराबाद और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ओडिशा के पर्यावरण संरक्षण एवं स्थिरता विभाग के जूरी सदस्यों के सामने एजीएम पर्यावरण नितेश रंजन द्वारा प्रस्तुति दी गई और जूरी के सदस्यों द्वारा उठाए गए सभी प्रश्नों का सटीक समाधान जीएम पर्यावरण एनपी श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। जूरी पर्यावरण संरक्षण के लिए बोकारो स्टील प्लांट की गतिशील पहल और स्टील निर्माण के सस्टेनेबल तरीकों को अपनाने के प्रयासों से प्रभावित होकर बोकारो स्टील प्लांट को विजेता के रूप में अनुशंसित किया है। पुरस्कार समारोह 8 जून को भुवनेश्वर में इंस्टीट्यूट ऑफ क्वालिटी द्वारा आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में बीएसएल ने सर्कुलर इकोनॉमी ऊर्जा दक्षता और पर्यावरण संरक्षण का उपयोग कर विभिन्न क्षेत्रों में परिचालन उत्कृष्टता और सस्टेनेबिलिटी को शामिल करने का अभियान चलाया है। सीओपी 26 में भारत द्वारा प्रतिबद्ध 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए फ्लोटिंग सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना हेतु कूलिंग पौंड की पहचान की गई है और जीएचजी उत्सर्जन में कमी द्वारा नेट न्यूट्रैलिटी प्राप्त करने के लिए विभिन्न संचालन उत्कृष्टता और ऊर्जा दक्षता की पहल कर रहा है।

### छात्र चेतना संगठन ने टॉपर छात्रो को किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** छात्र चेतना संगठन जिला ईकाई ने बुधवार को मैट्रिक और इंटर के सफल छात्रों के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय प्रमुख हिमांशु मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष डॉ हनीफ एवं केंद्रीय सलाहकार डॉ आर के नीरद ने टॉपर छात्रों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हिमांशु मिश्रा ने कहा कि प्रतिभा का सम्मान होना ही चाहिए इससे छात्रों में साकारात्मकता बढ़ती है और उन्हें आगे बढ़ने कि प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि 2030 तक 100 डिप्टी कलेक्टर तैयार करने का लक्ष्य ऐसे ही होनहार युवाओं के दम पर संगठन ने लिया है। उन्होंने कहा कि सिर्फ 100 डिप्टी कलेक्टर ही नहीं 2030 तक संथाल परगना के मुख्यालय दुमका को शिक्षा का हब भी बनाना है और इसकी झलक दुमका वासियों को इस वर्ष से ही दिखना शुरू हो जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष डॉ हनीफ ने छात्राओं को उत्साहित करते हुए कहा कि हमारे यहां प्रतिभाओं की कमी नहीं है, केवल उन्हें सही दिशा देने की जरूरत है। उन्होंने लक्ष्य के प्रति समर्पित होने की सलाह दी और सोच की प्रबलता पर जोर दिया।

केंद्रीय सलाहकार डॉ आर के नीरद ने कहा कि कैरियर निर्माण के लिए यही से आपको अपनी दिशा तय करनी है, लक्ष्य निर्धारित करना है और उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए निरंतर एकाग्रता के साथ समर्पित होकर पढ़ाई करनी है। लक्ष्य हासिल करने के लिए यह जरूरी नहीं है कि हर कोई कोटा जैसे स्थान पर ही जाए,बड़ी संख्या में बच्चे अपने शहर में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं और गूगल पर उपलब्ध पाठ्य सामग्री का सदुपयोग कर रहे हैं । उन्होंने कहा की मोबाइल टाइम किलर भी है और कैरियर काउंसलर भी।

इसलिए यह आप पर निर्भर करता है कि आप उसका इस्तेमाल किस रूप में करते हैं। एक अच्छे छात्रों के लिए यह जरूरी है कि वह मोबाइल का सदुपयोग करें और टाइम किलिंग वाले सभी ऐप से अपने आप को दूर रखे। उन्होंने कहा की कैरियर निर्माण के लिए समय और सामग्री का प्रबंधन महत्व रखता है। सम्मान समारोह मेधावी छात्रों को मैडल और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया है।

### बोकारो के पुनदाग में अतिरिक्त ट्रेनों का ठहराव 29 मई से 4 जून तक

बोकारो। आनंद मार्गियों के धर्म समागम के अवसर पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 29 मई से 4 जून तक पुंदाग होकर गुजरने वाली लगभग सभी ट्रेनों का ठहराव किया गया है। जिससे धर्म सम्मेलन में भाग लेने वाले लोगों को सहूलियत हो। धनबाद-रांची इंटरसिटी भागलपुर रांची वनांचल एक्सप्रेस मौर्या एक्सप्रेस जयनगर एक्सप्रेस पूर्णिया हटिया एक्सप्रेस बोकारो आसनसोल मेमू पैसेंजर आदि ट्रेनों का पुंदाग स्टेशन पर आने जाने के क्रम में एक मिनट का ठहराव किया गया है।

# बोकारो डीसी विजया जाधव ने मतगणना की तैयारियों को लेकर दिया दिशा-निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** बोकारो समाहरणालय स्थित सभागार में डीईओ सह उपायुक्त विजया जाधव एवं पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश ने 4 जून को गिरिडीह संसदीय क्षेत्र की होने वाली मतगणना की तैयारियों को लेकर संपन्न बैठक में सभी अहम बिंदुओं पर चर्चा कर संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। जाधव ने कहा कि मतगणना केंद्र में मतों की गणना को लेकर काउंटिंग असिस्टेंट काउंटिंग सुपरवाइजर एवं माइक्रो ऑब्जर्वर का पहला रेंडमाइजेशन हो गया है। विधानसभा वार मतों की गणना को लेकर 20 अलग अलग टेबल लगाये जाएंगे। वहीं पोस्टल बैलेट के माध्यम से प्राप्त मतों की गणना को लेकर कुल 25 टेबल लगेंगे। सभी विधानसभा क्षेत्रों के वज्रगृह से ईवीएम कंट्रोल यूनिट को मतगणना केंद्र लाने एवं पुनः रखने के लिए 10 अलग अलग श्रमिक रहेंगे। उनका अलग रंग का ड्रेस कोड रहेगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन समय पर करने का निर्देश देते कहा कि मतगणना हॉल में मतों की गणना सीसीटीवी वीडियोग्राफी आदि की निगरानी में होगी। उन्होंने संबंधित सहायक निवार्ची पदाधिकारी को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में समय पर वज्रगृह खोलना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मतगणना हॉल में मोबाइल फोन आदि पर प्रवेश निषेध रहेगा। एसपी ने कहा कि मतगणना केंद्र में त्रिस्तरीय सुरक्षा बल तैनात हैं। वहां जाने वाले पदाधिकारियों व कर्मियों को अलग-अलग रंग का पहचान पत्र जारी करना सुनिश्चित करेंगे।

# डीवीसी, बीटीपीएस प्रबंधन द्वारा चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** बोकारो थर्मल में मंगलवार को दामोदर घाटी निगम, बोकारो ताप विद्युत केन्द्र में चल रहें स्वच्छता पखवाड़ा के आलोक में बीटीपीएस तकनीकी भवन में स्वच्छता शपथ हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम वरीय महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान आनंद मोहन प्रसाद ने अपना हस्ताक्षर करते हुए अभियान की शुरूआत की। इसके बाद वरीय महाप्रबंधक (एफजीडी) एस एन प्रसाद, महाप्रबंधक (वि.) एस.भद्रा, महाप्रबंधक (ओएवंएम) एस. भट्टाचार्य, उपमहाप्रबंधक बी जी होलकर, उपमहाप्रबंधक सोमेन मंडल, पांडा, नरेश मुरास्कर, सौभिक धारा, विश्वमोहन गोस्वामी, अखिलेन्दु सिंह, शैलेन्द्र कुमार, अबुजर सिवली, सील इत्यादि उच्च अधिकारियों ने हस्ताक्षर करते हुए स्वच्छता अभियान को सफल बनाया। इसके अलावा अधिकारियों एवं कर्मचारियों में राहुल ओरेन, प्रकाश कुमार, एम मौला, चंदन कुमार, सूरज कुमार, विजय कुमार, बेनुधर बेहरा, शाहिद इकराम इत्यादि ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। हस्ताक्षर अभियान में सैकड़ों की संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपना हस्ताक्षर करतें हुए इस अभियान को सफल बनाया।

### बोकारो निबंधन कार्यालय के प्रधान लिपिक अमल कुमार दत्ता पर भ्रष्टाचार का आरोप

**बोकारो।** झारखंड दस्तावेज नवीस संघ बोकारो चास के अध्यक्ष सीताराम शर्मा ने बोकारो उपायुक्त को पत्र द्वारा निबंधन कार्यालय चास बोकारो के प्रधान लिपिक अमल कुमार दत्ता पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रधान लिपिक अमल कुमार दत्ता ने 28 फरवरी 2024 को पदभार ग्रहण करते ही 12 साल पूर्व से जमे कर्मचारी नवनीत कच्छप के साथ मिलकर घुसखोरी और भ्रष्टाचार को काफी बढ़ावा दिया है। प्रति दस्तावेज में मनमानी रूप से रिश्वत की मांग करते हैं, निबंधन पदाधिकारी द्वारा बोलने पर भी नहीं सुनते हैं। यही नहीं जब से पदभार ग्रहण किये है तब से सरकार के दिशा निर्देश को बगल में दरकिनार करते हुए एवं जनता का शोषण करते हुए निबंधन करते आ रहे थे। जब जनता एवं दस्तावेज लेखकों ने गलत का विरोध किया तो उनके द्वारा सभी को धमकी दिए जाने लगा कि बिना पैसे का काम नहीं करेंगे, आप लोग को जहां शिकायत करनी है करे हम सम्भाल लेंगे और निबंधन हेतु जरूरी कागजात की मांग बढ़ा दी गई। नतीजतन विगत 21 मई से कोई जमीन का निबंधन नहीं हो सका है इससे जनता एवं दस्तावेज नवीस काफी परेशान हैं। साथ ही सरकार को करोड़ों में राजस्व की क्षति हुई है जिसका एकमात्र जिम्मेदार प्रधान लिपिक श्री दत्ता ही है। ज्ञात हो कि अमल कुमार दत्ता इस विभाग में अनुभवहीन है, जिला कार्यालय में अनुभवी कर्मचारी कि जरूरत होती है।

# जल संरक्षण पर जोर

भारत में पानी राज्य का विषय है और जल प्रबंधन वास्तव में ज्ञान आधारित सोच और समझ पर नहीं टिका है। गंगा का जल बिहार में नालंदा और गया तक पहुंचाया गया है। ऐसी ही योजना झारखंड में साहेबगंज से रामगढ़ तक की थी जो चर्चा में नहीं है। इसके अलावा, जल जीवन मिशन के तहत 2024 तक सभी निर्दिष्ट स्मार्ट शहरों में जलापूर्ति और अपशिष्ट जल उपचार के बुनियादी ढांचे को उन्नत करने और स्वच्छ जलापूर्ति सुनिश्चित करने की एक बड़ी चुनौती है। लगभग तीन दशकों तक गंगा को साफ करने के लिए अलग-अलग रणनीतियां अपनाई गईं।

इनमें गंगा एक्शन प्लान (जीएपी, चरण एक और दो ) और राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन प्राधिकरण की स्थापना जैसे प्रयास थे, लेकिन लंबे समय तक इनके ठोस नतीजे नहीं मिले। दिसंबर 2019 में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में अपनी पहली बैठक में गंगा परिषद ने पांच राज्यों में गंगा बेसिन के दोनों ओर पांच किलोमीटर क्षेत्र में जैविक समूहों को बढ़ावा देकर गंगा के मैदानों में स्थायी कृषि को बढ़ावा देने की योजना पर काम किया। सरकार को अंततः बेसिन में अधिक क्षेत्र को शामिल करने के लिए इसे फैलाने की योजना बनानी चाहिए। नदी किनारे की कृषि संपूर्ण जैविक होनी चाहिए। शहरीकरण के विस्तार और जनसंख्या के कारण नदियाँ प्रदूषित हुई हैं। इसका असर यहाँ की स्वर्णरिखा नदी पर भी पड़ा है। यह छोटानागपुर के पठारी भूभाग नगड़ी से निकलती है। रांची ज़िले से प्रवाहित होती हुई स्वर्ण रेखा नदी सिंहभूम ज़िले में प्रवेश करती है तथा उड़ीसा राज्य में चली जाती है।स्वर्ण रेखा के सुनहरी रेत में सोने की मात्रा पाई जाती है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण परिषद की रिर्पोट से स्वर्णरखा के प्रदूषण के स्तर का खुलासा हुआ है। इसके प्रदूषण के सन्दर्भ में झारखण्ड उच्च न्यायालय को स्वतः संज्ञान लेना पड़ा।

# बढ़ती गरीबी

नौ एशिया-प्रशांत देशों में सुस्त पड़ी अर्थव्यवस्था, कामगारों की आमदनी और समाज में समानता बढ़ाने की जरूरत है। स्कूल न जाने वाले युवाओं के बीच बेरोजगारी को खासी चुनौतीपूर्ण बताती है। यह वयस्कों की बेरोजगारी दर से तिगुना अधिक 13.7 प्रतिशत है। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सुस्त पड़ती अर्थव्यवस्था और उम्रदराज होती आबादी के बीच देशों को अपने कामगारों की आमदनी बढ़ाने और सामाजिक समता देने के लिए शिक्षा, प्रशिक्षण एवं सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की जरूरत है। मंगलवार को जारी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट कहती है कि उत्पादकता में वृद्धि की दर धीमी होने से आय पर असर पड़ रहा है और इस क्षेत्र के दो अरब श्रमिकों की क्रय शक्ति घट गई है। हालांकि, उत्पादकता में सुधार कर सरकारें यह आय बढ़ा सकती हैं और अपने कार्यबल की बढ़ती उम्र को देखते हुए बेहतर तैयारी कर सकती हैं। वर्ष 2023 में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के तीन में से दो श्रमिक दिहाड़ी मजदूरी जैसे असंगठित रोजगार में लगे हुए थे। इस तरह उन्हें संगठित क्षेत्र की नौकरियों से मिलने वाली सुरक्षा नहीं मिली थी। रिपोर्ट के मुताबिक, अच्छी आय सहित बेहतर कामकाजी मानदंडों को पूरा करने वाली नौकरी के अवसरों की कमी न केवल इस क्षेत्र में सामाजिक न्याय को खतरे में डालती है बल्कि यह श्रम बाजार के लिहाज से भी जोखिम पैदा करती है। श्रम उत्पादकता 2004-2021 के दौरान 4.3 प्रतिशत की औसत वार्षिक दर से बढ़ी जिससे क्रय शक्ति समानता के संदर्भ में प्रति श्रमिक आय बढ़ाने में मदद मिली। इस दौरान प्रति व्यक्ति आय 7,700 डॉलर से बढ़कर 15,700 डॉलर हो गई। लेकिन पिछले दशक में इस दर के धीमी होने से संपन्नता की तरफ नहीं बढ़ पा रहे हैं।

# शहरों से ही समृद्धि का रास्ता खुलता है



शहर एक जिंदा चीज है जो हमेशा विकसित होता और बदलता रहता है। जैसा कि कहा भी जाता है, एक शहर अपने लोगों से मिलकर बनता है। शहर अपने लोगों के सौंदर्य बोध को प्रभावित करता है, वह उसके वास्तु पर असर डालता है और उसके समग्र कामकाज पर भी। शहरों की इस काव्यात्मक व्याख्या के अलावा अन्य तमाम विकास संबंधी लाभ भी हैं जो शहरों और शहरीकरण की प्रक्रिया से हमें हासिल होते हैं। सन 2003 तक दुनिया भर में गांवों की तुलना में ज्यादा लोग शहरों में रहने लगे थे।

यह बात स्पष्ट है कि शहरीकरण की दर के मामले में भारत निहायत पीछे है। 2020 में वैश्विक स्तर पर शहरीकरण की दर 56.15 प्रतिशत थी जो अब 34.92 प्रतिशत रह गई है। शहरीकरण और आर्थिक वृद्धि में सकारात्मक संबंधों को चिह्नित करने के बावजूद भारत की दिक्कत शहरीकरण बढ़ाने की उसकी अनिच्छा में नहीं निहित है बल्कि ऐतिहासिक संदर्भों में देखा जाए तो शहरीकरण की धीमी गति की जड़ें स्पष्ट हो जाती हैं।

अध्ययन के विषय के रूप में शहर अपेक्षाकृत नया विषय हैं क्योंकि भारत को प्राथमिक तौर पर गांवों का देश माना गया है। यानी एक ऐसा देश जहां लोग गांवों में निवास करते हैं। यह बात औपनिवेशिक दौर तथा आजादी के बाद के कुछ वर्षों के लिए खासतौर पर उपयुक्त है। बहरहाल, यदि शहरीकरण की ऐतिहासिक दर का पता लगाना हो और उदाहरण के लिए 1960 के दशक के बाद के समय को देखें तो सन 1960 के दशक में शहरीकरण की वैश्विक दर 33.61 प्रतिशत थी। भारत के लिए यह दर 17.94 प्रतिशत थी। विकास की बहस में शहर का सवाल गायब था और औद्योगिक विकास, क्षेत्रीय एकीकरण और आर्थिक वृद्धि आदि आजादी के बाद के वर्षों में देश की प्राथमिकता बने हुए थे। आज ऐसी स्थिति नहीं है। सरकारों को इस बात का अहसास हो गया है कि आर्थिक वृद्धि के वाहक के रूप में शहरों की अहम भूमिका है। 20वीं और 21वीं सदी में भारत में तेजी से और टिकाऊ ढंग से शहरी विकास हुआ। बल्कि विश्व स्तर पर देखें तो 20वीं सदी में पूरी दुनिया में ही तेज शहरीकरण हुआ। खासतौर पर अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया के उन देशों में जो औपनिवेशिक शासन से हाल ही में आजाद हुए थे। वैश्विक



**- अमित कपूर**

> वैश्विक शहरीकरण की संभावनाओं को लेकर संयुक्त राष्ट्र ने एक रिपोर्ट तैयार की थी। उसके मुताबिक एशिया में 2018 में 0 प्रतिशत शहरीकरण हुआ था। अनुमान यह जताया गया था कि 2020 तक एशिया में करीब 51.1 प्रतिशत शहरीकरण हो जाएगा और 2022 तक यह बढ़कर 52.3 प्रतिशत पहुंच जाएगा। भारत एशियाई औसत से अब भी नीचे बना हुआ है। भारत निरंतर एशियाई औसत से नीचे है।

शहरीकरण की संभावनाओं को लेकर संयुक्त राष्ट्र ने एक रिपोर्ट तैयार की थी। उसके मुताबिक एशिया में 2018 में 50 प्रतिशत शहरीकरण हुआ था। अनुमान यह जताया गया था कि 2020 तक एशिया में करीब 51.1 प्रतिशत शहरीकरण हो जाएगा और 2022 तक यह बढ़कर 52.3 प्रतिशत पहुंच जाएगा। भारत एशियाई औसत से अब भी नीचे बना हुआ है। भारत निरंतर एशियाई औसत से नीचे है। अनुमान जताया गया है कि 2022 तक उसकी 35 फीसदी आबादी शहरी इलाकों में जीवन बिताएगी। दक्षिण एशियाई उप क्षेत्र के लिए यह अनुमान 37.6 प्रतिशत है।

इन बातों के बीच एशिया में शहरीकरण हर वर्ष लगभग 0.5 से एक फीसदी की स्थिर दर से बढ़ा है। हालांकि शहरीकरण सालाना वृद्धि का इकलौता निर्धारक कारक नहीं है लेकिन यह बात स्पष्ट है कि शहरीकरण का स्तर वृद्धि और प्रगति की दृष्टि से अहम है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक 2011 से 2020 के बीच शहरी इलाकों में रहने वाले सर्वाधिक लोग केंद्रशासित प्रदेशों में थे। चंडीगढ़ में 2011 के 97.2 फीसदी से बढ़कर 2020 में इनकी तादाद 99.63 प्रतिशत हो गई जबकि दिल्ली में यह 97.5 प्रतिशत से बढ़कर 99.23 प्रतिशत हो गयी।

इसी समय बड़े राज्यों में शहरों में रहने वालों की तादाद में उतनी बढ़ोतरी नहीं हुई। राजस्थान के बारे में अनुमान जताया गया कि 2020 तक उसकी 26.19 प्रतिशत आबादी शहरों में रहने लगेगी। मध्य प्रदेश के बारे में 28.66 प्रतिशत तथा उत्तर प्रदेश के बारे में 23.59 प्रतिशत का अनुमान जताया गया।

अगर इसे इन राज्यों की 2011 से 2020 के बीच की वृद्धि के साथ जोड़कर देखा जाए तो पता चलता है कि राजस्थान की समेकित सालाना वृद्धि दर इस अवधि में 4.35 प्रतिशत थी, उत्तर प्रदेश में यह 4.55 प्रतिशत और मध्य प्रदेश में यह 6.28 प्रतिशत थी।

शहरीकरण के मानकों पर ये सबक देश की वृद्धि की दिशा में सकारात्मक गति से कहीं परे जाते हैं। शहरीकरण से न केवल औद्योगिक क्लस्टरों का निर्माण होता है और प्रत्येक राज्य के भीतर प्रतिस्पर्धा में बढ़ोतरी होती है, बल्कि इसके साथ-साथ वह आय की असमानता कम करने और गरीबी घटाने में भी मददगार साबित होता है। शहरीकरण से रोजगार और आय में इजाफा होता है क्योंकि ज्यादा प्रतिभाशाली लोग शहरों का रुख करते हैं। जब प्रतिभा आती है तो नवाचारी उपाय तलाश किए जाते हैं और देश की समृद्धि में हर व्यक्ति की हिस्सेदारी में सुधार होता है।

भारत में शहरीकरण की गति में निरंतरता तो रही है लेकिन यह धीमी भी रही है। चूंकि एशिया के उभार पर करीबी नजर है इसलिए यह सवाल पूछना बनता है कि इस उभार में भारत की महत्त्वपूर्ण भूमिका होगी या नहीं। आशावादी ढंग से देखा जाए तो देश के जनांकीय भार और लाभ को देखते हुए यह माना जाता है कि एक उभरती शक्ति के रूप में भारत पर भी नजर होगी। बहरहाल, जरूरत इस बात की भी है कि शहरीकरण की गति को बढ़ाया जाए।

इसके साथ ही इस गति को इस प्रकार व्यवस्थित रखने की आवश्यकता है ताकि आबादी का संघनन केवल बड़े शहरों में न हो। यह बात इसलिए खासतौर पर मायने रखती है कि छोटे शहरों की वृद्धि और वहां निवेश की संभावनाएं बड़े औद्योगिक शहरों के इर्दगिर्द ही सीमित रह गई हैं क्योंकि बड़े शहर विकास के वाहक हैं। शहरी वृद्धि के साथ-साथ समृद्धि के साझा लक्ष्य केवल तभी हासिल हो पाएंगे जब पिछड़े शहरों और कस्बों पर ध्यान दिया जाएगा और वहां विकास तथा निवेश संभावनाएं बढ़ाने के लिए काम किया जाएगा।

## खास बात

# योग: दैनिक संस्कार

**स्वामी मुक्तरथ**



वैदिक काल के दौरान सूर्य को सबसे अधिक महत्व दिया गया। हो सकता है कि इस प्रभाव की वजह से आगे चलकर 'सूर्य नमस्कार' की प्रथा का आविष्कार किया गया हो। प्राणायाम दैनिक संस्कार का हिस्सा था तथा यह समर्पण के लिए किया जाता था। हालांकि पूर्व वैदिक काल में योग किया जाता था, महान संत महर्षि पतंजलि ने अपने योग सूत्रों के माध्यम से उस समय विद्यमान योग की प्रथाओं, इसके आशय एवं इससे संबंधित ज्ञान को व्यवस्थित एवं कूटबद्ध किया। पतंजलि के बाद, अनेक ऋषियों एवं योगाचार्यों ने अच्छी तरह प्रलेखित अपनी प्रथाओं एवं साहित्य के माध्यम से योग के परिरक्षण एवं विकास में काफी योगदान दिया।

सूर्य नमस्कारपूर्व वैदिक काल (2700 ईसा पूर्व) में एवं इसके बाद पतंजलि काल तक योग की मौजूदगी के ऐतिहासिक साक्ष्य देखे गए। मुख्य स्रोत, जिनसे हम इस अवधि के दौरान योग की प्रथाओं तथा संबंधित साहित्य के बारे में सूचना प्राप्त करते हैं, वेदों (4), उपनिषदों (18), स्मृतियों, बौद्ध धर्म, जैन धर्म, पाणिनी, महाकाव्यों (2) के उपदेशों, पुराणों (18) में उपलब्ध हैं।अनंतिम रूप से 500 ईसा पूर्व - 800 ईस्वी सन के बीच की अवधि को श्रेष्ठ अवधि के रूप में माना जाता है जिसे योग के इतिहास एवं विकास में सबसे उर्वर एवं महत्वपूर्ण अवधि के रूप में भी माना जाता है। इस अवधि के दौरान, योग सूत्रों एवं भागवद्गीता आदि पर व्यास के टीकाएं अस्तित्व में आईं। इस अवधि को मुख्य रूप से भारत के दो महान धार्मिक उपदेशकों - महावीर एवं बुद्ध को समर्पित किया जा सकता है। महावीर द्वारा पांच महान व्रतों - पंच महाव्रतों एवं बुद्ध द्वारा अष्ट मग्गा या आठ पथ की संकल्पना - को योग साधना की शुरूआती प्रकृति के रूप में माना जा सकता है। हमें भागवद्गीता में इसका अधिक स्पष्ट स्पष्टीकरण प्राप्त होता है जिसमें ज्ञान योग, भक्ति योग और कर्म योग की संकल्पना को विस्तार से प्रस्तुत किया गया है। तीन प्रकार के ये योग आज भी मानव की बुद्धिमत्ता के सर्वोच्च उदाहरण हैं। (सत्यानंद योग मिशन रांची)

# पंचवटी में राम

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**खर** दूषण के साथ उसकी बहन सूर्पनखा गुप्तचरी करती है और हर आने-जाने वाले को टोह लगाती रहती है। मुनि अगस्त्य ने कहा कि आपलोग वहां जाकर अवश्य अपना शिविर बनाएं। ज्योंही वह जानेगी कि कोई अजनबी आए हैं वह तुरंत आ जाएगी और जब वह पास में आ जाए तो देर मत करिए उसका नाक-कान काट दीजिएगा। परिणाम यह होगा कि वह दौड़ कर जाएगी और अपने भाई खर-दूषण को सूचित करेगी। खर-दूषण उसके बाद पूरी क्रोध में सेना लेकर आपलोगों को मारने दौड़ेगा। मैं आपको बता देता हूं कि आप गंधर्व विद्या के जानकार हैं तो आप उस गंधर्व विद्या का प्रयोग करेंगे और उसके द्वारा उसकी दस हजार सेना मारी जाएगी। बच जाएगा खर और दूषण जिसका वध आप वाणों से कर सकते हैं। श्रीराम अगस्त्य मुनि की बात सुन कर पंचवटी की ओर प्रस्थान किये। एक दिन उन्होंने सोचा कि जो कुछ मुनि ने कहा है उससे ये बताया है कि शूर्पणखा जाकर लंका में रावण को बताएगी और वह रावण सीता को हरण करेगा। अतः यह बात हमें सीता को बता देना चाहिए। एक दिन लक्ष्मण जी कंद मूल और फल लेने के लिये जंगल में गये थे तब राम जी ने सीता को बुलाया और सारी कहानी कह दी। वे बोले सीता रावण बध के लिये तुम्हारा अपहरण होगा और तुम्हें लंका जाना पड़ेगा। सीता नेकहा प्रभु यह हाड़ मांस का देह किसी न किसी दिन मिट्टी में मिलेगा। अगर आपके किसी काम आ जाए तो मेरा जीवन धन्य है।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

मेरे जीवन का सबसे पहला रोल रामलीला में हनुमान जी के वानर का था। मै शायद तब 8 साल का था। तो कल #छोटाभीम फि ल्म की प्रमोशन्स के दौरान बहुत सालों बाद हनुमानजी की गदा उठाने का अवसर प्राप्त हुआ।बहुत सुखद अनुभूति हुई।

**-अनुपम खेर, अभिनेता**

## आपके ट्वीट

केन्द्र सरकार के तथाकथित विकास का सच यह है कि भारत के इतिहास में पहली बार 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त अनाज देना पड़ रहा है। हद तो यह है कि गरीबी के इस शर्मनाक आंकड़े को सत्ताधारी दलों के लोग एक बहुत बड़ी उपलब्धि की तरह प्रचारित करते हैं। **-चंपई सोरेन**





सत्संग की महिमा अद्भुत अकथनीय है। विवेक जागरण,दिव्यता के प्रस्फुटन व भगवत्प्राप्ति आदि श्रेष्ठ पुरुषार्थों के मूल में सत्संग ही है ।अतः जीवन सिद्धि के लिए सत्संग अबाध रहे

**- स्वामी अवधेशानंद गिरी जूना अखाड़ा**

# पारिवार खुशहाल तभी जब स्वस्थ रहेंगी स्त्रियां

**मुकेश शर्मा**

## आर्थिक

स्वस्थ जिन्दगी हर किसी की पहली जरूरत होती है लेकिन बहुत से घरों में आज भी महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता में नहीं रखा जाता जो कि अत्यंत ही विचारणीय विषय है। महिला का पूर्ण स्वस्थ होना इसलिए भी बहुत जरूरी है क्योंकि वह अस्वस्थ हो जाए तो घर के बच्चों से लेकर बड़े तक सभी प्रभावित होते हैं। ऐसे में महिला बिस्तर पर पड़ जाए तभी डाक्टर के पास ले जाएं जैसी सोच को बदलना होगा और महिला को पूर्ण रूप से स्वस्थ बनाने के लिए हर जरूरी पहलू पर गंभीरता से विचार करना होगा। यौन और प्रजनन स्वास्थ्य पर भी खुलकर बात करने की जरूरत है ताकि महिला स्वतंत्र रूप से यह निर्णय ले सके कि उसे कब और कितना बच्चा चाहिए।

प्रजनन स्वास्थ्य किसी भी महिला का भारतीय संविधान द्वारा दिया गया वह अधिकार है जिसमें समानता एवं शिक्षा का अधिकार, सही उम्र में विवाह का अधिकार, परिवार नियोजन अपनाने का अधिकार, महिला को बच्चा कब और कितना चाहिए यह निर्णय लेने का अधिकार तथा हिंसा मुक्त एवं पोषणयुक्त खुशहाल जीवन जीने का अधिकार शामिल है। अनचाहा गर्भधारण महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर असर डालने के साथ ही जान को जोखिम में डालने का काम करता है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के पास मौजूद बास्केट ऑफ च्वाइस में से अपना मनपसन्द गर्भ निरोधक विकल्प चुनें और अनचाहे गर्भ से बचकर स्वस्थ रहें और घर में खुशहाली लाएं। इसमें पति से लेकर माता-पिता, सास-ससुर और परिवार के अन्य बड़े सदस्यों की भी अहम भूमिका हो सकती है।

महिलाओं को भेदभाव, घरेलू हिंसा, जबरदस्ती और उपेक्षा से बचाने के बारे में इस दिवस पर हर किसी का ध्यान आकर्षित किया जाता है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना भी जरूरी है। इस दिवस पर संकल्प लेने की जरूरत है कि महिलाओं तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच को आसान बनायेंगे। सुरक्षित एवं कानूनी गर्भपात के बारे में शिक्षित बनाएंगे । युवाओं के यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार के साथ ही एचआईवी/एड्स के प्रति भी जागरूकता लायेंगे।

इस दिवस को मनाने की सार्थकता तभी है जब स्वास्थ्य देखभाल पहुंच में लैंगिक असमानता को पूरी तरह से दूर करते हुए महिलाओं को मानसिक स्वास्थ्य, मातृ कल्याण और यौन व प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार के प्रति सशक्त बनाया जाए। महिलाओं और लड़कियों को उच्च शिक्षा तक पहुंचने के लिए उचित और समान अवसर दिया जाए और व्यावसायिक प्रशिक्षण मुहैया कराया जाए। घरेलू हिंसा और संभावित मानव तस्करी पर चर्चा हो । कम उम्र में शादी और शादी के तुरंत बाद गर्भ धारण जैसी सोच को बदला जाए। करियर में उन्नति के लिए समान रास्ते विकसित करने के साथ ही वेतन असमानता को दूर करने की तरफ और पर्याप्त प्रयास हों। देश में आज भी 15 से 49 वर्ष आयुवर्ग की कम ही महिलाएं यौन संबंधों, गर्भनिरोधक साधनों के इस्तेमाल और यौन स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में अपनी पसंद को प्राथमिकता दे पाती हैं। इस तरह इस आयु वर्ग की बहुत सी महिलाओं के पास अब भी यौन और प्रजनन स्वास्थ्य संबंधी निर्णय लेने का अधिकार नहीं है। इसके लिए जरूरी है कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से इस गंभीर विषय पर एकजुटता के साथ चर्चा की जाए और जागरूकता के उपायों पर विचार किया जाए । कार्यशालाओं आदि के माध्यम से गर्भपात से जुड़ीं भ्रांतियों को दूर किया जाए। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों का इस्तेमाल करते हुए महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता लायी जाए।

## कॉर्टून वर्ल्ड

यूक्रेन का हाल...




साभार कॉर्टून मूववेंट डॉट कॉम

## लेटर टू एडीटर

### चुनावी नारे

**चुनाव** का बिगुल बजते ही लुभावने वादों के साथ जन प्रतिनिधि जनता के दरबार में सेवक की भांति पेश होते दिखाई देते हैं। गरीबी उन्मूलन, बेरोजगारी दूर करना, मुफ्त बिजली-पानी, मकान, मुफ्त शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं, किसानों का कर्ज माफ व उनकी आय दोगुनी करना ये ऐसे कुछ वादे हैं जिन्हें अपने चुनाव घोषणा-पत्र में शामिल कर राजनीतिक पार्टियां सालों से अपनी रोटियां सेंकती आ रही हैं। **- प्रकाश, रांची**

### गेंहू का मूल्य

**समर्थन** मूल्य पर गेहू जैसी उपज की सरकारी खरीद जारी है। खबरों के मुताबिक कई केंद्रों पर उपज को सुरक्षित रखने के माकूल इंतजाम नहीं हैं। पिछले वर्ष भी जब सरकारी खरीदी की गई और बेतरतीब मौसम की बेरुखी के चलते पानी गिरने से बेशकीमती गेहू पानी में भीगने से सड़-गल गया था। ऐसे में सरकार पिछले साल के कटु अनुभव को ध्यान में रखते हुए अभी से उचित उपाय करने चाहिए।

**-दिवाकर, मेदिनीनगर**

# हिन्दी के पत्र-पत्रिकाओं का राष्ट्र के विकास में योगदान

## सामयिक

**(हिन्दी पत्रकारिता दिवस/30 मई/विशेष) योगेश कुमार गोयल**

हिन्दी पत्रकारिता के 198 वर्षों के इतिहास में समय के साथ पत्रकारिता के मायने और उद्देश्य बदलते रहे हैं किन्तु उसके बावजूद सुखद स्थिति यह है कि हिन्दी पत्रकारिता के पाठकों या दर्शकों की रुचि में कोई कमी नहीं आई।

यह अलग बात है कि अंग्रेजी मीडिया और उससे जुड़े कुछ पत्रकारों ने भले ही हिन्दी पत्रकारिता की उपेक्षा करते हुए सदैव उसकी प्रमाणिकता एवं विश्वसनीयता पर सवाल उठाने की कोशिशें की हैं किन्तु वास्तविकता यही है कि पिछले कुछ दशकों में हिन्दी पत्रकारिता ने अपनी ताकत का बखूबी अहसास कराया है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उसकी विश्वसनीयता बढ़ी है। यह हिन्दी पत्रकारिता की बढ़ती ताकत का ही नतीजा है कि कुछ हिन्दी अखबारों ने अनेक संस्करणों के साथ प्रसार संख्या के मामले में कुछ अंग्रेजी अखबारों को भी पीछे छोड़ दिया है।

हिन्दी पत्रकारिता की शुरूआत 30 मई 1826 को कानपुर निवासी पं. युगुल किशोर शुक्ल द्वारा प्रथम हिन्दी समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड के प्रकाशन के साथ हुई थी, जिसका अर्थ था समाचार सूर्य। उस समय अंग्रेजी, फारसी और बांग्ला में कई समाचारपत्र निकल रहे थे किन्तु हिन्दी का पहला समाचारपत्र उदन्त मार्तण्ड 30 मई 1826 को कलकत्ता से पहली बार प्रकाशित हुआ था, जो साप्ताहिक के रूप में आरंभ किया गया था। पहली बार उसकी केवल 500 प्रतियां ही छापी गई थीं। चूंकि कलकत्ता में हिन्दी भाषियों की संख्या काफी कम थी और इसके पाठक कलकत्ता से बहुत दूर के भी होते थे, इसीलिए संसाधनों की कमी के कारण यह लंबे समय तक प्रकाशित नहीं हो पाया। 4 दिसम्बर 1826 से उदन्त मार्तण्ड का प्रकाशन बंद कर दिया गया लेकिन इस समाचारपत्र के प्रकाशन के साथ ही हिन्दी पत्रकारिता की ऐसी नींव रखी जा चुकी थी कि उसके बाद से हिन्दी पत्रकारिता ने अनेक आयाम स्थापित किए हैं। उदन्त मार्तण्ड के बाद अंग्रेजी शासनकाल में अनेक हिन्दी समाचारपत्र व पत्रिकाएं एक मिशन के रूप में निकलते गए किन्तु ब्रिटिश शासनकाल की ज्यादतियों के चलते उन्हें लंबे समय तक चलाते रहना बड़ा मुश्किल था, फिर भी कुछ पत्र-पत्रिकाओं ने सराहनीय सफर तय किया। अब परिस्थितियां बिल्कुल बदल चुकी हैं और हिन्दी पत्रकारिता भी मिशन न रहकर एक बड़ा व्यवसाय बन गई है किन्तु अच्छी बात यह है कि आज भी हिन्दी पाठक व दर्शक अपनी-अपनी पसंद के अखबारों व चैनलों के साथ पूरी शिद्दत से जुड़े हैं।देश-विदेश की हर छोटी-बड़ी हलचल से लेकर तमाम ज्वलंत मुद्दों और हर प्रकार की नवीनतम जानकारियों को जुटाकर अपने पाठकों या दर्शकों के सामने प्रस्तुत करने की बात हो या, व्यवसायीकरण के आरोपों या घर बैठे दुनिया की सैर कराने की, तमाम विरोधाभासों के बावजूद हिन्दी पत्रकारिता यह काम बखूबी कर रही है और आमजन के भरोसे पर खरा उतरते हुए हिन्दी पत्रकारिता आज आम जनजीवन का अभिन्न अंग बन चुकी है। अधिकांश हिन्दी समाचारपत्रों के अब ऑनलाइन संस्करण उपलब्ध हैं।

विगत कुछ वर्षों में देश में बड़े-बड़े घोटालों का पदार्फाश करके अनेक सफेदपोशों के चेहरों पर पड़े नकाब उतार फेंकने का श्रेय भी पत्रकारिता जगत को ही जाता है, जिसमें हिन्दी पत्रकारिता की भूमिका को भी किसी भी लिहाज से कमतर नहीं आंका जा सकता। वर्तमान में जहां देशभर में नैतिक मूल्यों में बड़ी गिरावट आई है और राजनीतिज्ञों, विधायिका, कार्यपालिका तथा न्यायिक व्यवस्था पर से लोगों का विश्वास कम होता जा रहा है, वहीं पत्रकारिता भी इस नैतिक पतन का शिकार होने से नहीं बची है।

हालांकि आज के पूर्ण व्यावसायिकता के दौर में पत्रकारिता को अव्यावसायिक बनाए रखने की बात करना बेमानी होगा क्योंकि इस पेशे से जुड़े लोगों को भी अपने परिवार के पालन-पोषण के लिए इसे एक व्यवसाय के रूप में अपनाना अनिवार्य होता गया है लेकिन व्यावसायिकता के इस दौर में भी इसे एक उद्योग-धंधे के रूप में स्थापित करने के प्रयासों के चलते पत्रकारिता के मानदंडों को ताक पर रखने की प्रवृति से तो हर हाल में बचना ही चाहिए।

## स्पीड न्यूज

### पीवीयूएनएल ने लगाया समर कैंप



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पीवीयूएनएल पतरातु ने बुधवार को 15 दिनों के लिए समर कैंप लगाया। कैंप में 6 से 12 वर्ष तक के 70 बच्चों ने दाखिल लिया। इसका उद्घाटन आरके सिंह और सीनियर ऑफिशियल ने किया। कैंप नेता जी सुभाष हाल में आयोजित किया जा रहा है। हर साल की तरह इस साल भी 15 दिन के कैंप में बच्चो को डांस, योग, साइंस, थिएटर और अन्य स्किल्स पर क्लासेज दी जाएगी। कहा गया कि समर कैंप बच्चों के एक साथ आने और मौज मस्ती करने का एक विशेष शिविर है। वे घर से दूर सुरक्षित वातावरण में नए साहसिक प्रयास करते हैं और नई चीज सीखते हैं। इस प्रकार उनमें स्वतंत्रता की भावना विकसित होती है। वे नए दोस्त भी बनाते हैं और मेल जोड़ बढ़ाते हैं, जिससे उनके सामाजिक कौशल और आत्मविश्वास का विकास होता है।

### इंजीनियरिंग कॉलेज में मिलन समारोह कल

**रजरप्पा।** आईआईसी आरईसी द्वारा आयोजित मिलन समारोह रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में शुक्रवार को सुबह 12 बजे से होगा। इंजीनियरिंग कॉलेज की इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) कॉलेज की चयनित परियोजनाओं की एक परियोजना प्रदर्शनी कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। रामगढ़ जिले के सभी स्कूलों और कॉलेजों को भी अपनी अभिनव परियोजनाओं को प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित किया गया है, ये जो समाज में अच्छा प्रभाव डाल सकता हैं। यह जानकारी पल्लव दास मीडिया समन्वयक ने दी।

### रजरप्पा में भीषण गर्मी से सन्नाटा



**रजरप्पा।** भीषण गर्मी से दोपहर तक सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। मंगलवार को दोपहर अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस रहा। लोग गर्मी से राहत पाने के लिए गन्ने का रस, जूस, कोल्ड ड्रिंक्स, आइसक्रीम का इस्तेमाल कर रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों में तापमान में हल्की गिरावट आने की संभावना है। रजरप्पा में पड़ रही भीषण गर्मी के मद्देनजर डॉक्टर लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। लू के थपेड़े लोगों को परेशान कर रहे हैं। आलम यह है कि लोगों को चेहरे पर कपड़ा बांधकर एवं छाता लेकर घर से निकलना पड़ रहा है। दोपहर के समय सड़कों पर आवाजाही कम देखी जा रही है। मुख्य बाजारों और चौराहों पर सन्नाटे की स्थिति दिख रही है। सूरज की तपिश इतनी बढ़ गई है कि सुबह 9-10 बजे से ही धूप झुलसाने लगती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार गरम हवाओं के चलने से शरीर में पानी की कमी होने का अंदेशा बना रहता है। यही नहीं हीट स्ट्रोक की संभावनाएं भी बढ़ जाती है। आंखों की बीमारियां होने का खतरा भी बढ़ जाता है। चिकित्सक ऐसे मौसम में धूप व लू से बचने और बार-बार पानी पीने की सलाह दे रहे हैं। ताकि शरीर में पानी की कमी ना हो सके।

### बाइक दुर्घटनाग्रस्त, एक घायल

**बड़कागांव।** बड़कागांव उरीमारी मुख्य मार्ग स्थित पसेरिया गांव के पास बुधवार सुबह लगभग 9:30 बजे एक मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गया। चालक महेंद्र प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गया। अचानक मोटरसाइकिल लॉक हो जाने के कारण संतुलन बिगड़ गया जिसके कारण यह घटना हुई। चालक महेंद्र प्रसाद के हाथ और पैर में गंभीर चोट आई है। बताया गया कि हेलमेट रहने के कारण सिर में चोट नहीं लगी अन्यथा स्थिति गंभीर हो सकती थी। महेंद्र हजारीबाग से सयाल जा रहा था। राहगीरों के प्रयास से इलाज के लिए पतरातू ले जाया गया।

### गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**केरेडारी।** प्रखंड में बढ़ती तपिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लू के थपेड़ों से लोगों के चेहरे झुलस रहे हैं। सुबह 9 बजते ही इसका असर दिखने लगता है। रोज कमाने खाने वाले कामगारों को अधिक परेशानी हो रही है। चिलचिलाती धूप के कारण लोग दिन का काम जैसे तैसे निपटा कर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक अपने अपने घरों में दुबके रहते हैं। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है। इसका असर व्यापार जगत पर भी पड़ रहा है। एक ओर प्रचंड गर्मी और दूसरी ओर अनियमित विद्युतआपूर्ति से लोग परेशान हैं। बढ़ती गर्मी से सड़कों पर पैदल चलनेवालों की संख्या न के बराबर हो जाती है।

### राणी सती मंदिर में दादी उत्सव भव्य महाआरती के साथ संपन्न

**हजारीबाग।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष राणी सती मंदिर दो दिवसीय दादी उत्सव मंदिर परिसर में बड़े ही धूमधाम हुआ।उत्सव के प्रथम दिन मंदिर परिसर में भव्य मंगल पाठ का आयोजन हुआ। वहीं दूसरे दिन मंदिर परिसर में प्रात: काल में मंगला आरती के बाद दादी जी का पाटा पूजा हुआ। इसके पश्चात संध्या में 13 सुहागन महिलाओं ने राणी सती दीदी की भव्य महाआरती की, जिसे पूर्व मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा ने दादी जी की पूजा अर्चना की, इसके पश्चात भव्य भजन संध्या प्रारंभ हुआ।
भजन संध्या में धनबाद के भजन गायक पंकज मोदी एवं टाटानगर के भजन गायक शिवम पंसारी पधारें। दोनों गायक ने अनेकों भजनों से दादी भक्तों को जमकर झुमाया। तू चली आ भवानी चुनर ओढ़ के.....बैठे स्वागत में दिल का दरवाजा खोल के, सारे दु:ख दूर हमारे हो गए.....जब से झुंझुन वाली हम तुम्हारे हो गए, हम दादी के लाडले, हम पर किसका जोर, पल पल रक्षा करती मां.....ये सतियों की सिरमौर जैसे भजनों पर पंकज मोदी एवं शिवम पंसारी ने दादी भक्तों को जमकर झुमाया।

# हजारीबाग में सुबह आठ बजे से शुरू होगी काउंटिंग

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव को लेकर 4 जून को होने वाली मतगणना को लेकर प्रत्याशियों एवं एजेंटों की बैठक जिला निर्वाचन अधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में बुधवार को सभाकक्ष में हुई। उपायुक्त ने प्रत्याशियों एवं एजेंटों को मतगणना संबंधित चुनाव आयोग के प्रोटोकॉल की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ईवीएम-वीवीपेट गणना, पोस्टल बैलट गणना एवं ईटीपीबीएस प्री- काउंटिंग व गणना, प्रति विधानसभावार 5-5 वीवीपेट (रैंडमली सिलेक्टेड) की पर्चियों की गणना एवं मतगणना के बाद




ईवीएम सीलिंग कार्य की संपूर्ण प्रक्रिया के प्रत्येक बिंदु से अवगत कराया।

उपायुक्त ने कहा कि गणन अभिकर्ताओं को मतगणना परिसर में पेन,पेपर एवं पेपर पैड के अलावा अन्य कोई सामग्री नहीं ले जा सकते हैं।

**›› मतगणना को ले प्रत्याशियों और एजेंटों के साथ डीसी ने की बैठक, दिये कई निर्देश**

उन्होंने कहा कि मतगणना के लिए सुबह 5:30 से सभी वज्रगृह को खोला जाएगा जिसमें प्रत्याशियों और एजेंटों की उपस्थिति अनिवार्य है। सुबह 8 बजे से मतगणना प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने मतगणना के दौरान निर्वाचन एवं मतगणना अभिकर्ताओं की नियुक्त, दायित्व व कार्यों के बारे में जानकारी दी। बैठक में अभ्यार्थियों एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं के द्वारा की गई क्वेरिज पर भी जानकारी दी। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया एवं सभी अभ्यर्थी उपस्थित थे।

## विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा ने जीएम को सौंपा 9 सूत्री मांग-पत्र

**कहा- 10 दिनों के अंदर मांगों पर पहल नहीं हुई तो होगा आंदोलन**

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा ने अपनी 9 सूत्री मांगों को लेकर बरका-सयाल महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। मोर्चा के अध्यक्ष सह कुरसे मुखिया संदीप उरांव के नेतृत्व में सौंपे गये पत्र कहा गया है कि हमारी सभी मांगों पर तत्काल सकारात्मक पहल नहीं किया गया तो बलकुदरा आउटसोर्सिंग परियोजना में एक दिवसीय धरना दिया जायेगा। आगे पत्र में कहा गया है कि भुरकुंडा परियोजना वर्षों से चलते आ रहा। जिसमें स्थानीय विस्थापितों का सैकड़ो एकड़ जमीन इस परियोजना के अंतर्गत अधिग्रहण किया गया है। पूर्व में भी इस परियोजना के द्वारा लोकल सेल का संचालन किया गया। लेकिन स्थाई व वैकल्पिक रोजगार यहां के विस्थापित प्रभावितों को मुहैया नहीं कराया गया। जिसके कारण यहां के स्थानीय प्रभावित अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। समय रहते हुए यहां के स्थानीय प्रभावितों का समस्या का समाधान और मांग पूरा नहीं हुआ तो आंदोलन के लिए हम ग्रामीण तत्पर रहेंगे। विस्थापित-प्रभावितों की मांगों में भुरकुंडा रोड सेल संचालन अविलंब चालू कर 80 प्रतिशत विस्थापित प्रभावितों को अधिकार देने, सीसीएल के खाली पड़े जमीन को चिन्हित कर विस्थापितों को रोजगार के लिए जमीन मुहैया कराने, बलकुदरा परियोजना में हैवी ब्लास्टिंग पर अविलंब रोक लगाने और क्षतिग्रस्त घरों को चिन्हित कर मरम्मत कराने, सीसीएल द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली की समुचित व्यवस्था करने, सीसीएल के सीएसआर मद का योजना व खर्च के चयन का अधिकार स्थानीय जनप्रतिनिधियों को देने, बंद पड़ी पोखरिया खदानों को मत्स्य पालन के लिए विस्थापित प्रभावित को केज निर्माण कराकर देने, भूमिगत खदानों के अधीग्रहण के कारण जलस्तर कम होने वाले क्षेत्रों में पेयजल की व्यवस्था करने, विस्थापितों को विस्थापित प्रमाण-पत्र देने के लिए चिन्हित करने, सेल संचालन का अधिकार विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा को देने शामिल है। पत्र के अंत में कहा गया है कि अगर 10 दिनों के अंदर प्रबंधन द्वारा मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं किया गया तो विस्थापित-प्रभावित बाध्य होकर उग्र आंदोलन करेंगे। जिसकी सारी जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन की होगी। पत्र में मोर्चा के अध्यक्ष सह कुरसे मुखिया संदीप उरांव, मनोहर मुंडा, कार्तिक मुंडा, आदित्य केरकेट्टा आदि के हस्ताक्षर अंकित हैं।

### इचाक में पारा 42.05 के पार, सुख रही सब्जी

इचाक। बुधवार का दिन इचाक वासियों के लिए इस साल का सबसे गर्म दिन रहा। पिछले दस साल के आंकड़ों में 29 मई को सबसे अधिक गर्म दिन रहा। बुधवार को इचाक का तापमान 42.05 डिग्री रिकार्ड किया गया। आग उगलते गर्मी से जहा खेतों में लगा जेठूआ साग सब्जी के फसल फल देने से पूर्व खेतों में मुर्झांकर सूखने लगे हैं, वही कमोवेश पटवन की सुविधा के बाबजूद बिजली के अभाव में समय से सिंचाई नहीं होने से किसानों को दोहरी मार का दंश झेलना पड़ रहा है। चपरख के किसान सुरेंद्र मेहता, नागो कुशवाहा ने बताया कि खेतो में लगा, कद्दू , खीरा, करेला, नेनुआ, परोरर, टमाटर, धनिया, बैगन का पौधा देखे ही गर्मी में झुलसकर नष्ट हो जा रहा है। वहीं रात में बिजली की अनियमित कटौती ने उमस भरी गर्मी में लोगो को छतों पर रात गुजारने को विवश कर दिया है। दिग्धी के ग्रामीण बिजली सिंह, चैता सिंह, अनिल सिंह, बिनोद रविदास ने बताया कि अगल बगल के गांव में हाथियों के झुंड के चलकड़ामी ने ग्रामीणों की नींद उड़कर रखा है। भिनभिनाती मच्छरों और मक्खियों से लोगों का जीना मुहाल हो गया है लोगों की मानें तो पांच साल पूर्व इलाके में मच्छरों का इतना प्रकोप नहीं था। उस समय गर्मी भी कम लगता था।

## दहकते अंगारों पर नंगे पांव चले शिवभक्त

**पतरातू।** प्रखंड के बरतुआ गांव में आयोजित मंडा पूजा में भक्तों ने दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर शिव भक्ति की कठिन परीक्षा दी। शिवालय में शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना कर तीन दिनों से चले आ रहे निर्जला उपवास व्रत को तोड़ा। मंडा पूजा समिति के तत्वावधान में शिव-पार्वती पूजा के बाद मेला का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजमो के केंद्रीय महासचिव निशि पांडेय और आजसू के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। जबकि मौके पर पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, मुखिया किशोर कुमार महतो, पंसस बेबी देवी सहित दर्जनों गणमान्य और कमेटी के पदाधिकारी शामिल हुए। मेला में छऊ नृत्य हुआ, जिसमें बंगाल से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक छऊ नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की वाहवाही लूटी। मौके पर मंडा पूजा समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार महतो, उपाध्यक्ष नरेंद्र महतो, सचिव अजीत कुमार, सह सचिव राज लाल महतो, कोषाध्यक्ष प्रेम कुमार महतो, उप कोषाध्यक्ष छोटू करमाली मीडिया प्रभारी भुवनेश्वर महतो, संरक्षक पंचायत समिति सदस्य बेबी देवी, उपसंरक्षक रामलाल महतो, कामेश्वर सिंह, दिनेश कुमार महतो, दीपक कुमार महतो, गोविंद मुंडा, कमल किशोर महतो, नरेश कुमार महतो, सुनील कुमार महतो, महादेव महतो, रामपाल महतो, जयनाथ महतो, धीरेंद्र कुमार महतो, रवि, संतोष, जितेंद्र, श्याम नंदन, बबन, संजय, सुरेश, राजवीर, ओमप्रकाश, शैलेंद्र, प्रभु, रूपनाथ, सरोज, विकास, राजलाल, बबन, मुकेश, ओमप्रकाश, हीरालाल, दिलीप, राजकुमार, कालेश्वर महतो आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

### टिकट चेकिंग में पकड़े गए 2059 यात्री, 11 लाख वसूला गया जुर्माना

**रामगढ़।** भारतीय रेल के धनबाद मंडल जोन में बुधवार को एक बार फिर बड़े पैमाने पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में 2059 यात्रियों को पकड़ा गया है। इन यात्रियों से लगभग 11 लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया है। वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमरेश कुमार ने बताया कि धनबाद मंडल के विभिन्न खण्डों के साथ-साथ धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग की जा रही हैं। यह मेगा टिकट चेकिंग अभियान दिन-रात चलाया जा रहा है । जांच अभियान में बुधवार को 2059 यात्रियों को पकड़ा गया। बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रियों को पकड़ा गया। उनसे 10 लाख 97 हजार 430 रुपये जुर्माना वसूला गया।

## टाटीझरिया में नल जल योजना का काम अधूरा

### संवेदक की मनमानी से बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**टाटीझरिया ।** हजारीबाग जिले के टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के आठों पंचायत में नल जल योजना का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से नहीं होने की वजह से ग्रामीणों को पानी की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। संवेदक की मनमानी तरीके से कार्य के चलते लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। स्थिति यह है कि लगभग सभी ग्राम पंचायतों में योजना का कार्य आधा अधूरा किया गया है। कही आधा अधूरा पाइप बिछी है तो कही टंकी का निर्माण में अनियमितता बरती गई है।ऐसे में लोगो को पीने के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है। ऐसे ही स्थिति खैरा पंचायत के घसनिया चौक टोला,और आदिवासी बहुल क्षेत्र कारी चट्टान,सिझूआ , सिमरा ढाव गांव की है। जहां टंकी तो खड़ी है कुछ घरों में पाइप लाइन कनेक्शन किया गया है तो कुछ में ओ भी नहीं किया गया है बता दे की खैरा पसंस बिनय कुमार ने बताया कि पेय जल स्वछता प्रमंडल हजारीबाग विभाग के संवेदक कर्मियों द्वारा सिर्फ पेयजल टंकी लगाकर सरकार के योजना हर



घर नल जल नाम के तहत खाना पूर्ति की जा रही है। विगत कई दिन बीत गए खैरा पंचायत में पानी टंकी तैयार हुए लेकिन किसी के यहां पानी की एक बूंद तक नहीं पहुंच सका। यहां तक की दूरी में बोरिंग नही करने के वजह और जगह जगह बोरिंग करने के वजह से पानी की दूरी भी काफी अंदर चला गया। पूर्व में लगा चापानल भी पानी देना बंद कर दिया तो आस पास के कई कुआ की पानी का भी इसी वजह से झरना खत्म हो गया। ऐसे में भीषण गर्मी के दौरान पेय जल की काफी संकट क्षेत्र में आन पड़ी है। वही बता दे की आदिम जनजाति के लोग नदी से बालू को खोदकर अपनी प्यास बुझाने को विवश है।दूषित पानी पीने से कई लोग बीमार भी हो जा रहे है।इन्हे देखने वाला कोई नही है।सरकार द्वारा चलाई गई नल जल योजना सिर्फ आस बनकर बैठी हुई है।ग्रामीण ध्यान लगाए हुए है की नल जल द्वारा शुद्ध पानी पीने की नसीब कब होगा। वही टाटीझरिया प्रखंड के झरपो, भराजो,खैरा,टाटीझरिया , बेड़म,डूमर ,धर्मपुर, डहरभंगा आठ पंचायत लगभग सभी पंचायतों में नल जल योजना का काम विगत दो वर्षो से की जा रही है। लेकिन आज तक आधा अधूरा है।संवेदक मनमानी तरीके से कार्य करवाते है। यहां बोलने वाले कोई नही है झरपो पंचायत के शांति मार्ग रोड में बसा भुइंया टोला में पाइप लाइन बिछाने के दौरान संवेदक कर्मियों द्वारा पूर्व में लगे पाइप को भी तोड़ फोड़ कर दिया गया था । जो ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद पाइप जोड़कर पानी का उपयोग कर रहे है। वही पेयजल स्वक्षता प्रमंडल हजारीबाग ,डीसी , एसपी,विद्युत आपूर्ति विभाग, पीएम कार्यालय ,झारखंड सरकार ,टाटीझरिया थाना प्रभारी, झरपो पंचायत मुखिया सह टाटीझरिया प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी समेत अन्य विभाग को झरपो निवासी राम लखन पांडेय द्वारा लिखित आवेदन अपने जमीन में पानी टंकी नहीं बैठाने को लेकर गुहार लगाया था। चूंकि उनके घर के दरवाजे पर ही टंकी बिना पूछताछ किए बनाया जा रहा था। घर के समीप टंकी लगाए जाने से महज 4 से 5 फिट के अंतराल में मैन रोड पर ही 11 हजार बोल्ट हाईटेंशन तार गुजरा है ।जो गर्मियों में खुलकर 2 से 3 फिट आ जाता है । कभी भी आस पास के घरों ,यातायात वाहनों,पैदल राहगीरों को जानलेवा दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ सकता है। संवेदक कर्मियों में सिकंदर सिंह और दानिश द्वारा उनके परिजनों को जबरन निजी जमीन में पानी टंकी बैठाने की बात कर रहे है और नही बैठाए दिए जाने पर भविष्य में आपात कालीन दुर्घटनाओं को अंजाम देने की धमकियां दे रहे है।

## एक नजर में

### फाइलेरिया विलोपन को लेकर कार्यशाला



**हजारीबाग।** राष्ट्रीय फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम के तहत एक से 10 जून तक नियमित टीकाकरण के शुद्धिकरण, एम. आर-1 एवं एम.आर-2 में ड्रॉप्ट एवं लेफ्ट आउट को कम करने करने लेकर बुधवार को सिविल सर्जन, हजारीबाग की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स / जिला समन्वय समिति की बैठक हुई। जिसमें अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी हजारीबाग, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, हजारीबाग, जिला मलेरिया सह आर.सी.एच. पदाधिकारी, हजारीबाग, जिला कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पदाधिकारी, हजारीबाग, प्रबन्धक, जेएसएलपीएस, हजारीबाग, जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, एन.एच.एम. हजारीबाग, प्रभारी जीव विज्ञानवेत्ता, हजारीबाग, जिला भी.बी.डी. सलाहकार, हजारीबाग एवं जिला प्रतिनिधि, पीरामल फाउन्डेशन, हजारीबाग के अतिरिक्त विभिन्न सा.स्वा. केन्द्रों से सी. एच.ओ., एएनएम. एम.टी.एस. एस.आई, एवं एम.पी.डब्ल्यू. उपस्थित थे। उक्त टास्क फोर्स/जिला समन्वय समिति के उपस्थित सदस्यों/पदाधिकारियों/कर्मियों से अनुरोध किया गया कि मलेरिया रोधी माह में मलेरिया रोग से बचाव हेतु आम जन में जागरूकता लाने के लिए विभिन्न प्रचार-प्रसार कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन में अपेक्षित सहयोग करें।

### बरही : अवैध बालू उत्खनन में चार गिरफ्तार

**बरही।** प्रखंड के कई क्षेत्रों मे बालू का अवैध खनन जोरों पर है। वहीं बरही पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध रुप से बिना वैद्य कागजात के बालू का परिवहन कर सरकारी राजस्व को क्षति पहुंचाने के आरोप मे बरही थाना कांड संख्या 217/24, धारा 414/201/34 भादवि एवं 21/4 एमएमडीआर एक्ट एंड 54 जेएमसीसी रूल के अंतर्गत चार ट्रैक्टर चालक एवं मालिक के विरुद्ध कांड दर्ज किया है। इस कांड के प्राथमिकी नामजद अभियुक्त मुकेश शर्मा पिता रामचन्द्र शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा पिता बहादुर शर्मा दोनों सा- कोल्हुआकला, रामचन्द्र यादव पिता दर्शन महतो, राहुल कुमार पासवान पिता जागेश्वर पासवान दोनों साकिन बैरिसाल निवासी को अवैध रुप से बालु का उत्खनन कर बिना चालान के परिवहन करते रगे हाथ पकड़े जाने के आरोप में गिरफ्तार कर उचित मार्ग रक्षण में न्यायिक हिरासत में भेजा गया। ज्ञात हो कि बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत बराकर नदी के विभिन्न घाटों से प्रतिदिन बड़े पैमाने पर दर्जनों ट्रैक्टर से अवैध रूप से बालू का उठाव कर बिक्री की जा रहा है। बरही थाना क्षेत्र के गौरियाकर्मा के निचितपुर, कोल्हुआकला, धोबियापहरी, बैरीसाल, बेहराबाद स्थित बराकर नदी से बालू खनन कर ट्रैक्टर के माध्यम से भारी मात्रा में बालू का धंधेबाज बेखौफ अवैध बालू उत्खनन कर मोटी कमाई कर रहे हैं और सरकार को राजस्व की क्षति पहुंचा रहे है।

### विष्णुगढ़ में विहीन प्ले स्कूल का उद्घाटन



**विष्णुगढ़।** बैंक ऑफ इंडिया विष्णुगढ़ के समीप रविवार को विहीन प्ले स्कूल का उद्घाटन समाजसेवी चेतलाल महतो झामुमो मांडू विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौरव पटेल एवं पूर्व जिप सदस्य जय प्रकाश सिंह पटेल के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया । इस अवसर पर गौरव पटेल ने स्कूल की प्रशंसा करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि यहां बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलेगी। यहां बहुत अच्छी सुविधा उपलब्ध है, जिसका फायदा बच्चों को मिलेगा। अंग्रेजी मीडियम स्कूल का होना अगल बगल के गांवों के लिए काफी फायदेमंद रहेगा और स्कूल का सराहना करते हुए कहा कि यहां बच्चों को शिक्षा कुछ अलग तरीके से मिलेगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोग स्कूल की सुविधाओं को देखकर काफी प्रभावित हुए। विद्यालय के निर्देशक मुकेश कुमार ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के तहत नए पाठ्यक्रम के अनुरूप विद्यालय की स्थापना की गई है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय में सभी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 15 जून 2024 तक विद्यालय में नामांकन नि:शुल्क है मौके पर झारखंड छात्र मोर्चा के पूर्व केन्द्रीय प्रवक्ता नीतीश पटेल , बनासो बीएड कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार चतुवेर्दी कुसुम्भा मुखिया दुलारचंद पटेल, हिरामन महतो , ए के वाई एस फाउंडेशन के सदस्य संजय महतो बानुआर, मुकेश बंसरिआर, छोटन प्रसाद ,हेमंत महतो समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### बरही में पारा पहुंचा 44 डिग्री पार




**बरही।** सूर्य की तपिश एवं तेज गर्मी ने अब अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। बरही में बुधवार को पारा 44 डिग्री पर पहुंचा। रात का तापमान भी 36 डिग्री हो गया है। सूरज के तीखे तेवर से दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा नजर आया। तेज गर्मी और हिट वेव से हीट स्ट्रोक का भी खतरा लोगों पर बना हुआ है। मौसम रिपोर्ट के अनुसार आगामी 5-7 दिनों तक पारा ओर बढ़ेगा। भीषण गर्मी, लू और तपन से लोग बेहाल है। सुबह के 9 बजते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर जा रहा है। लोग बाहर जाना पसंद नहीं कर रहे हैं। पारा 44 डिग्री को पार कर चुका है, लोग गर्मी से बचाव के लिए कई जतन कर रहे हैं। भीषण गर्मी से बचाव के लिए लोग शीतल पेय के साथ साथ अन्य ठंढक सामग्रियों का उपयोग कर रहे हैं। गर्मी का सितम पर आंचल की छाया। गर्मी की तेज तपिश और पारा 44 डिग्री के अधिक होने से लोगों परेशान है। जरूरी काम से बाहर निकलने वाले लोग अपना गर्मी से बचाव कर रहे हैं। ऐसे में लोगो को पैदल चलने के लिए भी गर्मी से बचाने के लिए तौलिया, स्कार्फ वगैरह का सहारा लिया जा रहा है। गर्मी के मौसम में शरीर को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी है। दिनभर में कम से कम 3-4 लीटर पानी जरूर पिएं। ठंडी चीजें खाने से शरीर का तापमान कम करने में मदद मिलती है। गर्मियों में दही, छाछ, तरबूज, खीरा आदि का सेवन करें। ढीले और हल्के रंग के कपड़े शरीर को ठंडा रखने में मदद करते हैं। गहरे रंग और टाइट कपड़े खास तौर पर जिंस पहनने से बचे। अगर धूप में निकलना ही पड़े तो छाता, टोपी या सिर ढकने के लिए गमछे का इस्तेमाल करें। स्नारियल पानी में इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं, जो शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करते हैं। गर्मियों में नारियल पानी का सेवन जरूर करें। लू लगने के लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत ओआरएस घोल पीएं।

## भीषण गर्मी को देखते हुए जलापूर्ति को लेकर जिला स्तरीय क्यूआरटी टीम गठित

# पेयजल की समस्या से प्रभावित इलाकों में जरूरत के अनुसार टैंकर से करें जलापूर्ति : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** भीषण गर्मी को देखते हुए जिले में आम जनों तक पेयजल की सुविधा, विशेषकर शहरी क्षेत्रों में सुलभ एवं अबोध तरीके से उपलब्ध कराये जाने को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देशानुसार क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) का गठन किया गया है। उपायुक्त ने क्यूआरटी. टीम को निदेश दिया है कि जिन क्षेत्रों में पेयजल की समस्या उत्पन्न होती है अथवा पेयजल से संबंधित पेयजल पाईप के क्षतिग्रस्त होने, मोटर खराब होने की स्थिति में अपने-अपने क्षेत्रों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के निमित



आपस में समन्वय स्थापित कर त्वरित गति से सभी आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। साथ ही जिन क्षेत्रों में पाईप लाईन अथवा अन्य कारणों से पेयजल की सुविधा उपलब नहीं हो पा रही है, उन स्थलों पर टैंकर को टैग करते हुए पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

**जिला स्तर क्यूआरटी टीम में ये शामिल हैं :** पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, कोडरमा दीपक कुमार, कनीय अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, कोडरमा 7541920901 नगर परिषद, झुमरी तिलैया, कोडरमा

सतीश कुमार, नगर प्रबंधक, नगर परिषद, झुमरी तिलैया 7004049486 नगर पंचायत कोडरमा संजीत कुमार साहू, सीएमएम, नगर मिशन प्रबंधक, नगर पंचायत कोडरमा 8340281548 वहीं क्यूआरटी टीम के वरीय पदाधिकारी के रूप में कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल कोडरमा एवं संबंाित नगर निकाय क्षेत्र के प्रशासक को रखा गया है और उन्हें क्षेत्रों से आने वाली पेयजल समस्या के निराकरण हेतु क्यूआरटी टीम के द्वारा किये जा रहे कार्यों का अनुश्रवण करने का निर्देश दिये। साथ ही क्यूआरटी टीम के सभी सदस्यों को पूरी संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया है।

## भीषण गर्मी के दौरान रहें सावधान : उपायुक्त

**कोडरमा।** इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है और तापमान में निरंतर वृद्धि हो रही है, जिस कारण आम जन मानस को इस भीषण गर्मी से कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस निमित हमें सावधानी बरतनी चाहिए।

**क्या करें:** घर से बाहर निकलने के पहले भरपेट पानी अवश्य पियें। सूती, ढीले एवं आरामदायक कपड़े पहनें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढंककर रखें, टोपी/ कपड़ा/ छतरी का उपयोग करें। पानी, छांछ, ओआरएस का घोल या घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नीबू पानी, आम का पानी इत्यादि का सेवन करें। भरपेट ताजा भोजन कर ही घर से निकलें, धूप में अधिक न निकलें।

**क्या न करें:** धूप में खाली पेट न निकलें, शरीर में पानी की कमी न होने दें, मिर्च मसाले युक्त एवं बासी भोजन न करें, कूलर या एयर कंडीशन से धूप में एकदम न निकले।

## एक नजर में

## चतरा लोकसभा: लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर प्राथमिकी दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** चतरा लोकसभा आम चुनाव 2024 के कार्यों में लापरवाही बरतने वाले कुल 9 शिक्षक एवं सहायक अध्यापकों के ऊपर चतरा सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इन शिक्षकों में आबिद हुसैन, गिरिजा भुईयां, किसुन कुमार यादव, बहादुर राम, संजय कुमार, विनोद प्रजाप्रति, सत्यम, दिलीप कुमार गुप्ता और मनोरंजन महाजन शामिल हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि इन कर्मियों को विभिन्न कोटि के मतदान पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था, लेकिन वे चतरा कॉलेज, चतरा में डिस्पैच के समय अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। इनके अनुपस्थित रहने के कारण पार्टी मिलान करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा और उनका यह कृत्य निर्वाचन कार्य को बाधित करना है। इन लापरवाह शिक्षक/ सहायक अध्यापक कर्मियों के विरूद्ध जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134, की धारा 187, 188 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वेयर हाउस का निरीक्षण किया



**खबर मन्त्र संवादाता**

**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने आज निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण किया और भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर वेयर हाउस में सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य का जायजा लिया। उपायुक्त ने सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा मानकों का जांच किया और पाया कि सभी मानक क्रियान्वित हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी कुमारी वेदवंती समेत अन्य कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

## कौलेश्वरी माता व हनुमान मंदिर का वार्षिक महोत्सव मना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड स्थित महुआटांड़ में कौलेश्वरी माता एवं हनुमान मंदिर का वार्षिक महोत्सव मनाया गया। मुख्य रूप से विनय सिंह एवं अरुण सिंह ने फिता काटकर पूजा का आयोजन किया। इनका मानना है की पूजा भक्ति करने से मन में श्रद्धा का भाव बढ़ता है और भगवान की पूजा अर्चना करने से गांव में शांति स्थापित रहता है। वहीं बच्चे और महिलाओं ने खासकर कौलेश्वरी माता और हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा वार्षिक महोत्सव में भाग लिया। मौके पर अरविंद सिंह, राजकुमार सिंह, सिंटू सिंह समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## योग्यता आधारित शिक्षा पर सेमिनार का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** शैक्षिक प्रथाओं और व्यावसायिक विकास को बढ़ाने के लिए एक ठोस प्रयास में, तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में शिक्षक संवर्धन कार्यक्रम के तहत योग्यता आधारित शिक्षा पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर बर्लिंग्टन पब्लिकेशन के नरोत्तम सैकिआ शामिल हुए। मुख्य वक्ता नरोत्तम सैकिआ ने योग्यता-आधारित शिक्षा की गहन खोज के साथ सेमिनार की शुरुआत की, जिसमें इसके छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण को समझाया गया जो पारंपरिक ग्रेडिंग सिस्टम पर कौशल और ज्ञान की महारत को प्राथमिकता देता है। उन्होंने कक्षाओं में इस नवीन दृष्टिकोण को लागू करने के लिए विभिन्न रणनीतियों को साझा किया, जिसमें व्यक्तिगत छात्र की जरूरतों के अनुरूप व्यक्तिगत और प्रभावी शिक्षा पर जोर दिया गया। इस अवसर पर ग्रिजली विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने प्रगतिशील



शैक्षिक पद्धतियों को अपनाने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित शिक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा की हमारा लक्ष्य ऐसी शिक्षा प्रदान करना है जो छात्रों को वास्तविक दुनिया में सफल होने के लिए आवश्यक दक्षताओं से सशक्त बनाए। वहीं प्राचार्या अंजना कुमारी ने कहा की दक्षताओं पर यान केंद्रित कर, हम विवि शिक्षण शैलियों को पूरा कर सकते हैं और प्रत्येक छात्र को आगे बढ़ने में मदद कर सकते हैं। उन्होंने शिक्षकों को प्रत्येक छात्र की क्षमता को उजागर करने के साान के रूप में योग्यता आधारित शिक्षा को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के द्वारा प्रस्तुत इंटरैक्टिव चर्चाएं, व्यावहारिक उदाहरण और केस स्टडीज प्रदर्शित की गईं, जिसमें दिखाया गया कि कैसे योग्यता-आधारित शिक्षा शैक्षिक परिणामों को बदल सकती है। शिक्षकों को अपने अनुभवों और चुनौतियों को साझा करने, आपसी विकास और सीखने के सहयोगात्मक माहौल को बढ़ावा देने के लिए आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम का समापन प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जिससे शिक्षकों को मुख्य वक्ता नरोत्तम सैकिआ के द्वारा स्पष्टीकरण और मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिला। सत्र के दौरान साझा की गई अंतर्दृष्टि ने प्रतिभागियों को अपने शिक्षण प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए नई रणनीतियों से प्रेरित और सुसज्जित महसूस कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रिजली विद्यालय के संयोजक विजय कुमार सिंह, जितेंद्र चौधरी, बीडी नस्कर, अनुराग कुमार सिंह, तुषार राय चौरी, प्रीति जगनानी, स्टूडेंट सर्विस सेल के संयोजक सुधांशु कुमार, सीसीए संयोजक पंकज उपाध्याय, ग्रिजली पब्लिक स्कूल के संयोजक सकिंदर कुमार, अनीता कुमारी, शिक्षक कुमार राजीव, शफीक आलम, सहित ग्रिज़ली विद्यालय एवं ग्रिज़ली पब्लिक स्कूल के शिक्षक उपस्थित थे।

## मतगणना पर्यवेक्षक व मतगणना सहायक को दिया गया प्रशिक्षण



**खबर मन्त्र संवादाता**

**चतरा।** जिले में लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए मतगणना कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मतगणना सहायक, मतगणना पर्यवेक्षक और माइक्रो ऑब्जर्वर शामिल थे।

प्रशिक्षण 29 मई 2024 को जिला खनिज कौशल विकास केंद्र भवन, चतरा में आयोजित किया गया। मतगणना सहायकों को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक, मतगणना पर्यवेक्षकों को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक और माइक्रो ऑब्जर्वर को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक प्रशिक्षण दिया गया। 31 मई 2024 को भी मतगणना कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## गर्मी से अभी नहीं मिलेगी राहत, और चढ़ेगा पारा!

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** इस सीजन का सबसे गर्म दिन मंगलवार रहा। तापमान 43 डिग्री पार अर्थात 44 डिग्री सेल्सियस के करीब रहा। अधिकतम तापमान का इस साल का नया कीर्तिमान है। इस साल पहली बार तापमान 44 डिग्री तक पहुंचा है। इससे पूर्व 30 अप्रैल को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। पिछले चार-पांच दिनों से मौसम खुशगवार था। अधिकतम और न्यूनतम तापमान गिरा हुआ था। अधिकतम 39 डिग्री और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। कई स्थानों पर बेमौसम वर्षा हुई, लेकिन मंगलवार को परिस्थिति विपरीत रही। सुबह से ही सूर्य की किरण सख्त थी। भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों का कहर जारी है। तापमान में कोई गिरावट नहीं हो रही है, बल्कि सोमवार की अपेक्षा मंगलवार को एक डिग्री की वृद्धि रही। दस बजे के बाद धूप में निकलने पर मानो ऐसा प्रतीत हो



रहा था कि यदि ज्यादा समय तक रहे तो शरीर जलने लगेगा। गर्म हवा और लू के थपेड़ों से जन जीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त है। दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा जैसा नजारा था। भीषण गर्मी और लू से परेशान अधिकांश लोग घरों में ही एक प्रकार से कैद रहे। वैसे दोपहर के तीन बजे के बाद स्थिति थोड़ी अनुकूल हुई, लेकिन लू का प्रभाव शाम तक देखने को मिला। शाम ढलने के बाद उमस होने लगता है। मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। नगर परिषद प्रशासन द्वारा मच्छरों को भगाने के लिए फागिंग मशीन का उपयोग नहीं किया जा रहा है। 35 लाख रुपये की फॉगिंग मशीन कार्यालय की शोभा बढ़ा रही है। मौसम जानकारों का कहना है कि आने वाले दो-तीन दिनों तक स्थिति ऐसे ही रहेगी। बल्कि गर्मी और लू का प्रकोप और अधिक बढ़ सकता है।

### लू चलने से सड़कों पर दिखा सन्नाटा

**कोडरमा।** जिले में गर्मी का सितम बढ़ गया है। बुधवार को कोडरमा का अधिकतम पारा 43 डिग्री दर्ज किया गया। ऐसे में दिन भर गर्मी लोगों को झुलसाती रही. सुबह के आठ बजते ही आसमान से बरसता आग लोगों को झुलसाता रहा। तापमान बढ़ने से आम जनजीवन पर सीधा असर दिखा। लू के कारण जहां ज्यादातर लोग घरों से बाहर नहीं निकले, वहीं कुछ लोगों को दिन भर इसी गर्मी में काम करने की मजबूरी दिखी। कुदरत का कहर लोग झेलने के लिए मजबूर हो गये हैं। भीषण गर्मी व लू के थपेड़ों ने आम लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। दिन प्रतिदिन गर्मी बढ़ती जा रही है। सूरज आग उगलने लगा है, तो लगातार बढ़ती गर्मी से जनजीवन अस्त व्यस्त होने लगा है। अहले सुबह से ही चिलचिलाती धूप लोगों को घर से लेकर सड़कों तक झुलसा रही है। लगातार पड़ रही भीषण गर्मी से अधिकांश कामकाज पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। बुधवार की सुबह से ही सूर्य का तेवर लोगों को झुलसा रहा था। इसके कारण सुबह से ही लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया था। हालांकि, जरूरी काम से लोग घर से बाहर निकले। बुधवार सुबह 10 बजे ही तापमान 43 डिग्री पहुंच गया था। गर्मी से बचाव के लिए लोग घरों में पंखा व कूलर का सहारा लेते दिखे। लेकिन विद्युत विभाग द्वारा बिजली कटौती ने भी लोगों को परेशान कर रखा। लोग दिन भर पसीने से त्रस्त दिखे। दोपहर में जहां चिलचिलाती धूप ने परेशान किया, वहीं गर्म हवा का कहर भी आम जनों पर बरसता रहा। ऐसे में जरूरी कामकाज से बाहर निकलने वाले लोग कोई छतरी, तो कोई दुप्पटा के सहारे धूप से बचाव करते हुए सड़कों पर नजर आये। शहर के बाजार में पूरी तरह सन्नाटा पसरा दिखा। बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 43 व न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आने वाले दिनों में भी ऐसा ही रहेगा मौसम इधर, आने वाले दिनों में भी तापमान में गिरावट की संभावना नहीं दिख रही है। गुरुवार को शहर का अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस होने की संभावना है। गर्मी का सितम, 43 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा पारा लू चलने से सड़कों पर दिखा सन्नाटा।

## परेशानी से डीएफओ को कराया अवगत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** प्रखंड के चंद्रोडीह के ग्रामीणों ने वन प्रमंडल पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर कचरा डंपिंग यार्ड से आम लोगों व पशुओं को हो रही परेशानी से अवगत कराया है। उन्होंने कहा है कि झुमरीतिलैया नगर परिषद द्वारा चंद्रोडीह में कचरा निस्तारण (डंपिंग यार्ड) का निर्माण करा दिया गया। इस निर्माण से जमा कचड़ों से प्रदूषण फैल रहा है, जिससे आम आवाम इस ओर से गुजरना दुर्लभ हो गया है। साथ ही 100 मीटर की दूरी पर जंगल भी है, जिन्हें भी इस डंप कचड़े से वन्य प्राणियों पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों में संतोष यादव, प्रकाश यादव, राजकुमार यादव, लालजीत यादव, संतोष कुमार आदि शामिल थे। इन समस्याओं से निजात पाने के ग्रामीणों ने वन प्रमंडल पदाधिकारी से गुहार लगाई है।

## जेएमएम जिलाध्यक्ष ने सीओ से मिलकर बालू की समस्या से कराया अवगत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवारा (कोडरमा)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने सीओ से मिलकर बालू संबंधित चर्चा की तथा हर पहलू पर कार्रवाई की मांग की। वहीं उन्होंने कहा कि आए दिन चंदवारा प्रखंड के सभी थाना क्षेत्र के अंतर्गत खुलेआम बालू माफियाओं की गुंडागर्दी चल रही है और थानेदार मौन रहते हैं, जो कई तरह का सवाल खड़ा करता है। साथ ही उन्होंने कहा अबुवा आवास आम जनता का बन रहा है, उसमें छूट देने की आवश्यकता है।

वहीं सीओ ने आश्वासन दिया कि इस तरह का कारनामा मैं कभी बर्दाशत नहीं करूंगा और बालू माफियाओं के द्वारा जिस तरह से आए दिन बालू चोरी का खबर हमें प्राप्त हो रही है इससे झारखंड सरकार को करोड़ों की राजस्व क्षति हो रही है।

## घर निर्माण कार्य में उपयोग होने वाले सामग्री सड़कों पर रखने वालों पर होगी कार्रवाई : हर्षवर्धन

### झुमरीतिलैया शहर की सफाई व्यवस्था सिर्फ खानापूर्ति

**अशरफ हुसैन**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर की सफाई व्यवस्था से लेकर फुटपाथी बाजार को बस स्टैण्ड में बसाने या घरों में निर्माण कार्य में उपयोग होने वाले सामग्री को सड़कों पर रखने जैसी कई समस्याओं के समाधान को लेकर नगर परिषद के द्वारा किए गए बड़े-बड़े वादे खोखले साबित हो रहे हैं। इसके पीछे का कारण कोई ठोस नीति नहीं बनाया जाना बताया गया। नए कार्यपालक प्रशासक हर्षवर्धन के योगदान दिए जाने के बाद शहर के लोगों में एक आस जगी थी कि शायद अब झुमरीतिलैया शहर का कायाकल्प होगा पर वही 'ढाक के तीन पात' वाली कहावत आज भी चरितार्थ होता दिख रहा है। शहर की मुख्य सड़कों को अगर छोड़ दिया जाए तो आज भी गली मोहल्ले में लगा गंद्गी का अंबार सफाई अभियान का पोल खोलता





नजर दिखेगा। नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं घरों के निर्माण कार्य में उपयोग होने वाले सामग्री को सड़कों पर गिराकर अतिक्रमण किए जाने वाले लोगों पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होती है। इसी प्रकार फुटपाथ पर लगने वाले बाजार को अब तक चयनीत स्थल बस स्टैंड, अशोका होटल या महात्मा गांधी मार्ग पर स्थानांतरित नहीं कराया जाना, स्टेशन रोड में अवैध तरीके से फुटपाथ पर लगने वाले ठेले खोमचे से उत्पन्न जाम की समस्या से लोगों को राहत नहीं मिलना, नगर परिषद की कार्यशाली पर प्रश्न चिन्ह है। अभियान के नाम पर सिर्फ बैठकें कर खाना पूर्ति की जाती है।

#### क्या कहते हैं अधिकारी

इस संबंध में नगर परिषद के कार्यपालक प्रशासक हर्षवर्धन ने कहा कि शहर में सुबह शाम दो शिफ्ट में सफाई अभियान चलाया जाता है, मगर शहर के लोगों द्वारा सफाई होने के तुरंत बाद घरों के कचरों को सड़कों पर लाकर फेंक दिया जाता है। वहीं घर के निर्माण कार्य में उपयोग होने वाले सामग्री को सड़कों पर रखकर अतिक्रमण किए जाने के मामले में उन्होंने कहा कि जल्द ही वैसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी, इसके लिए सिटी मैनेजर को निर्देश दिया गया है।

## आपदा प्रबंधन को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**कोडरमा।** सामाजिक संस्था समर्पण द्वारा दूधी माटी स्थित होटल सिलिब्रेशन में आपदा प्रबंधन कार्यों के सफल क्रियान्वयन को लेकर कार्यशाला सह आइएजी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से रांची से आये इंटर एजेंसी ग्रुप झारखंड के प्रोग्राम डायरेक्टर सुरेंद्र झा, राज्य समन्वयक सुवीर कुमार, डायरेक्टर फाइनेंस शैली मैथ्यू मौजूद थे। इंटर एजेंसी ग्रुप-झारखंड के राज्य समन्वयक सुबीर कुमार ने आइएजी के मिशन पर चर्चा करते हुए कहा कि झारखंड सहित पूरे विश्व में जल स्तर नीचे जा रहा है। विकास के नाम पर हम प्रकृति से छेड़छाड़ कर रहे है। इसकी रोकथाम के लिए सरकार के पास योजनाएं तो हैं, मगर लोगों के पास जानकारी नहीं है।

# इस बार 20 राउंड में पूरी होगी मतगणना, सबसे ज्यादा 20 टेबुल जुगसलाई विस क्षेत्र की

- डीसी अनन्य मित्तल ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक
- मतगणना के तैयारियों की समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** इस बार जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में मतगणना के 20 राउंड होंगे। आज जिला प्रशासन और प्रत्याशियों के चुनाव एजेंट के साथ हुए विमर्श में बताया गया कि को-ऑपरेटिव कॉलेज मतगणना केंद्र में मतगणना के लिए जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों क्रमशः जुगसलाई, घाटशिला, बहरागोड़ा, पोटका, जमशेदपुर पूर्व और जमशेदपुर पश्चिम से आये ईवीएम से मतों की गिनती के लिए टेबुल तय किए गए। बूथों की संख्या में इजाफा को देखते हुए मतगणना टेबुल की संख्या बढ़ायी गयी है। पहले सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए 14-14 मतगणना टेबुल होते थे किंतु इस बार जुगसलाई में मतगणना के 20 टेबुल होंगे, पोटका के लिए 16, जमशेदपुर पश्चिम के लिए 16 और जमशेदपुर पूर्व के लिए 15 मतगणना टेबुल होंगे। बहरागोड़ा के लिए 14 और घाटशिला के लिए 15 मतगणना टेबुल होंगे।

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देशित किया कि सुबह 7 बजे से पहले मतगणना के लिए प्रत्याशियों के एजेंटों एवं प्रत्याशियों को मतगणना स्थल पर प्रवेश करना है। एक बार प्रवेश करने पर सीधे मतगणना खत्म होने पर ही बाहर निकलना है। अगर पहले मतगणना केंद्र से कोई निकल जाता है तो उसे फिर दुबारा प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जायेगी। बैठक में निर्दलीय प्रत्याशियों ने डीसी से कहा कि



मतगणना की तैयारियों की समीक्षा बैठक में निर्देश देते डीसी अनन्य मित्तल।

जिस तरह मतगणनाकर्मियों के लिए प्रशासन चाय-नाश्ते और भोजन का प्रबंध करता है उसी तरह प्रत्याशियों और उनके एजेंटों के लिए भी करना चाहिए। इस पर डीसी ने कहा कि अभी तक इस पर चुनाव आयोग का कोई मार्गदर्शन अथवा निर्देश नहीं है।

दूसरी ओर, समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में मतगणना के तैयारियों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। कॉलेज परिसर में प्रत्याशियों व उनके कार्यकर्ता के बैठने की व्यवस्था, वाहन पार्किंग, काउंटिंग एजेंट का पहचान पत्र, परिसर की साफ-सफाई, पेयजल, चलंत शौचालय समेत मतगणना केन्द्र में सीसीटीवी कैमरे, मतगणना की वीडियोग्राफी, इंटरनेट, माइकिंग सिस्टम, कंट्रोल रूम, मीडिया सेंटर आदि को लेकर चर्चा की गई।

डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतगणना स्थल पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें। टेबलवार मतगणना कार्मिक की प्रतिनियुक्ति के अलावा मतों की गिनती के दौरान किसी कार्मिक की तबीयत खराब होने या अन्य कारणों की दशा में कोई बाधा न आए इसके लिए विधानसभावार मतगणना पार्टी रिजर्व में रहेंगे। सभी एआरओ एवं प्रभारी पदाधिकारियो को निर्देशित किया कि काउंटिंग से संबंधित तैयारियों को ससमय सुनिश्चित किया जाये। उन्होने कहा कि संबंधित अधिकारी अपने से संबंधित कार्य का भलीभांति अध्ययन कर तैयारी पूर्ण करें। मतगणना सुबह आठ बजे से शुरू होगी। जिसमें सबसे पहले पोस्टल बैलेट की मतगणना होगी। उसके बाद ईवीएम में दर्ज वोटों की गिनती शुरू होगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण रूप से संपन्न होने के बाद को-ऑपरेटिव कॉलेज में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों को स्ट्रांग रूम में रखा गया है। 4 जून को मतगणना का कार्य संपन्न होगा। मतगणना के लिए जिन अधिकारियों को ड्यूटी लगाई गई है उनका चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार प्रथम रेंडमाइजेशन का कार्य किया गया है। अभी दो रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया और होंगी। पहला रेंडमाइजेशन पूल के अनुसार हुआ, दूसरा विधानसभा के अनुसार किया जाएगा तथा आखिरी रेंडमाइजेशन टेबल के अनुसार होना है। सुबह आठ बजे मतगणना का कार्य शुरू हो जायेगा।

बैठक में उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनंत कुमार, अपर उपायुक्त रोहित सिन्हा, अपर नगर आयुक्त मानगो नगर निगम रंजीत लोहरा, निदेशक एनईपी अजय साव, उप नगर आयुक्त जेएनएसी कृष्ण कुमार, जिला योजना पदाधिकारी अरूण द्विवेदी, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, एसडीओ धालभूम पारूल सिंह, एसडीओ घाटशिला सच्चिदानंद महतो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नेहा संजना खलखो समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### चांडिल : कुल्हाड़ी से मार कर वृद्धा की हत्या

**चांडिल।** मंगलवार की देर रात चांडिल थाना क्षेत्र के सुकसारी गांव के तिरिलडीह टोला में 65 वर्षीय वृद्ध महिला की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी गयी। जानकारी के अनुसार मृतक का बेटा रात करीब साढ़े दस बजे मेला देखकर घर पहुंचने पर घर के पास में ही मृत अवस्था में अपनी मां को देखा। मृतक की पहचान चांडिल थाना क्षेत्र के सुकसारी गांव के तिरीलडीह टोला के रहने वाली 65 वर्षीय लुसी मांझीयान, पति स्व रामधन सोरेन के रूप में हुई है। चांडिल पुलिस ने मृतका के बेटा को पकड़ कर पूछताछ कर रही है। घटना के वक्त मृतका के एक बेटी घर पर थी। घटना के बाद से बेटी फरार है।

### ब्राउन शुगर रखने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** मानगो थाना अन्तर्गत मानगो चौक मछली मार्केट के पास ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री की सूचना पर जमशेदपुर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 03 अपराधकर्मियों को 38 पुड़िया ब्राउन सुगर, 04 मोबाईल एवं 3190 नकद के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### तालसा क्लब में यूसील के सहयोग से रेडक्रॉस ने लगाया हेल्थ कैंप

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा भारत सरकार के उपक्रम यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सहयोग से बुधवार को तालसा स्थित तालसा क्लब में स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में आसपास के तुरामडीह, छोटा तालसा, बिन्दापुर, धतकीडीह, केरवाडुंगरी, धोडांगा तथा पाथरडीह के ग्रामीणों ने आकर अपना इलाज कराया। शिविर में नेत्र चिकित्सक डॉ बीपी सिंह, डॉ जया मोइत्रा एवं उनके सहयोगी चिकित्सक ने 64 ग्रामीणों की जांच कर उन्हें जरूरत के अनुसार दवा व परामर्श प्रदान किया, इसके साथ ही 10 नेत्र रोगियों के आंखों की जांच की गयी, जिसमें से 4 को जरूरत के अनुसार चश्मा व 6 को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चुना गया, जिन्हें 22 जून को ऑपरेशन की तिथि देकर बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय बुलाया गया है।

# पूर्वी सिंहभूम में दो दुखद मौत से पसरा मातम

## एमजीएम अस्पताल की कर्मचारी पिंकी कुमारी का निधन, शोक

- रेस लगा रहे तीन ऑटो ने पिंकी की स्कूटी को धक्का मार दिया था
- उपायुक्त को मामले संज्ञान लेते हुए हस्तक्षेप करना चाहिए : विकास सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एमजीएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में क्लर्क के पद में कार्यरत पिंकी कुमारी का प्रातः 5 बजे टाटा मुख्य अस्पताल में निधन हो गया। मामले की जानकारी मिलने के बाद भाजपा नेता विकास सिंह टाटा मुख्य अस्पताल पहुंचे अस्पताल में मौजूद पिंकी कुमारी की बड़ी बहन और उनके बहनोई (बेंगलुरु में रहते हैं) ने बताया कि शनिवार के दिन पिंकी को राज्य सरकार ने चुनाव कार्य में लगाया था। रविवार के दिन साप्ताहिक छुट्टी थी। संध्या 7:20 पर अपने मंगेतर के साथ




पिंकी समता नगर से डिमना चौक जा रही थी। इसी क्रम में एनएच 33 स्थित महिंद्रा शोरूम के समीप तीन ऑटो चालक आपस में रेसिंग लगा रहे थे। उसी में एक ऑटो चालक से पिंकी की स्कूटी में धक्का लग गया, जिसे पिंकी के मंगेतर चला रहे थे और पिंकी बैठी थी। धक्का लगते ही पिंकी बीच सड़क पर गिर गयी। उसकी हालत गंभीर थी। आनन-फानन में मंगेतर ने उसको टाटा मुख्य अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टर ने उसकी स्थिति को चिंताजनक बताया।

पिंकी के पिताजी की मानसिक हालत ठीक नहीं है। मंगेतर ने इसकी सूचना उसकी बड़ी बहन (बेंगलुरु में कार्यरत) को दिया बेंगलुरु से उसके बहन और बहनोई जमशेदपुर पहुंचे। किसी प्रकार भाजपा नेता विकास सिंह का नंबर व्यवस्था कर विकास को फोन कर मामले की जानकारी दी। सूचना मिलने पर विकास सिंह टाटा मुख्य अस्पताल जाकर मामले की जानकारी लेते हुए मानगो थाना को फोन कर मामले की जानकारी देकर उचित कार्रवाई करने की बात कहीं। तीन दिनों से जिंदगी और मौत से जूझ रही पिंकी का प्रातः 5 बजे निधन हो गया। टाटा मुख्य अस्पताल बकाया करीब एक लाख रुपया मांग रहा है। सूचना मिलने पर विकास अस्पताल एवं पिंकी के आवास जाकर परिजनों से मिलकर शोक प्रकट किया।

## वोट देकर तमिलनाडु लौटने के क्रम में बहरागोड़ा के श्रमिक की गालूडीह में मौत

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**घाटशिला।** जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान कर बहरागोड़ा का श्रमिक श्रीमत सोरेन की तमिलनाडु लौटने के



क्रम में बुधवार को गालूडीह वराज कॉलोनी में उसकी मौत हो गयी। गालूडीह थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश ने बताया कि लोगों ने सूचना दी की एक व्यक्ति कॉलोनी के पास पेड़ के नीचे पड़ा हुआ है पुलिस मौके पर पहुंची एवं श्रमिक श्रीमत हांसदा को उठाकर घाटशिला अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित करते हुए पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम अस्पताल रेफर किया। घटना की सूचना मिलने पर घाटशिला विधायक रामदास सोरेन अनुमंडल अस्पताल पहुंचकर मृतक की पत्नी रानी हांसदा से घटना की जानकारी ली। रानी हांसदा ने बताया कि बहरागोड़ा प्रखंड के बरसोल थाना क्षेत्र अंतर्गत धर्मपुर गांव के हैं। तमिलनाडु में किसी कपड़ा मिल में पति काम करते थे। लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए घर आये हुए थे। शनिवार को मतदान के बाद रविवार को वापस तमिलनाडु लौट गये। तमिलनाडु जाने के क्रम में बलमगीर स्टेशन पर सर में चक्कर आने से गिर गये थे। वहां जीआरपी पुलिस ने उठाकर अस्पताल में भर्ती कराया था। ठीक होने पर मृतक श्रीमत हांसदा ने फोन पर सूचना दी थी कि उनकी तबीयत अच्छी नहीं हो वापस लौट रहे हैं। आज बुधवार को भी ट्रेन से स्टेशन पर उतरने के बाद उन्होंने फोन किया था। इसके बाद से कोई अता-पता नहीं चला। पुलिस ने सूचना दी की श्रीमत हांसदा का निधन हो गया है। विधायक ने एसडीओ से बात कर जमशेदपुर में पोस्टमार्टम करने के लिए व्यवस्था करने को कहा।

## एक और दो को होगा श्री साईंनाथ देव स्थानम् का दो दिवसीय स्थापना महोत्सव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** साई परिवार विश्व सेवा संस्थान के तत्वाधान में श्री साईनाथ देवस्थानम, घोड़ाबांधा, टेल्को मंदिर परिसर में आगामी 1 जून एवं 2 जून, रविवार को दो दिवसीय स्थापना दिवस महोत्सव का आयोजन किया जायेगा क इस संदर्भ श्री साईनाथ देवस्थानम, घोड़ाबांधा, टेल्को में एक संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया कपत्रकारों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अनुप रंजन ने बताया कि समूर्ण पूजन अनुष्ठान शिर्डी मंदिर से पधार रहे पंडिताचार्य श्री दिगंबर कुलकर्णी के निर्देशन में होगा

1 जून 2024 का कार्यक्रम : प्रातः 5 से संध्या 6.00 बजे तक काकड़ आरती, मंगल स्नान, पूजन, हवन इत्यादि। संध्या 6.30 बजे सुंदरकाण्ड पाठ (संगीतमयी, विद्वान पुरोहितों के द्वारा) रात्रि 9 बजे शेज आरती।

## एक दिन में 13 पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों को समर्पित 13 अमृतधारा का किया शुभारंभ

- मारवाड़ी युवा मंच जमशेदपुर शाखा का अनोखा कदम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच जमशेदपुर शाखा ने राष्ट्रीय प्रकल्प अमृतधारा के अंतर्गत 13 पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम पर एक दिन में 13 अमृतधारा का 13 अलग-अलग स्थानों पर शुभारंभ किया। मायुमं जमशेदपुर शाखा अध्यक्ष अश्विनी अग्रवाल की अध्यक्षता में इस सत्र का अब तक का 28वां कुल 64 अमृतधारा लगाया जा चुका हैं। 13 पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रमशः प्रमोद सराफ, ओम प्रकाश



बजाज, ओम प्रकाश अग्रवाल, स्व. पवन सिकारिया, प्रमोद शाह, अनिल जैना, बलराम सुल्तानिया, अनिल जाजोदिया ,विनोद कुमार गुप्ता, ललित एस गांधी, रवि अग्रवाल, अमित अग्रवाल, कपिल लखोटिया हैं, जिनके नाम पर 13 अमृतधारा का शिलान्यास हुआ। इस महत्वपूर्ण कदम के माध्यम से, मायुमं जमशेदपुर शाखा ने समर्थन और सामाजिक कार्य को मजबूती देने का नया संदेश दिया है।

## एक नजर में

### ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने एमजीएम में बांटा भोजन



**जमशेदपुर।** बुधवार को ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से एमजीएम अस्पताल में इलाज करा रहे मरीज के अभिभावक, अटेंडर और रिश्तेदारों के बीच 525 लोगो को दोपहर का भोजन वितरण किया गया। जिसमे फ्रूट केक, सेब, पेप्सी, ब्रेड, केला का वितरण मुख्य अतिथि सीनियर इंजीनियर आईबीएम सॉफ्टवेयर मोहम्मद अफताब आलम एवं विशिष्ट अतिथि परवेज खान उर्फ साजो भाई के हाथों बांटा गया। मो अफताब आलम ने बताया की पिछले वर्षो से इस तरह के समाजिक कार्य को किए जाने की खबर पढ़ता था, मेरे दिल में इच्छा हुई कि मैं भी इस काम से जूडू और आज वो कोलकाता से आया हूं और मुझे ये मौका मिला। ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के प्रेसिडेंट मतिनुल हक अंसारी, सेक्रेटरी मुख्तार आलम खान, ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर, हुजैफा आलम, मोहम्मद मोइनुद्दीन अंसारी, हाजी अयूब अली, रिजवानुज जमा, डॉक्टर ताहिर हुसैन, मास्टर खुर्शीद खान, नादिर खान मौजूद थे।

### मारवाड़ी समाज ने किया भोजन वितरण



**जमशेदपुर।** मारवाड़ी समाज ने बुधवार को समाजसेवी स्व विनोद कुमार अग्रवाल के जन्मदिवस पर उनकी याद में साकची बाजार श्री शिवमंदिर के सामने आम लोगों के बीच प्रसाद (भोजन हलवा, पुलाव, पुड़ी, सब्जी, छाछ एवं आम का पानी) का वितरण किया। इसका आयोजन स्वर्गीय विनोद अग्रवाल के पुत्र लालचंद एवं बबलू अग्रवाल ने किया था। जिसमें तीन हजार से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर मारवाड़ी समाज के गणमान्य क्रमशः ओम प्रकाश रिंगसिया, सुभाष शाह, महाबीर प्रसाद मोदी, उमेश शाह, बजरंग लाल अग्रवाल, सांवरमल अग्रवाल, पंकज छावछरिया, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, मोहित शाह, सन्नी संघी, यस अग्रवाल, अमन अग्रवाल, मोहित मूनका, नरेश सिंघानिया, कैलाश छावछरिया, गिरिधारी लाल खेमका, प्रदीप केडिया, रजनी बंसल,ज्योति अग्रवाल, केसर छावछरिया, राखी अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, कविता अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, मनीषा संघी, सुनीता केडिया, पायल अग्रवाल, निभा मोदी आदि शामिल होकर अपने हाथों से प्रसाद वितरण किया।

### मारवाड़ी युवा मंच की 41वीं स्थायी अमृतधारा का लोकार्पण



**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा ने बुधवार को शाम 4 बजे बाराद्वारी के पीपल्स एकेडमी परिसर में मास्टर सोबरन मांझी जिला पुस्तकालय में 41वां और सत्र 24-25 का चौथा अमृतधारा का लोकार्पण किया। पुस्तकालयाध्यक्ष कौशिक दत्ता ने बताया कि इस पुस्तकालय में करीब 3000 पुस्तकें हैं जिसमें शहर के कई विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों से आकर अपनी जरूरत के हिसाब से पढ़ाई करते है और परीक्षा की तैयारी भी करतें है। इस भीषण गर्मी में पुस्तकालय में शीतल पेय जल अमृत धारा लग जाने से यहां के कर्मचारी और विद्यार्थियों को काफी लाभ प्राप्त होगा। यह कार्यक्रम स्व मुन्ना बाबु गुप्ता ट्रस्ट प्रद्त राम गोपाल चौधरी के सौजन्य से किया गया। यह कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल जी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल,सचिव आलोक अग्रवाल, मनीष चौधरी,रमेश अग्रवाल, दीपक पटवारी, योगेश अग्रवाल, निर्मल पटवारी, राम गोपाल चौधरी के परिवार के सदस्य, पुस्तकालय के कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## दुधारु मवेशी लदा ट्रक छोड़ चालक फरार गांव वाले पशुओं को दे रहे चारा और पानी

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**घाटशिला।** मंगलवार रात घाटशिला थाना क्षेत्र के गहनडीह गाँव मे दुधारू मवेशी लदे एक ट्रक को खड़े कर चालक फरार हो गया। बुधवार सुबह ट्रक पर लदे 11 दुधारू गाय और 4 बछड़ा बछिया को वाहन में तड़पते देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना घाटशिला थाना को दी। थाना प्रभारी मधुसूदन दे के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंच ग्रामीणों की मदद से ट्रक से दुधारू गाय और बछड़ो को नीचे



उतार उन्हें पानी पिलाया गया। थाना प्रभारी द्वारा पशु चिकित्सक शिंकेश यादव को सूचना देते हुए बीमार गायों का उपचार कराया गया । इस क्रम में ट्रक पर एक गाय की बछिया की मौत हो गई थी। ट्रक संख्या डब्लूबी 15 डी 4298 में आरा से गायों को लाद कर कोलकाता पहुंचाया जाना था। थाना प्रभारी द्वारा ट्रक और गायों को भोजन और पानी और देखरेख करने की जिम्मेदारी ऊपर पावडा कर वार्ड सदस्य बृजेश सोरेन और गहनडीह के ग्रामीणों को दी गई। इस क्रम में पुलिस बल को भी तैनात रखा गया।

## नीरज ने की कदमा प्रतिमा नगर में काली मंदिर के छत निर्माण कार्य की शुरुआत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** कदमा प्रतिमा नगर बस्ती में स्थित भव्य काली मंदिर का छत निर्माण कार्य आज विधिवत पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बस्ती के निवासियों में भगवान के प्रति आस्था और विश्वास का माहौल देखा गया। समाजसेवी सह भाजपा नेता और व्यवसाय प्रकोष्ठ के संयोजक श्री नीरज सिंह जी ने बुधवार की सुबह परिसर में जाकर पूजा अर्चना कर छत के ढलाई कार्य की शुरुआत की।

लगभग छह महीने पहले शुरू किया गया यह मंदिर निर्माण कार्य आज छत बन जाने से एक महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर गया है। इस विशेष अवसर पर बस्तीवासियों में प्रसाद का वितरण किया गया, जिससे उनकी धार्मिक आस्था और उमंग में वृद्धि हुई।

## यूपीएससी में 17वां स्थान लाने वाली स्वाति को मिला विश्वकर्मा सम्मान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बुधवार 29 मई 2024 को झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा के नेतृत्व में विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारी जमशेदपुर के मानगो निवासी विश्वकर्मा समाज की बेटी सुश्री स्वाति शर्मा से मिलकर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सुश्री स्वाति शर्मा ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 में पुरे भारतवर्ष में 17वां स्थान प्राप्त करके पुरे झारखण्ड में ही नहीं बल्कि पुरे भारतवर्ष में विश्वकर्मा समाज का नाम रोशन



किया। विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने यूपीएससी 2023 में 17वां स्थान प्राप्त करके उत्तीर्ण हुई सुश्री स्वाति शर्मा को विश्वकर्मा सम्मान का मोमेंटो देककर, शॉल उढ़ाकर, विश्वकर्मा समाज का अंगवस्त्र पहनकर तथा बुके देकर सम्मानित किया। विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वाति शर्मा से विश्वकर्मा समाज के युवाओं को प्रेरणा लेने की जरुरत है। यूपीएससी परीक्षा में 17वां स्थान प्राप्त करके पुरे विश्वकर्मा समाज के मान सम्मान को बढ़ाया है सभी जिलों में खुशी की लहर है और पूरा विश्वकर्मा समाज प्रफुल्लित है। सम्मान समारोह में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अर्जुन शर्मा, प्रदेश प्रधान महासचिव संतन शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदीप शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष शंकर विश्वकर्मा, दिलीप शर्मा, रांची जिलाध्यक्ष संतोष कुमार, हजारीबाग जिलाध्यक्ष यदु राणा, वकील राणा, रांची के कार्यकारी जिलाध्यक्ष कृष्णा शर्मा, जिला महासचिव दीपक राणा, जिला कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा, राजकुमार शर्मा, उमेश राणा, महादेव विश्वकर्मा, जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष रामविलास शर्मा, उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, महामंत्री सुजीत शर्मा, सहायक महामंत्री राजकुमार शर्मा, महिला अध्यक्ष मीरा शर्मा, संगीता शर्मा, रितु शर्मा, मीना शर्मा, विश्वकर्मा कल्याण समिति से अर्जुन राणा, अरविंद शर्मा, संजीत शर्मा, अजय शर्मा, विजय शर्मा, विजय शर्मा, सरायकेला जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा, सचिव मुकेश शर्मा, के अलावा विश्वकर्मा समाज के महिलाये, पुरुष सैकड़ो की संख्या में उपस्थित होकर आशीर्वाद दिया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### घरेलू गैस कनेक्शन धारियों को 30 मई तक ई केवाईसी कराना अनिवार्य



**पाटन (पलामू)।** एचपी गैस एजेंसी के सभी कनेक्शन धारकों को 30 मई तक ई केवाईसी कराना अनिवार्य है। समय पर ई केवाईसी नहीं कराने पर गैस कनेक्शन बंद हो सकता है। पाटन के रिमझिम गैस एजेंसी के प्रोपराइटर गंगा प्रसाद ने बताया कि भारत सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना व सामान्य गैस उपभोक्ताओं को बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण करना अनिवार्य किया है। भारत सरकार के तेल वर्क प्राकृतिक गैस मंत्रालय के आदेश पर ई केवाईसी की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। ई केवाईसी के लिए गैस कनेक्शन का पास बुक, बैंक खाता का पासबुक, आधार कार्ड व मोबाइल नंबर साथ में लाना अनिवार्य है।

### लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में 153 का मुफ्त इलाज




**बिश्रामपुर (पलामू)।** नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ने राजकीय मध्य विद्यालय फुलिया में स्वास्थ्य शिविर लगाया। जिसमें 153 जरूरतमंद लोगों की स्वास्थ्य जांच और मुफ्त इलाज किया गया। शिविर में कई तरह के रोगियों को स्वास्थ्य जांच कर मुफ्त दवा भी दी गयी। बताते चलें कि विधायक सह एलसीएमसीएच के संस्थापक रामचंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में भी हमेशा स्वास्थ शिविर लगाया जाता है। शिविर में रोगियों का इलाज डॉ शिवांजलि डॉ विनीत रंजन, अनुपम कुमारी कंचन कुमारी फार्मासिस्ट संस्कार लैब टेक्निशियन आनंद चौबे, संजीत कुमार मार्केटिंग इंप्लॉय कुंदन चंद्रवंशी ने सफलतापूर्वक किया। एडमिनिस्टेटर नीतीश कुमार ने बताया कि जरूरत पड़ने पर सभी जगह कैंप लगाया जायेगा और लक्ष्मी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में सभी तरह का मुफ्त जांच, इलाज और ऑपरेशन किया जा रहा है।

### विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप



**हुसैनाबाद पलामू।** उपरी कला पंचायत के राजी कुसम्हरा गांव में एक विवाहिता के शव को पुलिस ने बरामद किया है। घटना बुधवार 12 बजे दिन की बतायी जाती है। मृतका के भाई राहुल कुमार (बिहार औरंगाबाद के वार्ड 31 निवासी) ने हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन दिया है। कहा है कि मेरी बहन सपना (25) की शादी राजी कुसम्हरा के लल्लू चौधरी के पुत्र राजकुमार के साथ के सात वर्ष पूर्व हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। उसे चार लाख रुपये मांगने के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। बहनोई राजकुमार ने मोबाइल पर बताया कि बहन ने खुदकुशी कर ली है। उसने बहनोई, ससुर लल्लू चौधरी, सास व ननद पर मामला दर्ज कराया है। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही सच्चाई सामने आयेगी।

### छतरपुर नगर पंचायत में शौचालय निर्माण की गुणवत्ता खराब : अरबिंद

**छतरपुर (पलामू)।** छतरपुर नगर पंचायत इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रहा है और यह इसके बेहतर कार्यों के लिए नहीं बल्कि नगर पंचायत में हो रही विकास योजनाओं में लूट के कारण है। 75-75 लाख की लागत से तीन शौचालय विभिन्न जगह बने हैं। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन का कहना है कि शौचालय की निर्माण में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया है, घटिया मेटेरियल के कारण शौचालयों के निर्माण पर प्रश्नचिह्न खड़ा है। साथ ही उसमें प्राक्कलन लूट की गयी है। दुर्भाग्य है कि एक साल बीत जाने के बाद भी इन शौचालयों को शुरू नहीं कराया जा सका है। इससे लोगों में आक्रोश है। अरविंद ने कहा कि आचार संहिता खत्म प्त होने के बाद नगर पंचायत की मनमानी के खिलाफ आंदोलन किया जायेगा।

### भीषण गर्मी में जरूरी जगह टैंकर से पेयजलापूर्ति कराये नगर निगम : घूरा

**मेदिनीनगर।** राजद के प्रदेश महासचिव विश्वनाथ घुरा ने शहरवासियों की शिकायत पर उपायुक्त व नगर निगम के आयुक्त को ज्ञापन देकर आवश्यक जगहों पर भी टैंकर से पेयजलापूर्ति कराने की मांग की है ताकि पानी के किल्लतवाले लोग भी पानी का अभाव न झेलें। श्री घूरा ने कहा कि शहर में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। नगर निगम के सभी मुहल्लों के लोग गंभीर पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पानी के लिए लोगों में हाहाकार मचा हुआ है। नगर निगम कुछ मुहल्लों में टैंकर से पेयजलापूर्ति करा रही है जो कम है। सभी को पेयजल उपलब्ध हो नगर निगम के पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें। इस क्षेत्र के विधायक, सांसद भी अपने कोटे की राशि खर्च कर शहरवासियों को पानी मुहैया करायें, ताकि सभी लोगों को पानी मिल सके।

### दुमका प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने अविनाश वर्मा का किया स्वागत



**मेदिनीनगर।** दुमका स्थित अपने राजनीतिक और निजी दौरे के क्रम में गत दिन दुमका पहुंचने पर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन दुमका के सदस्यों ने गर्मजोशी के साथ झारखंड इंडिपेंडेंट स्कूल एलायंस के केंद्रीय अध्यक्ष अविनाश वर्मा का स्वागत किया। गत दिन झारखंड इंडिपेंडेंट स्कूल एलायंस के केंद्रीय उपाध्यक्ष करुण राय ने अपने दुमका प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ होटल सिटी गार्डन में अविनाश का स्वागत कर दुमका आगमन पर हार्दिक बधाई दी। मौके पर सभी सदस्यों ने यथासंभव संबंधित विद्यालयों के भ्रमण और सदस्यों से मुलाकात की इच्छा व्यक्त करते हुए अपने-अपने शिक्षण संस्थानों में आमंत्रित किया। मौके पर अविनाश वर्मा ने उपस्थित सभी सदस्यों के साथ दुमका जिले के तमाम गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के पदाधिकारियों और सदस्यों को आश्वस्त किया कि आने वाले दिनों में जीसा पूर्व की भांति पूरी मजबूती के साथ सभी सदस्यों को लेकर विद्यालय हित में कार्य करेगी।

# ज्योति के प्रकाश से रोशन है हमारा परिवार : आनंद शंकर

## साहित्य, संगीत एवं शिक्षा के संगम का दूसरा नाम था ज्योति प्रकाश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्वर्गीय ज्योति प्रकाश की पुण्यतिथि ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में उनके परिवार के सदस्यों, शहर के गणमान्य लोगों एवं कॉलेज की शिक्षक एवं छात्राओं की उपस्थिति में उनके प्रतिमा पर स्वर्गीय ज्योति प्रकाश की धर्मपत्नी द्रौपदी देवी द्वारा माल्यार्पण कर मनायी गयी।

मौके पर संस्था के अध्यक्ष एवं स्वर्गीय ज्योति प्रकाश के बड़े पुत्र आनंद शंकर ने अपने पिता के बारे में बताते हुए कहा कि मेरे पिता सदैव समाज के लिए समर्पित रहे। उन्होंने समाज को जहां भी जिस चीज की आवश्यकता हुई उसे पूरा करने का यथासंभव पूरा करने का कार्य किया। मुझे अपने पिता पर गर्व है जब समाज में टीवी की बीमारी से लोग मरा करते थे, टीवी को छुआछूत की बीमारी समझते थे उस वक्त उन्होंने सदर अस्पताल में अपनी ओर से ज्योति प्रकाश टीवी वार्ड का निर्माण करा कर समाज को समर्पित किया था।

श्री शंकर ने बताया कि जब पूरे भारत में सिनेमा के अलावा इंटरटेनमेंट का दूसरा कोई साधन नहीं हुआ करता था, उस वक्त एकीकृत बिहार में दो सिनेमा हॉल था। पटना में रीजेंट और रांची में रूपपाश्री तीसरा हमारे पिताजी स्वर्गीय ज्योति प्रकाश ने डालटनगंज जैसे छोटे जगह में मोहन सिनेमा हॉल बनाकर समाज को समर्पित किया।



अपने पिता सह कुशल व्यवसायी और साहित्यकार ज्योति प्रकाश की पुण्यतिथि मनाते आनंद शंकर।

**कॉलेज की स्थापना करायी :** यही नहीं शिक्षा के क्षेत्र में छात्र कॉमर्स की पढ़ाई करने के लिए रांची, पटना जाया करते थे। उस वक्त ज्योति प्रकाश जनता शिवरात्रि कॉलेज की स्थापना की, जहां आज हजारों छात्र कॉमर्स के साथ कई सब्जेक्ट की पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने छोटे बच्चों के शिक्षा के लिए आनंद शंकर रोटरी स्कूल की स्थापना भी की।

**संगीत में भी थी गहरी रूचि :** पिता ने छोटे भाई के नाम से थाना रोड स्थित ज्ञान शंकर दुर्गा मंडप का निर्माण कर समाज को समर्पित किया। संगीत के क्षेत्र में भी उनकी रुचि थी, उन्होंने उस वक्त डालटनगंज जैसे पिछड़े जगह में शास्त्रीय संगीत की हस्तियां पद्मश्री बिस्मिल्लाह खान, पद्मश्री कृष्ण महाराज, पद्मश्री गिरिजा देवी, पद्मश्री गोदाई महाराज, पद्मश्री रवि शंकर, पद्मश्री सितारा देवी, पद्मश्री शोभा गुड्डू, कबीर बेदी की धर्मपत्नी प्रतिमा बेदी, फिल्म स्टार गोविंदा की मां निर्मला अरुण को कई बार डालटनगंज में बुलाकर यहां के लोगों को सुनने का अवसर दिया।

**कुशल व्यवसायी और अच्छे साहित्यकार थे ज्योति प्रकाश :** श्री शंकर ने बताया कि मेरे पिता एक कुशल व्यवसायी के अलावे एक अच्छे साहित्यकार भी थे, जिनकी लिखी हुई किताब आज भी रविंद्र नाथ टैगोर द्वारा स्थापित शांति निकेतन में चलती है। मेरे पिता के लेखन के बारे राहुल सांकृत्यायन, मैथिलीशरण गुप्त से लेकर दिनकर तक ने कई अच्छी-अच्छी टिप्पणियां की हैं। आज हमारा परिवार उनकी ज्योति के प्रकाश से रोशन है। हम उन्हें शत-शत नमन करते हैं। मौके पर परिवार के सदस्य धर्मपत्नी द्रौपदी देवी, पुत्र आनंद शंकर, ज्ञान शंकर, पुत्रवधू निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर, पौत्र आकर्ष आनंद, पौत्र वधू शिवानी आनंद, कॉलेज की प्रिंसिपल अनुपमा गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार देवव्रत, रिंकू दुबे, सुधांशु शेखर, अरविंद अग्रवाल, भूपेंद्र होरा, पुनीत सिंह, सुनील गुप्ता एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### सड़क निर्माण में किसी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं

# अधूरे-पूरे सड़कों की गुणवत्ता जांचें अभियंता : कमलेश सिंह

- जनता कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखें, गड़बड़ी होने पर करें शिकायत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** कुछ सड़कों की गुणवत्ता पर ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत मिलने के बाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि काफी मेहनत के बाद सड़कों को स्वीकृति मिलती है।

निविदा डालने का सभी को अधिकार है। काम किसे मिला उससे उन्हें कोई लेना देना नहीं है। मगर काम जिस ठेकेदार को मिला है, उन्हें हुसैनाबाद हरिहरगंज क्षेत्र में लीपा पोती नहीं करने देंगे। उन्होंने कहा कि बल्डीहरी गाजीबिहरा सड़क की गुणवत्ता को लेकर उन्होंने पहले भी विभागीय अभियंताओं को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज क्षेत्र में बन रही सभी सड़कों की गुणवत्ता पर स्थानीय लोगों को भी ध्यान देने की जरूरत है।



विधायक कमलेश कुमार सिंह।

श्री सिंह ने कहा कि उनके इलाके में जितनी भी सड़के बन रही हैं, उस सड़क निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार को विभाग बिना गहन जांच भुगतान नहीं करें। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता से समझौता कर भुगतान करने वाले अभियंताओं के खिलाफ भी वह संबंधित विभागों के सचिवों को पत्र लिख कर सड़कों की गुणवत्ता की जांच करा कर दोषी अभियंता व ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की मांग करेंगे। साथ ही आगामी विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा के माध्यम रखेंगे। उन्होंने कहा कि कायादेश के बाद भी जो ठेकेदार काम शुरू नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध भी संबंधित कार्यपालक अभियंता कार्रवाई करें या खुद कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि कोई कितना भी प्रभावशाली व्यक्ति होंगे विकास कार्यों में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। अच्छा कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने की भी करवायी करायी जायेगी।

# सनातन धर्म में गोरक्षा को महापुरुषों ने श्रेष्ठ व सर्वोत्तम बताया है : डॉ शशिभूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/ पलामू।** पांकी प्रखंड के सोरठ के तुरियादोहार में 24 मई से 28 मई तक चलने वाले पांच दिवसीय धेनु धरती, कृषि कल्याण वैदिक महायज्ञ में बतौर मुख्य अतिथि विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता शामिल थे। यज्ञ कमेटी के लोगों ने विधायक को फूल माला और चुनरी देकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान विशाल भंडारे का विधायक ने शुभारंभ किया। विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि सनातन धर्म में गौ रक्षा को भारत के सभी महापुरुषो ने श्रेष्ठ एवं सर्वोत्तम बताया है। गौ रक्षा एवं गौ पालन करना मनुष्य मात्र का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि गाय का दूध व घी शीतकाल में अमृत तुल्य है अथार्राइटिस, गठिया, अरुचि, विषम ज्वर, मोटापा, बवासीर सृजन, खांसी आदि रोगों को दूर करने में समर्थ है। गाय के दूध में केरोटीन नामक पीला पदार्थ होता है जो स्वर्ण अंश माना जाता है और आँखों की रौशनी बढ़ाता है। विधायक ने गौशाला खोले जाने को लेकर संस्थापक डॉ अवधेश कुमार और देवव्रत को सराहनीय पहल बताया। मौके पर महंत 108 श्री गोपालचार्य जी महाराज एवं गौ कथावचक 108 श्री पंडित रविरंजन प्रभु जी महाराज के द्वारा पांच दिनों तक रात्रि में प्रवचन किया गया। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, हरिद्वार महतो, डॉ अवधेश कुमार, देवव्रत कुमार, ताल मुखिया अनीता लोहरा, विजय ठाकुर, बृजनंदन राम, डॉ कार्तिक कुमार, द्वारिका महतो, संतोष वर्मा अलोक सोनी, अनूप सोनी, धर्मेंद्र कुमार, अपटेश कुमार, अमरेश राम, मोहन कुमार, प्रवीण कुमार, शिवशंकर यादव, उदय राम, राजीव रंजन सिंह, मनोज महतो मौजूद थे।



कार्यक्रम के दौरान पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता व अन्य।

# केंद्र सरकार का गरीब कल्याण के नाम समर्पित : चंद्रवंशी

- पूर्व मंत्री सह विश्रामपुर विधायक ने बिहार के काराकाट में किया जनसंपर्क
- मतदाताओं से की भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी बिहार के लोकसभा काराकाट में भाजपा प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने विशाल जनसभा को भी संबोधित किया। जनसभा के मुख्य अतिथि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी व औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह, बिहार सरकार के मंत्री नीरज कुमार बबलू, एम एल सी दिलीप सिंह शामिल हुये। श्री चंद्रवंशी जनसभा में लोगों से मोदी सरकार के कार्यकाल तथा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुये भाजपा के काराकाट लोकसभा प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा के पक्ष में समर्थन मांगा। वहीं लोगों ने भी बार-बार मोदी सरकार, अबकी बार चार सौ पार के नारे लगाये। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार का गरीब कल्याण के नाम समर्पित है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी यूक्रेन में फंसे कई छात्रों को दो घंटे तक युद्ध को रूकवाकर शकुशल भारत लाया। चंदरगढ़, नबीनगर, बजार, भूसौली, नबीनगर स्टेशन रोड, जनसंपर्क आभियान, चलाकर लोगों को कमल के फूल छाप पर बटन दबाकर, नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने की अपील की।





काराकाट लोकसभा क्षेत्र में पूर्व मंत्री चंद्रवंशी का जोरदार स्वागत करते कार्यकर्ता और जनसंपर्क के दौरान भाजपा नेता व अन्य।

### नये डाक निरीक्षक रंजन कुमार ने किया योगदान



**हुसैनाबाद पलामू।** जपला मुख्य डाकघर में हुसैनाबाद के नये डाक निरीक्षक रंजन कुमार ने योगदान किया। इसके पूर्व वे डाक निरीक्षक पूर्वी धनबाद के पद पर कार्यरत थे। यहां के पूर्व डाक निरीक्षक सुमन कुमार समानता का जमशेदपुर ट्रांसफर हो जाने से यह पद रिक्त था। नये डाक निरीक्षक श्री कुमार के आगमन पर सभी डाककर्मी व अभिकर्ताओं ने बुके देकर स्वागत किया। जिनमें उप डाक पाल रंजीत राम, अरविंद ओझा, रवि कुमार, अमित सिंह अधिदर्शक, पप्पू प्रसाद, संतोष टुड्डू, अभिषेक प्रभाकर, देवेंद्र नाथ गुप्ता, रंजीत सिंह, कैलाश मेहता उपस्थित थे।

### पाटन एमओ ने अभिकर्ता से मांगा स्पष्टीकरण

**पाटन पलामू।** एमओ संजय कुमार ने परिवहन अभिकर्ता विजय सिंह से राशन कम देने के मामले में स्पष्टीकरण मांगा है। कहा कि पाटन प्रखंड के लोइंगा जागृति महिला विकास समिति डीलर को खाद्यान्न आवंटन से कम देने का मामला काफी गंभीर है। प्रथम दृष्टया स्पष्ट होता है कि परिवहन अभिकर्ता द्वारा लोइंगा जागृति महिला विकास समिति विक्रेता को कम खाद्यान्न आपूर्ति की गई है। कहा कि झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2019 की धारा के तहत कम खाद्यान्न की आपूर्ति एक गंभीर अपराध है। उन्होंने परिवहन अभिकर्ता को निर्देश दिया है कि एक जून को डेढ़ बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अनिवार्य रूप से स्वयं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें ताकि अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

# पलामू का पारा दूसरे दिन भी 47.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड

- कई निजी स्कूल खुला रहने से अभिभावक परेशान
- तपती धूप से पलामूवासियों को राहत मिलने का आसार नहीं



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू का तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को तापमान 47.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। वहीं बुधवार को इससे पार करते हुए 47.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। तपती धूप से पलामूवासियों को राहत मिलने के आसार नहीं दिख रहे हैं। लोग दिन में घरों में दुबके नजर आ रहे हैं। इसके बावजूद शिक्षा विभाग के उदासीन रवैया से शहर में कई निजी विद्यालय अभी भी चल रहे हैं। छोटे बच्चे स्कूल जाने को विवश हैं तो वहीं उनके अभिभावक छुट्टी के बाद छाता लेकर स्कूल गेट के पास खड़े नजर आ रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि तपती धूप में विद्यालय प्रबंधन को चाहिए कि बच्चों के स्वास्थ्य को देख विद्यालय को बंद कर दें। लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। पलामू जिला में लगातार तापमान बढ़ने के कारण लोग हलकान हो चुके हैं।

# पलामू का तापमान बढ़ने के साथ अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ी

**गजेंद्र कुमार**

- एमएमसीएच अस्पताल मरीजों को मुलभूत सुविधा देने से रहा है दूर
- तपती धूप में लंबी कतार में पर्ची कटाते हैं मरीज, स्वास्थ्य पर असर



**मेदिनीनगर।** पलामू अति पिछड़ा जिला माना जाता है। यहां लगातार दो दिनों से तापमान कहर बरपा रही है। बुधवार को 47.7 डिग्री सेल्सियस तापमान मौसम विभाग ने दर्ज किया। इस बीच जिले के विभिन्न प्रखंडों के ग्रामीण क्षेत्र से लोग बीमार परिजन व बच्चों को लेकर ईलाज कराने एमएमसीएच पहुंच रहे हैं। लेकिन ईलाज से पूर्व परिजनों को लंबी कतार लगाकर तपती धूप में घंटों मशक्कत कर पर्ची कटाना पड़ता है। एक मात्र काउंटर रहने से महिलाएं अपने बच्चे गोद में लेकर लाइन में घंटों खड़ी रहती हैं। लंबी कतार में पर्ची कटाते ओपीडी के चिकित्सक की ड्यूटी खत्म हो जाती है। तापमान बढ़ने से उल्टी, सिरदर्द, पेट दर्द, बुखार के मरीजों के साथ छोटे बच्चों में भी तेज बुखार, खांसी ग्रसित अस्पताल पहुंच रहे हैं। अस्पताल में प्रतिदिन दो से तीन सौ की पर्ची काटी जा रही है।

### निजी क्लिनिक सरकार के मापदंडों को नहीं कर रहे हैं पूरा, होगी सख्त कार्रवाई : सिविल सर्जन



**मेदिनीनगर।** भारत सरकार व राज्य सरकार के महत्वकांक्षी योजना आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना जनहित में राज्य के सभी जिलों में संचालित किया गया है। इसके अंतर्गत पलामू जिला के कई निजी क्लिनिक सूचीबद्ध किये गये हैं। इसमें मईयां बाबू हॉस्पीटल भी शामिल है। बीमा कंपनी के द्वारा पूर्व में किये गये निरीक्षण में कई त्रुटियां पायी गयी थी। जिसकी सूचना बीमा कंपनी द्वारा राज्य सरकार को दी गयी। इसके आलोक में राज्य सरकार ने मईयां बाबू हॉस्पीटल के संचालक से आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के मापदंडों की लिखित जानकारी मांगी गयी।

### विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस : तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर बोलीं

# शर्म की नहीं, गर्व की बात है माहवारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत जिला जल एवं स्वच्छता समिति के निर्देशानुसार सतबरवा प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न पंचायतों में तीन दिवसीय मासिक धर्म स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मास्टर ट्रेनर प्रीति कुमारी ने ग्रामीण महिलाओं व किशोरियों को जागरूक किया। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण चरण-2 के अंतर्गत महिलाओं एवं किशोरियों को सुरक्षित मासिक धर्म प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान कहा गया कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, रक्तस्राव स्वाभाविक है। रक्तस्राव शुद्ध है, रक्तस्राव कभी शर्म की बात नहीं है। रक्तस्राव कोई बोझ नहीं है, रक्तस्राव सुंदर है। रक्तस्राव ईश्वर का अच्छा उपहार है, रक्तस्राव आशीर्वाद है। रक्तस्राव से शक्ति बढ़ती है और जो खून बहते हैं वे शुद्ध और सुंदर आत्माएं हैं। इसलिए महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए और सेनेटरी पैड के उपयोग और निपटान पर ध्यान देना चाहिए। धार्मिक कार्य करने की आजादी सहित किसी भी चीज में रोक नहीं लगानी चाहिए। आज भी 22 प्रतिशत महिलाएं मासिक धर्म के बारे में पूरी तरह से जागरूक नहीं हैं। महिलाओं को कई पड़ावों से गुजरना पड़ता है। इन्हीं में से एक है पीरियड्स जो कि एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। यह महिलाओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। हालांकि इस दौरान साफ-सफाई न होने के कारण कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में हर साल जागरुकता फैलाने के लिए विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। मौके दुलसुलमा जल सहिया ममता देवी, कुमारी दीक्षा, एवं पुष्पा देवी समेत कई महिलाएं उपस्थित थी।



कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को जागरूक करते लोग।

# सतबरवा प्रखंड सभागार में भू रैयतों के साथ अपर समाहर्ता ने की बैठक

- सरकार और जिला प्रशासन हम सभी रैयतों को अनदेखी नहीं करें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** अपर समाहर्ता कुंदन कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार में रैयतों के साथ बैठक आयोजित की गयी, जिसमें काफी संख्या में रैयतों ने भाग लिया। बैठक के दौरान पिपरा गांव के रैयत सुभाष चंद्र बोस, ठेमा गांव के संजय यादव, तुंबागड़ा के धीरज कुमार, बकोरिया गांव के पीतांबर यादव, संत कुमार मेहता, खामडीह गांव के जगन्नाथ सिन्हा समेत कई रैयतों अपनी अपनी बातों को बैठक में रखा। संजय यादव ने कहा कि सरकार तथा जिला प्रशासन हम सभी रैयतों को अनदेखी कर रही है।



**खास बातें :** ठेमा गांव का जमीन एक लाख रुपये प्रति डेसिमल की दर से भी अधिक बिक रही है मगर इस जमीन को सड़क निर्माण कार्य में 57 सौ रूपए डेसिमल मुआवजे की राशि तय की गई है। सुभाष चंद्र बोस ने कहा कि भूमि अधिग्रहण के पूर्व किसी भी गांव में ग्राम सभा नहीं की गई जिन रैयतों को नोटिस दिया गया है उसमें भूमि का जिक्र तो किया गया है मगर मुआवजे की राशि नहीं दिखाया गया है जिसके कारण रैयतों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। विभाग पर रैयतों को बरगलाकर सबसे कम मुआवजा देकर भूमि कब्जा करने का भी आरोप लगाया। वही पीतांबर यादव ने कहा कि कई ऐसे आदिवासी परिवार कई पीढ़ी से जमीन का जोत कोड कर अपना जीवन यापन करते आ रहे हैं जिनका जमीन पर दखल तो है पर जमीन के कागजात नहीं है वैसे लोगों को भी मुआवजे की राशि मिलनी चाहिए। इस दौरान कई रैयतों ने अपनी बातों को रखा। रैयतों ने कहा कि अगर सरकार तथा विभाग जब तक उचित मुआवजा नहीं देती है तब तक 20 गांव के रैयत निर्माण कार्य का विरोध करेंगे। रैयतों ने बताया कि बैठक के अंत तक दोनों पक्षों के बीच बात नहीं बनी। बैठक में काफी गर्मी होने के बावजूद भी सैकड़ो की संख्या में रैयत उपस्थित थे।

# भीषण गर्मी से बिहार के कई स्कूलों में बच्चे बेहोश

## अस्पताल जाने की नौबत आई, 8 जून तक स्कूल बंद

एजेंसी

**पटना।** गर्मी के भीषण प्रकोप के कारण बुधवार, 29 मई को बिहार के कम से कम तीन जिलों के स्कूलों में बच्चों की तबीयत खराब हो गई। शेखपुरा, बेगूसराय और पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी में कई स्कूली बच्चों को हॉस्पिटल में एडमिट कराने की नौबत आ गई। बच्चे स्कूल में प्रार्थना के दौरान और क्लास में बेहोश होकर गिरने लगे थे।

कई स्कूलों में बच्चों की तबीयत खराब होने के बाद स्कूल बंद करने का आदेश दिया गया है। आजतक के रोहित सिंह की रिपोर्ट के मुताबिक बिहार के स्कूल 30 मई से 8 जून तक के लिए बंद किए गए हैं। बिहार उट ऑफिस की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी दी गई है कि भीषण गर्मी और भयंकर लू की स्थिति को देखते हुए सीम नीतीश कुमार ने मुख्य सचिव को स्कूलों को बंद करने का निर्देश दिया है। इस निर्देश से पहले कई स्कूलों से बच्चों की तबीयत खराब होने के वीडियोज सामने आए। आजतक के सौरभ कुमार की रिपोर्ट के मुताबिक बेगूसराय के मटिहानी प्रखंड के स्कूल में करीब 18 छात्राओं की तबीयत खराब हो गई। यहां सुबह करीब 10 बजे अचानक छात्राएं बेहोश होकर गिरने लगीं। इसके बाद स्कूल के प्रिंसिपल चंद्रकांत सिंह ने स्कूल में ही छात्राओं को ओआरएस का घोल देना शुरू किया। फिर भी हालत बेहतर न होने पर कई छात्राओं को मटिहानी रेफरल हॉस्पिटल ले जाया गया। फिलहाल 14 छात्राओं का यहां इलाज चल रहा है। शेखपुरा जिले अरियरी प्रखंड में आने वाले मनकौल स्कूल सहित कई स्कूलों में बच्चियां बेहोश हो गई थीं। कुछ छात्राएं प्रार्थना के दौरान और कुछ छात्राएं क्लास रूम में बेहोश हो गई थीं। छात्राओं के अचानक बेहोश होने पर स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। उनके परिवार वाले भी सूचना पर स्कूल पहुंच गए। कई छात्राओं को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।



## जब बत्ती भभकती है तब लोग समझ जाते हैं कि लालटेन बुझने वाली है: राजनाथ



एजेंसी

**पटना।** बिहार में काराकाट लोकसभा क्षेत्र से राजग उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा के पक्ष में बुधवार को चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राजद की लालटेन कितनी रोशनी देगी। ज्यादा से ज्यादा एक कमरे में रोशनी दे सकती है। लालटेन का तेल अब समाप्त हो रहा है। जब बत्ती भभकती है तब लोग समझ जाते हैं कि लालटेन बुझने वाली है। राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने 52 वर्षों तक हुकूमत की। इसके बाद भी भारत को जहां ले जाना चाहिए था नहीं ले जा सकी। आज भारत दुनिया के मंचों पर बोलता है तो दुनिया कान खोल कर सुनती है। ये हैसियत बनी है। उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे कम यदि महंगाई है तो वह भारत में है। खाद्य महंगाई सबसे कम है। हमसे अधिक महंगाई अमेरिका में है। पाकिस्तान और श्रीलंका की महंगाई दर तो काफी अधिक है। उन्होंने महंगाई दर के आंकड़े भी जारी किए। रक्षा मंत्री ने कहा कि आप हमारी बात को काट सकते हैं तो काट दीजिए। गलती होगी तो स्वीकार कर लूंगा। हमलोगों ने जो कहा वो किया। धारा 370 खत्म करने की बात कही वो करके दिखाया।

भारत में राम राज्य का आगाज होकर रहेगा। जिस दिन लोगों को अपने कर्तव्य का बोध हो जायेगा उसी दिन मान लूंगा कि भारत में राम राज्य आ गया। हम धर्म की राजनीति नहीं, बल्कि इंसाफ और इंसानियत की करते हैं। किसी धर्म के लोगों की मां बहन बेटी हमारी भी मां बहन बेटी है। राजनाथ सिंह ने कहा कि हम सत्ता में हैं लेकिन शासक के रूप में नहीं, बल्कि सेवक के रूप में काम करते हैं। दूसरे दल के लोग शासक बन जाते हैं। आज भारत की ताकत यह कि सीमा के इस पार मारते ही हैं, जरूरत पड़ी तो सीमा के उस पार भी जाकर मार सकते हैं। शादी-ब्याह रिश्ता जाति के आधार पर होती है। कोई दूसरी जगह भी कर लेता है, तो कोई आपत्ति नहीं लेकिन राजनीति देश के लिए होती है। आप सभी देश के लिए वोट दें। साथ ही कहा कि अब देश में आतंकवादी घटनाएं न के बराबर होती हैं। सब बंद है।

## खबर एक नजर में

### लूट कांड का आरोपित लूटे गए पैसों के साथ 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार

**भागलपुर।** जिले के घोंघा थाना क्षेत्र के विषहरी स्थान के पास बीते 26 मई को हुए लूटकांड का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। उक्त आशय की जानकारी बुधवार को सिटी एसपी श्रीराज ने दी। सिटी एसपी ने बताया कि घोघा थानान्तर्गत विषहरी स्थान के पास 26 मई को भागलपुर के एक व्यक्ति के साथ तीन-चार अज्ञात अपराधियों द्वारा 5 लाख 50 रुपया लुट लिया गया था। इस संदर्भ में घोघा थाना में सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत पंजीकृत किया गया तथा लुटे गए रूपया की बरामगी एवं संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक भागलपुर के निदेर्शानुसार पुलिस अधीक्षक नगर भागलपुर की निगरानी में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी कहलगाँव-01 के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी कहलगाँव-01 के नेतृत्व वाली टीम के द्वारा छापामारी करते हुए कांड में संलिप्त तीन अपराधियों को लुटे गए रुपए, लुटे हुए पैसे से खरीद हुआ नया मोटरसाइकिल और नया मोबाईल (बिल सहित) के साथ गिरफ्तार किया गया तथा घटना में प्रयुक्त टोटो को जब्त किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में पिन्टु मंडल उर्फ पिन्टा और दो विधि विरूद्ध बालक शामिल है। गिरफ्तार अभियुक्त पिन्टु मंडल उर्फ पिन्टा का आपराधिक इतिहास रहा है। छापेमारी दल में अजीत कुमार थानाध्यक्ष घोघा, कन्हैया कुमार थानाध्यक्ष रसलपुर, चन्दन कुमार थानाध्यक्ष सन्हौला थाना सहित अन्य पुलिस अधिकारी और सशस्त्र बल शामिल थे।

### भ्रम फैलाने वाले चार जून के बाद मटन पार्टी ही करेंगे, कोई और काम नहीं बचेगा : चिराग

**पटना।** बिहार में भीषण गर्मी के बीच सियासी तापमान भी बढ़ा हुआ है। क्योंकि, राज्य में आखिरी चरण का चुनाव एक जून को होगा। इस बीच पटना में पत्रकारों से बातचीत में बुधवार को चिराग पासवान ने तेजस्वी यादव और राहुल गांधी की लंच पार्टी पर तंज कसा। चिराग ने कहा कि चार जून अब अधिक दूर नहीं है। एनडीए बिहार की सभी 40 सीटों सहित देशभर में 400 सीटें जीत रही है लेकिन जो लोग झूठ और भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं वे अब मीट और मटन पार्टी ही करेंगे। क्योंकि, उनके पास कोई और काम बचेगा ही नहीं। उन्होंने पीएम मोदी को लेकर कहा कि भगवान ने और इस देश के 140 करोड़ जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आशीर्वाद दिया है। इस आशीर्वाद का देन है कि आज उन्होंने देश की जनता को मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया है लेकिन यह बात कांग्रेस या विपक्षी गठबंधन वाले नहीं समझ पाएंगे। चिराग ने कहा कि जो लोग गरीबी हटाने का नारा तो लगते थे लेकिन गरीबी हटाना तो दूर उल्टा गरीबों को हटाने के लिए लोगों ने रणनीति बनाना शुरू कर दिया। ऐसे में प्रधानमंत्री का साथ यदि हर कोई दे रहा है तो फिर इसमें उनको समस्या हो रही है। क्योंकि, प्रधानमंत्री हर तबके के लिए काम कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि जनता हमेशा हमारे साथ है। बिहार में बढ़ती गर्मी और स्कूल के 1:30 बजे तक के संचालन को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में चिराग ने कहा कि जिस तरीके से गर्मी बढ़ रही है वैसे में स्वाभाविक है कि बच्चों के लिए माकूल व्यवस्था होनी चाहिए।

# पांच पशु तस्कर गिरफ्तार



गिरफ्तार पशु तस्कर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी आकाश कुमार ने सशस्त्र बल जवानों के साथ थाना क्षेत्र के बोदरा गांव में आठ मवेशियों को बुच्चड खाना ले जाते पांच पशु तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में मझिआंव थाना क्षेत्र के चंदना गांव निवासी शेख मनौवर के 27 वर्षीय पुत्र शेख रोकसाद व 19 वर्षीय पुत्र शेख सोएब, बरडीहा थाना क्षेत्र के ललगडा गांव निवासी स्व. कईल यादव के 61 वर्षीय पुत्र हरि यादव व कोलहुवा गांव निवासी स्व. मणि यादव के 45 वर्षीय पुत्र जगन्नाथ यादव एवं कांडी थाना क्षेत्र के घोड़दाग गांव निवासी रूपी यादव के 30 वर्षीय पुत्र बटेश्वर यादव का नाम शामिल है। इस संबंध में थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर आठ मवेशियों में दो गाय, दो बैल एवं चार बाछा के साथ पांच पशु तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मवेशियों के संबंध में पूछने के बाद उन लोगों के द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। साथ ही खरीद बिक्री का किसी प्रकार की कागज भी प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बावजूद भी गिरफ्तार लोगों के द्वारा अवैध रूप से क्रूरता के साथ पशुओं को मारते पीटते हुए बूचड़खाना ले जाया जा रहा था। उसके पश्चात केस कांड संख्या 45/14 धारा 414/34 भादवी, 12 झारखंड बोविन एनिमल प्रोहाईबिशन अफ स्लटर एक्ट एवं 11 एनिमल क्रूटली एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। मौके पर थाना प्रभारी आकाश कुमार के अलावे सशस्त्र बल के हवलदार जवान संतोष कुमार, अरुण कुमार बैठा एवं चालक मिथलेश तिवारी शामिल थे।

## अवैध हथियार लहराने वाला दो अभियुक्त गिरफ्तार

**सहरसा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में विधि व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए वांछित अपराधियों पर कडी निगरानी रखी जा रही है। साथ ही अपराधियों की धड़ पकड़कर गिरफ्तारी की जा रही है। किसी कड़ी में सदर थाना क्षेत्र के सराही मोहल्ले से अवैध हथियार के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। वहीं सौर बाजार थाना क्षेत्र से सोशल मीडिया पर अवैध हथियार लहराने वाला एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। बुधवार को सदर थाने में साइबर डीएसपी अजीत कुमार के द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित कर उक्त जानकारी मीडिया कर्मियों को दी गई। उन्होंने बताया कि सदर थाना अध्यक्ष को जिला आसूचना इकाई द्वारा सूचना मिली कि सराही निवासी किशोर कुमार शर्मा पिता विनोद शर्मा अपने घर में अवैध हथियार का कारोबार करता है।

## भारत गैस एजेंसी को नहीं मिल रहा है गैस सिलेंडर, उपभोक्ता परेशान




टाउनशिप स्थित भारत गैस एजेंसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** सेल प्रबंधन के सहकारिता साख समिति द्वारा संचालित भारत गैस एजेंसी को गैस सिलेंडर देना बंद कर दिया है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानियां बढ़ गई। गैस सिलेंडर पिछले एक महीने से नहीं मिलने से उपभोक्ताओं को ब्लैक में सिलेंडर लेना पड़ रहा है। संचालक सहकारिता साख समिति व भारत गैस एजेंसी के बीच समन्वय नहीं होने के कारण उसका खामियाजा उपभोक्ताओं को झेलना पड़ रहा है। भवनाथपुर में सेल प्रबंधन के मात्र अधिकारी, कर्मचारी मिलाकर 22 बचे हुए हैं।

कर्मचारी के सहयोग से सहकारिता साख समिति संचालित होता था। ऐसी परिस्थितियों में साख समिति का संचालन कठिन हो गया है। टाउनशिप स्थित भारत गैस एजेंसी के बंद होने से उपभोक्ताओं के समक्ष सिलेंडर का ट्रांसफर कराना बड़ी समस्या खड़ा हो गया है। अब उपभोक्ताओं को सिलेंडर लेने के लिए भवनाथपुर जाना होगा। सूत्रो की माने तो संचालक सहकारिता साख समिति पर भारत गैस एजेंसी ने करीब 400 सिलेंडर गबन का आरोप लगाते हुए गैस सिलेंडर देना बंद कर दिया है।

टाउनशिप स्थित भारत गैस एजेंसी से करीब 400 सिलेंडर कहा गायब हो गया इसका लेखा जोखा समिति के पास नहीं है। सिलेंडर गायब होने के सवाल पर संचालक रमेश चंद्र मिश्रा का जबाब हास्यास्पद है। कहा कि जून माह में लगभग सभी उपभोक्ताओं का ट्रांसफर नजदीकी एजेंसी में करा दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि भवनाथपुर सेल प्रबंधन ने वर्ष 2000 में कर्मचारियों की सुविधा के लिए सहकारिता साख समिति के द्वारा भारत गैस एजेंसी का संचालन शुरू किया था। जिसमें भवनाथपुर, चपरी, सरैया, सीघीताली, मकरी,बुका सहित अन्य नजदीकी गांवों के उपभोक्ताओं को सिलेंडर का कनेक्शन दिए गए थे। वर्तमान में करीब 1500 उपभोक्ता बचे हुए हैं।

# भीषण गर्मी से सैकड़ो चमगादड़ों की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र के सुंडीपुर और कसनप गांव में सैकड़ो से आकि चमगादड़ों की मौत हो गई। आशंका जत्ताई जा रही है की भीष्ण गर्मी की वजह से सभी चमगादड़ों की मौत हुई है। ग्रामीणों के मुताबिक दोनों गांव में चमगादड़ विशालकाय पीपल के पेड़ पर रहते थे और सभी पेड़ सोन नदी के तटीय इलाके में है। सोन तटीय एवं कोयल नदी के किनारे स्थित होने और बालू गर्म होने के कारण क्षेत्र में आकि तापमान बताया जा रहा है। बुधवार के दिन जब स्थानीय ग्रामीण इलाके में गए तो देखा कि कुछ चमगादड़ मर चुके थे और वह पेड़ से नीचे गिरे हुए थे। कुछ देर बाद अचानक पेड़ से चमगादड़ों के शव नीचे गिरने लगे। चमगादड़ों की मौत के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन चुका है। बताते चलें कि इस क्षेत्र में भी कई दशकों के बाद पलामू प्रमंडल में रिकार्ड तापमान के आंकड़े दर्ज किए गए हैं। वही मंगलवार को 47 डिग्री एवं बुधवार को 47 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान दर्ज किया गया है। लोगों का कहना है कि यह तापमान 1978 के बाद सबसे अधिक तापमान है।

इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सीओ आफताब आलम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पता लगाया जा रहा है कि चमगादड़ों की मौत कैसे हुई है।



मृतक चमगादड़

# मंडली ने किया सुंदरकांड पाठ का आयोजन



सुंदरकांड का पाठ करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** मानस मंडली बिशनपुर इकाई गढ़वा के तत्वावधान में संगीत में श्री रामचरितमानस सुंदरकांड पाठ अखंड पाठ का आयोजन शहर के निमिया स्थान प्राचीन निवास स्थान मंदिर में किया गया। इस दौरान मानस मंडली के द्वारा श्री हनुमान जी के दरबार पर पुष्प माला अर्पित किया गया। तत्पश्चात शंख ध्वनि व आरती किया गया। मौके पर मंडली के सदस्यों ने कहा कि श्री रामचरितमानस पाठ सुंदरकांड पाठ करने से घर में सुख शांति की प्राप्ति होती है। विश्व का कल्याण होता है। सभी मनुष्य को जीवन में सुख शांति हेतु श्री सुंदरकांड पाठ अखंड पाठ अपने घरों में प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को करना चाहिए। सभी मनुष्य को प्रत्येक दिन श्री हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए। मौके पर अरुण दुबे, आत्मा पांडेय, अमरेंद्र कुमार मिश्रा, सतीश धर दुबे, सियाराम पांडेय, अशोक पटवा, अरविंद तिवारी, राकेश रंजन चौबे, शत्रुघन कुमार, छोटेलाल तिवारी, कृष्ण कुमार चौबे, रमन केशरी, सोनू कुमार, दीपक कुमार बंटी, कुंदन कुमार, सुनील गोंड़ आदि उपस्थित थे।

# मनरेगा योजना के नियमों की खुलेआम उड़ाई जा रही है धज्जियां

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड में मनरेगा कर्मियों की मिलीभगत से मनरेगा योजना के नियमों की खुलेआम घज्जियां उड़ाई जा रही है। मामला वनसानी पंचायत में आघा दर्जन निर्माणाघीन कूप निर्माण में सामने आया है।

जहां बगैर कूप में काम लगाये ही फर्जी मास्टर रोल के जरिये राशि की फर्जी निकासी किये जाने, तो वहीं काम कराने के बाद भी कमीशन को लेकर जेई द्वारा एमबी बुक नहीं किये जाने तथा कम कराने के बाद अधिक राशि की भुगतान कर दिया गया। बता दें कि वनसानी पंचायत के केतवारू राम के खेत में स्वीत बिरसा संवर्धन कूप निर्माण में बगैर निर्माण कार्य शुरू किए बिना ही 14688 रुपये और दीनानाथ पाठक के खेत में स्वीत कूप निर्माण के नामपर 9792 रुपये की फर्जी मास्टर रोल के जरिये सरकारी राशि की निकासी कर ली गई। वहीं संजय विश्वकर्मा के कूप निर्माण में महज 8-10 फीट खुदाई किये किये पर 75 हजार 786 रुपये जबकि संतोष राम के कूप निर्माण में 48 हजार 756 रुपये की निकासी कर ली गई। जबकि दूसरी तरफ राम अवा राम के 25 फीट तथा अशोक राम 25 फीट कूप खोदाई किये जाने के बाद भी बतौर पांच प्रतिशत कमीशन की मांग रोजगार सेवक और जेई द्वारा करके ब्लक का चक्कर कटवाया जा रहा है। जिससे लाभुक काफी परेशान हैं। जहां एक बिना काम के ही पैसे की निकासी हो रही है और कम काम के बावजूद ज्यादा भुक्तान हो रहा है तो वहीं दूसरे ओर काम करने के बावजूद पैसे की भुगतान नहीं किया जा रहा है। लाभुक राम अवध राम ने बताया कि हमने अपने योजना राम अवध राम के खेत में बिरसा सिंचाई संवर्धन कूप निर्माण योजना में कूप को 25 फिट खुदाई कर लिए है, बावजूद जेई प्रविंद्र कुमार के द्वारा सिर्फ 34 हजार का ही बिल किया गया है। रोजगार सेवक तहमीद अंसारी द्वारा डिमांड नहीं लगाने दिया जाता है। जब भी डिमांड लगाने के लिए बोलते हैं तो रोजगार सेवक द्वारा बोला जाता है कि बाहर से जांच आया है तो कभी अलग अलग बहाना बनाते हुए डिमांड लगाने से रोक दिया जाता है। मैं पांच प्रतिशत ब्याज दर पर कर्जा लेकर कुआं खुदाई कर रहा हूं। वहीं अशोक राम के खेत में बिरसा सिंचाई संवर्धन कूप निर्माण योजना के लाभुक अशोक राम ने बताया कि मैं कुआं को 27 फिट तक खुदाई कर लिया हूं। जेई द्वारा एमबी करने के एवज में 5 प्रतिशत का मांग किया जा रहा है। नहीं देने पर एमबी बुक नहीं किया जा रहा है। इस संबां में पूछे जाने पर जेई प्रविंद्र कुमार ने बताया कि अशोक राम और राम अवध राम का बिल हम काम के अनुसार कर दिए हैं पैसा मांगने का आरोप गलत है। संजय विश्वकर्मा और संतोष राम का एमबी मेरे पास नहीं आया है। भुगतान योजना में कैसे हुआ है मुझे जानकारी नहीं है। पंचायत सचिव अजित सिंह ने बताया कि मेरे द्वारा कूप की स्वीति कराने के एवज में पैसा नहीं लिया गया, यह सब रोजगार सेवक और बीपीओ के मार्फ़त स्वीत कराया गया है। उन्होंने स्वीकारा की कूप स्वीति कराने में ब्लॉक में खर्च हुआ ही है। रोजगार सेवक तहमीद अंसारी ने कहा कि लाभुक द्वारा लगाया जा रहा आरोप गलत है। हमने जितना का एमबी हुआ उसके अनुसार भुगतान किया है।



खुदाई

## पेज एक का शेष

### लैंड व लव जिहाद ...

उन्होंने इंडी गठबंधन पर निशाना साधा और दुमका की भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। दुमका लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में प्रार करने आये भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड में बालू माफिया, लैंड जिहाद व लव जिहाद को राज्य सरकार का संरक्षण प्राप्त है।

**10 साल में आया बदलाव :** जेपी नड्डा ने कहा कि 10 साल पहले देश का साधारण इंसान मान चुका था कि राजनीति से कुछ बदलने वाला नहीं है। हमारा देश एक उदासीन मानसिकता में चला गया था। मान चुका था कि हमारा देश भ्रष्टाचारी व पिछलग्गू देश है। राजनेताओं के द्वारा कोई परिवर्तन नहीं होने वाला है। पर बीते 10 वर्षों में मोदी जी ने अपनी मेहनत, तप, कर्म के आधार पर पूरी ताकत से देश को आगे बढ़ाया। इस कारण आज सामान्य लोग भी बोलता है कि देश बदल रहा है। देश आगे जा रहा है। जब पीएम मोदी ऑप्टिकल फाइबर बिछा रहे थे, तब कांग्रेसी और झामुमो वाले कहते थे कि भारत तो अनपढ़ है, ये तो पैसे की बबार्दी है।

### आज शाम थम जायेगा...

**निष्पक्ष,भयमुक्त मतदान के पुख्ता प्रबंध :** उन्होंने कहा कि गर्मी से मतदान प्रतिशत प्रभावित नहीं हो, इसके लिए विशेष व्यवस्था करने के साथ यह भी प्रयास किया जा रहा है कि मतदाताओं को कतार में ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़े। इसके लिए मतदानकर्मियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

**राजमहल में महिला वोटर्स अधिक :** 1 जून को मतदान जहां मतदान हा रहे हैं, उनमें राजमहल ऐसा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र है, जहां पुरुषों से अधिक महिला मतदाता हैं। यहां कुल 17,04,671 मतदाता में से पुरुष मतदाता 8,51,165 और महिला मतदाता 8,53,496 हैं। दुमका में कुल मतदाता 15,91,061 हैं, जिनमें पुरुष 7,99,045 और महिला मतदाता 7,92,010 हैं। उसी तरह गोड्डा में कुल मतदाता 20,28,154 हैं, उनमें पुरुष 10,50,328 और महिला मतदाताओं की संख्या 9,77,809 है। सीईओ ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक झारखंड में अवैध सामग्री और नकदी के रूप में 133 करोड़, 60 लाख रुपये से अधिक की जब्ती की गयी है।

### फिर कई ठिकानों...

**इडी की गिरफ्त में हैं मंत्री, पीएस व सहायक :** झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम विभागीय टेंडर में कमीशनखोरी व मनी लाउंड्रिंग मामले में इडी की गिरफ्त में हैं। रिमांड पर लेकर इडी के अधिकारी उनसे लगातार पूछताछ कर रहे हैं। इससे पहले इनके पीएस संजीव कुमार लाल व सहायक जहांगीर आलम को इडी ने दबोचा था। इनके यहां से इडी को 33.20 करोड़ की राशि बरामद हुई थी।

### सीमावर्ती इलाकों की...

**सीएए पर गुमराह कर रही सरकार:** टीएमसी धार्मिक रूप से सताये गये अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने के खिलाफ है। यही कारण है कि वे नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) का इतना विरोध कर रहे हैं। टीएमसी नेता सीएए के बारे में झूठ बोल कर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। मोदी ने कहा , तृणमूल कांग्रेस का अब केवल एक ही एजेंडा है होते देबो ना (नहीं होने देंगे) यानी केंद्र की आयुष्मान योजना , उज्जवला गैस कनेक्शन का वितरण, पीने योग्य पानी का आपूर्ति योजना अथवा मछली पकड़ने वाले समुदाय की कल्याणकारी योजनाओं में बाधा डालना ही उसका काम है।

**स्थानीय युवाओं के अवसर छीन रहे घुसपैठिये :** पीएम मोदी ने कहा कि आज घुसपैठिए युवाओं को मिलने वाले अवसर छीन रहे हैं। वे आपकी संपत्तियों और जमीन पर अतिक्रमण कर रहे हैं और पूरा देश इससे चिंतित है। पीएम ने दावा किया कि 4 जून को मतगणना के बाद टीएमसी के लोगों की हिम्मत जवाब दे जायेगी। आगामी पांच साल में स्वर्णिम भारत के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाने पर जोर देते हुए श्री मोदी ने पश्चिम बंगाल के विकास के लिए ऐसे सांसदों को चुनने की जरुरत पर जोर दिया जो विकसित भारत के विजन को साझा करते हों। उन्होंने कहा, मुझे बंगाल से जितने संभव हो सके उतने सांसदों की जरुरत है। मैं आपको आश्वासन देता हूं कि मैं बंगाल को विकसित बनाने में अपनी पूरी ताकत लगा दूंगा। धार्मिक संस्थानों पर हमला करनेवाली ऐसी पार्टी कभी भी बंगाल की संस्कृति की रक्षा नहीं कर सकती।

# भारत ने किया स्वदेशी सुपर किलर मिसाइल का सफल परीक्षण

## एयर-टू-सरफेस मिसाइल रुद्रम-2 ने लक्ष्य पर लगाया सटीक निशाना

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ने बुधवार को पहली स्वदेशी सुपर किलर मिसाइल रुद्रम-2 का ओडिशा के तट से सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। पलक झपकते ही अपने टारगेट को कर देता है तबाह।

डीआरडीओ ने भारतीय वायु सेना के लड़ाकू सुखोई-30 एमकेआई विमान से एयर-टू-सरफेस मिसाइल दागकर लक्ष्य को कामयाबी के साथ नष्ट किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ और वायुसेना को बधाई देते हुए कहा कि इस सफल परीक्षण ने भारतीय सशस्त्र बलों के लिए रुद्रम-2 प्रणाली की भूमिका को मजबूत किया है। स्वदेशी मिसाइलों के ताबड़तोड़ सफल परीक्षणों के क्रम में रुद्रम-2 प्रणाली की मारक क्षमता 200 किमी. दूर तक और इसकी लॉन्च गति मैक 0.6 यानी ध्वनि की गति से दोगुनी है। भारत में बनाई गई ये ऐसी पहली मिसाइल है, जो किसी भी ऊंचाई से दागी जा सकती है। यह मिसाइल किसी भी तरह के सिग्नल और रेडिएशन को पकड़कर अपने रडार में लाकर नष्ट कर सकती है। डीआरडीओ ने देश की पहली स्वदेशी एंटी रेडिएशन मिसाइल रुद्रम को भारतीय वायु सेना के लिए विकसित किया है। मिसाइल किसी भी तरह के सिग्नल और रेडिएशन को पकड़ने में सक्षम है। इस मिसाइल को लॉन्च प्लेटफॉर्म के रूप में सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान में लगाया गया है, जिसमें प्रक्षेपण स्थितियों के आधार पर अलग-अलग रेंज की क्षमता है। इसमें अंतिम हमले के लिए पैसिव होमिंग हेड के साथ आईएनएस-जीपीएस नेविगेशन है। रुद्रम ने आज परीक्षण के दौरान पिनपाइंट सटीकता के साथ विकिरण लक्ष्य को मारा। इसमें लगा पैसिव होमिंग हेड एक विस्तृत बैंड पर लक्ष्य का पता लगाने, वगीर्कृत करने और लक्ष्य को इंगेज करने (उलझाने) में सक्षम है। ट्रायल पूरा होने के बाद जल्द ही इन्हें स्वदेशी विमान तेजस में भी इस्तेमाल किया जा सकेगा। डीआरडीओ के अनुसार इसे मुख्य रूप से दुश्मन की हवाई सुरक्षा को नष्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसलिए इसका इस्तेमाल दुश्मन के निगरानी रडार, ट्रैकिंग और संचार प्रणालियों को नष्ट करने के लिए ऊंचाई से लॉन्च करके किया जा सकता है। भारत में विकसित की गई अत्याधुनिक उच्च गति की यह मिसाइल भारतीय वायुसेना के शस्त्रागार में पहली तरह की है। मिसाइल का निर्माण भारत डायनामिक्स लिमिटेड और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड संयुक्त रूप से करेंगे।



- वायुसेना को दुश्मन के सिग्नल और रेडिएशन को नष्ट करने में होगी आसानी
- पलक झपकते ही अपने टारगेट को कर देता है तबाह
- रक्षा मंत्री ने डीआरडीओ व वायुसेना को दी बधाई

## स्पीड न्यूज

### पाकिस्तान में सड़क हादसा, 28 की मौत 20 से अधिक घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत के वाशुक जिले में बुधवार को सड़क हादसे में कम से कम 28 लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। पचास से अधिक यात्रियों को ले जा रही बस जिले के बिस्मिया इलाके में बुधवार सुबह खाई में गिर गई। इस हादसे में महिलाओं और बच्चों सहित 28 लोगों की मौत हो गई। पुलिस और बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को नजदीक के अस्पताल में पहुंचाया। चिकित्सकों का कहना है कि मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है, क्योंकि कई घायलों की हालत गंभीर है।

### ममता के इलाके में नड्डा ने किया रोड शो



**कोलकाता।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार शाम दक्षिण कोलकाता इलाके में रोड शो किया। यहां से भाजपा उम्मीदवार देवश्री चौधरी के समर्थन में उन्होंने हाजरा मोड़ के पास आशुतोष कॉलेज से श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पैतृक आवास तक रोड शो किया। इस रोड शो में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सड़कों के दोनों ओर भी लोग उन्हें देखने के लिए छतों पर मौजूद थे। सड़कों के दोनों ओर मौजूद लोगों का उन्होंने अभिवादन किया और हाथ हिलाते हुए आशीर्वाद मांगा। नड्डा ने विक्ट्री साइन दिखाते हुए लोगों से भाजपा के पक्ष में वोटिंग की अपील की।

### 24 घंटे में यूक्रेन के 400 सैनिकों की मौत

**मॉस्को।** रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को दावा किया कि यूक्रेन के दोनेत्स्क और लुहांस्क पीपुल्स रिपब्लिक (डीपीआर और एलपीआर) में पिछले 24 घंटों में रूस के जैपैड (पश्चिम) समूह के साथ लड़ाई में 400 यूक्रेनी सैनिकों की मौत हो गयी है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यूक्रेनी सशस्त्र बलों को 400 सैनिकों, दो टैंकों और 11 कारों (रूसी सशस्त्र बलों के पश्चिमी समूह के साथ लड़ाई में अन्य क्षिति के अलावा) का नुकसान हुआ है। उसने बताया कि समूह ने दो जवाबी हमलों को भी विफल कर दिया है।

### बूचड़खाने से मुक्त हुये 57 बाल मजदूर

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के डासना स्थित इंटरनेशनल एग्रो फूड्स स्लाटर हाउस में छापा मारकर 57 बाल मजदूरों को मुक्त कराया। इनमें 31 नाबालिग लड़कियां भी हैं। ये सभी बच्चे उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों के हैं। एसीपी नरेश कुमार ने मीडियाकर्मियों को बताया कि नई दिल्ली को शिकायत प्राप्त हुई थी कि गाजियाबाद में एक स्लॉटर हाउस संचालित है। यहां पर बिहार और बंगाल से लगभग 40 बच्चों को स्लॉटर में अमानवीय परिस्थितियों में कार्य करने के लिए मजबूर किया जाता है।

### हथियार के साथ आतंकी का सहयोगी गिरफ्तार

**बारामूला।** बारामुल्ला जिले के रेबन सोपोर इलाके से पुलिस ने हथियार और गोला-बारूद के साथ एक आतंकवादी सहयोगी (ओवरग्राउंड वर्कर) को गिरफ्तार किया है। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम ने घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान एक ओवर ग्राउंड वर्कर को गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि उसके कब्जे से एक पिस्तौल, पिस्तौल की मैगजीन, 7 पिस्तौल राउंड बरामद किए गए हैं।

# ओड़िशा को लूटने वालों को भेजा जायेगा जेल

## कांग्रेस और बीजद शासन में हुए भ्रष्टाचार की होगी जांच : मोदी

- बीजद के नेता के पास पहले साइकिल भी नहीं थी, अब उनके पास लग्जरी गाड़ियां
- छह महीनों में बीजद की राजनीति में होगा विस्फोट



एजेंसी

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि ओडिशा में कांग्रेस और बीजू जनता दल (बीजद) शासन के दौरान हुए सभी भ्रष्टाचार के मामलों की जांच की जायेगी और राज्य को लूटने वालों को जेल भेजा जायेगा, यह मोदी की गारंटी है। श्री मोदी ने ओडिशा में अपने चौथे चरण के चुनाव प्रचार के दौरान चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस और बीजद दोनों सरकारों पर राज्य में गरीबी के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 50 साल तक ओडिशा पर शासन किया, जबकि बीजद ने पिछले 25 साल से राज्य पर शासन किया है। उन्होंने दोनों दलों पर विकास के नाम पर ओडिशा के लोगों को धोखा देने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि ओड़िशा के खनिज और अन्य संसाधनों से समृद्ध होने के बावजूद राज्य ने वांछित आर्थिक विकास नहीं देखा है और लोग अब भी गरीबी में जी रहे हैं। उन्होंने प्रण लिया कि भ्रष्टाचार में शामिल लोगों और राज्य को लूटने वाले, ओडिशा के लोगों की आकांक्षाओं को चकनाचूर करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा और उन्हें जेल भेजा जायेगा। श्री मोदी ने कहा कि बीजद के नेता जिनके पास पहले साइकिल भी नहीं थी, अब उनके पास लग्जरी गाड़ियां हैं और उन्होंने भ्रष्टाचार से बहुत सारा पैसा इकट्ठा किया है। उन्होंने वादा किया कि उनसे लूटा गया पैसा वापस लिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने लोगों से लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनावों में भाजपा उम्मीदवारों को वोट देने की अपील की और राज्य में डबल इंजन सरकार के गठन की वकालत की। उन्होंने आश्वासन दिया कि इससे ओडिशा देश का नंबर वन राज्य बन जाएगा। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि 10 साल पहले लोगों को लगता था कि भ्रष्टाचार और आतंकवाद पर लगाम लगाना मुश्किल होगा, लेकिन पिछले 10 सालों में देश इन मुद्दों से मुक्त हो गया है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग अब रिकॉर्ड मतदान के साथ लोकतंत्र का जश्न मना रहे हैं। वर्ष 2014 से पहले भारत विश्व अर्थव्यवस्था में 11वें स्थान पर था और आज यह पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। श्री मोदी ने भविष्यवाणी की कि अगले पांच सालों में विकास में तेजी आयेगी और भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक शक्ति के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा कि चार जून के बाद अगले छह महीनों में भारत के राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिलेंगे, जिसमें वंशवाद की राजनीति पर आधारित राजनीतिक दलों का विघटन होगा। प्रधानमंत्री ने यह भविष्यवाणी भी की कि अगले छह महीनों में ओडिशा में बीजद की राजनीति में बड़ा विस्फोट होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जिन लोगों ने राज्य के संसाधनों को लूटा है, उन्हें पैसा वापस करना होगा, यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों को लूटने वालों के लिए कोई सहानुभूति नहीं होगी और इन लुटेरों को अपना बाकी जीवन जेल में बिताना होगा।

### मोदी के मौन व्रत पर आयोग पहुंची कांग्रेस

**नयी दिल्ली ।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गुरूवार शाम से कन्याकुमारी में शुरू होने वाले मौन व्रत को लेकर निर्वाचन आयोग में गुहार लगायी है कि या तो यह मौन व्रत सातवें और अंतिम चरण के मतदान के समाप्त होने के बाद शुरू होना चाहिए या फिर इसके मीडिया में प्रसारण और प्रचार पर प्रतिबंध लगना चाहिए। कांग्रेस के एक शिष्टमंडल ने बुधवार को निर्वाचन आयोग को इस बारे में शिकायत दी। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री का गुरूवार शाम से शुरू होने वाला मौन व्रत सीधे सीधे आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है और आयोग को इस मामले में कदम उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान से 48 घंटे पहले चुनाव प्रचार थम जाता है और इस दौरान किसी भी तरह का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष प्रचार नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि वह गुरूवार शाम से मौन व्रत पर बैठेंगे और यह इसी अवधि के बीच आता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मानना है कि ये ऐसे तरीके हैं जिससे कोई व्यक्ति टेलीविजन चैनलों और प्रिंट मीडिया के माध्यम से अपना प्रचार प्रसार कर रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री मौन व्रत को सातवें चरण के मतदान के समाप्त होने पर एक तारीख की शाम को शुरू करें।

# प्रधानमंत्री ने शहीदों को दो श्रेणियों में बांटा : प्रियंका

- अग्निवीर शहीद हो जाता है तो पेंशन भी नहीं मिलेगी



एजेंसी

**ऊना।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि वे शहीद परिवार की बेटी और पोती हैं। सैनिकों और शहीदों का दुख दर्द जानती हूं लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शहीदों को अपने राजनीतिक लाभ के लिए दो श्रेणियों में बांटकर रख दिया। वाड्रा ने हिमाचल प्रदेश के ऊना के नारी चलौरा और आर्मी ग्राउंड गगरेट में रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि श्री मोदी ने अग्निवीर योजना लाकर देश के नौजवानों के भविष्य के साथ छल किया।

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी देश के लिए शहीद हो गईं और भाजपा के नेता कहते हैं कि वह देशद्रोही हैं। सेना की मजबूती के लिए इंदिरा जी ने काम किया। पाक को तोड़कर बांग्लादेश बनाया, हरित क्रांति लाई। उन्होंने कभी अहंकार नहीं किया। धर्म, जाति और क्षेत्रवाद के नाम पर वोट नहीं मांगा। शहीदों का श्री मोदी की तरह ऐसी योजनाएं लाकर अपमान नहीं किया।

उन्होंने कहा कि अगर कोई अग्निवीर सरहद पर शहीद हो जाता है तो परिवार को कुछ भी नहीं मिलेगा, पेंशन भी नहीं मिलेगी। पिछले 10 वर्षों में धर्म, क्षेत्र और संप्रदाय के नाम पर मोदी ने देश की जनता को बांटने का काम किया। सत्ता के लिए धनबल का इस्तेमाल हो रहा है। भाजपा पर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा ने चंदे के नाम पर हजारों करोड़ बना डाले हैं। भ्रष्टाचार को लेकर बार-बार बात करने वाली भाजपा पिछले 10 वर्षों में ही विश्व की सबसे अमीर पार्टी कैसे बन गई। कांग्रेस पार्टी ने भी देश में 55 साल राज किया, लेकिन उनकी पार्टी कभी इतनी अमीर नहीं बन पाई। यह आंकड़े बोल रहे हैं। भाजपा का धनबल के जरिये देश में सत्ता हासिल करना ही एकमात्र मकसद रह गया है।

वाड्रा ने कहा कि भाजपा ने जिस तरह देश के संविधान और लोकतंत्र का गला घोंटा है, वह देश के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने दोहराया कि मोदी आपदा के समय एक बार भी हिमाचल नहीं आए।

# गर्मी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड दिल्ली में पारा 52.3 पार



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में गर्मी ने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। उत्तर पश्चिमी दिल्ली के मुंगेशपुर इलाके में बुधवार को अधिकतम तापमान 52.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो राजधानी का अब तक का सबसे अधिक तापमान है। यह तापमान एक स्वचालित मौसम स्टेशन पर दर्ज किया गया। इसके अलावा राजधानी के नरेला में पारा 49.9 डिग्री और नजफगढ़ में 49.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। एक और जहां दिल्ली में पारा 52 डिग्री पहुंचा है, वहीं दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बादल छा चुके हैं। कई जगहों पर तेज हवाएं चल रही हैं। दिल्ली-नोएडा के कई इलाकों में तेज बारिश भी हो रही है। बारिश के बाद लोगों को भीषण गर्मी के बीच राहत मिली है। बता दें कि मौसम विभाग ने 30 और 31 मई को दिल्ली में बारिश की संभावना जताई थी।

# भ्रष्टाचारियों की सेना है इंडिया समूह : कंगना

**मंडी।** मंडी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत ने इंडिया समूह पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि यह समूह भ्रष्टाचारियों की सेना है। कंगना ने जोगिन्द्रनगर विधानसभा क्षेत्र में भव्य रोड़ शो के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की जनता के आशीर्वाद से तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। इसका जीता-जागता उदाहरण देश व प्रदेश का जन सैलाब है जिसकी चपेट में आकर विपक्षियों का ठगबंधन रूपी नैया डूबने वाली है और इन सबका मसीहा बनने वाले मां, भाई-बहन ननिहाल भागने वाले हैं। साथ ही यहां पर मंडी लोकसभा में भी मां, भाई-बहन भी घर-घर, गांव-गांव जा रहे हैं जिन्होंने खुद को लोकतंत्र होते भी रजवाड़ाशाही से बाहर नहीं आने दिया परन्तु मंडी लोकसभा क्षेत्र में खुद को रानी राजकुमार कहलाने वाले आज एक-एक वोट के लिए गांव की गलियां नाप रहे हैं। हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस पार्टी के लोग खुद अपनी अध्यक्षा को किसी भी तरह के निर्णयों और नेतृत्व में नहीं देख रहे हैं जिससे यहां की कांग्रेस के कार्यकताओं में नाराजगी है और खुलकर सामने नहीं आ रहे हैं। कंगना ने कहा कि मोदी द्वारा आपदा के समय जारी की गई धनराशि की बंदरबांट हुई जिसका हिसाब चार जून के बाद लिया जाएगा और पात्र एवं बेघर हुए लोगों के साथ न्याय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश की जनता को अनपढ़ कहा और कभी यह लोग संविधानको गाली देते है कभी पत्रकारों को तो, कभी देश की

- विपक्षियों का ठगबंधननैया डूबने वाली है और मां, भाई-बहन ननिहाल भागेंगे



### 4 जून को राहुल इवीएम पर फोड़ेंगे हार का ठीकरा : शाह



**देवरिया।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि चार जून को राजग की विशाल जीत का एलान होगा औरराहुल गांधी यह सुन कर हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ेंगे और विदेश घूमने चले जायेंगे। पार्टी प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि लोकसभा चुनाव के छठवें चरण का मतदान समाप्त हो चुका है जबकि उनके पास पांचवें चरण के मतदान का आंकड़ा है। पांचवें चरण में नरेंद्र भाई मोदी 310 सीटें पार कर चुके हैं। छठा चरण हो चुका है, सातवां होने वाला है। जिसमें आप लोगों को 400 पार कराना है। उन्होंने कहा कि चार जून को राहुल बाबा की पार्टी 40 सीट के आंकड़े को भी पार नहीं कर पाएगी और अखिलेश बाबू चार भी पार नहीं कर पायेंगे।

### अमरनाथ के लिए ऑनलाइन हेलीकॉप्टर बुकिंग जून के पहले सप्ताह से शुरू होगी

**जम्मू।** श्रीअमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए हेलीकॉप्टर की ऑनलाइन बुकिंग जून के पहले सप्ताह में शुरू होगी। यह यात्रा 29 जून से शुरू होकर 19 अगस्त को समाप्त होगी। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि यात्रा पर जाने के इच्छुक श्रद्धालुओं के लिए हेलीकॉप्टर सेवा की ऑनलाइन बुकिंग जून के पहले सप्ताह से शुरू होने की संभावना है। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड हेलीकॉप्टर बुकिंग की ऑनलाइन बुकिंग ,आखिरी तारीख और किराया तथा अन्य जानकारियों के संबंध में जल्द ही वेबसाइट पर जानकारी मुहैया करायेगा। तीर्थयात्रियों के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन पहले ही 15 अप्रैल से शुरू कर दिया गया है।लंगर आयोजन समितियां 15 जून को माल से लदे ट्रकों के साथ जम्मू-कश्मीर पहुंचेंगी और चिह्नित स्थानों पर लंगर स्थापित करेंगी। इस वर्ष पवित्र गुफा तक 125 लंगर लगाने की अनुमति दी गई है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 16 मई को कटरा की यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं से संदेशवाहक बनने और भागवत का संदेश फैलाने का आग्रह किया और इस वर्ष की यात्रा के लिए देश-विदेश के तीर्थयात्रियों को आमंत्रित किया।

# जनकपुरधाम में बनेगा डेस्टिनेशन वेडिंग हब

**आम बजट में एलान**

- राम-सीता विवाह मंडप को विकसित करेगी नेपाल सरकार
- बर्थिंग हब के रूप में भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी का होगा विकास : वित्त मंत्री
- रामायण और शिव सर्किट भी किये जायेंगे विकसित



एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल के आम बजट में इस बार सरकार ने जनकपुरधाम को डेस्टिनेशन वेडिंग हब और लुम्बिनी को बर्थिंग हब बनाने की घोषणा की है। जनकपुरधाम और लुंबनी के अलावा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रामायण सर्किट, बुद्ध सर्किट, शिव सर्किट के विकास की भी घोषणा की गई है। नेपाल के वित्त मंत्री वर्षमान पुन ने संसद में देश का आम बजट पेश करते हुए भारत सहित दुनिया भर में रहने वाले हिन्दुओं के लिए भगवान राम और सीता के विवाह स्थल जनकपुरधाम के विवाह मंडप को डेस्टिनेशन वेडिंग हब के रूप में विकसित करने की घोषणा की है। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री पुन ने कहा कि डेस्टिनेशन वेडिंग अब सिर्फ उच्च और सम्भ्रान्त परिवार ही नहीं, बल्कि उच्च मध्यम वर्ग में भी काफी लोकप्रिय हो रहा है। भारत के लोग डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए बैंकाक, मॉरीशस, मालदीव जाते हैं और लाखों रुपये खर्च करते हैं, जबकि काठमांडू, पोखरा और जनकपुर इन देशों से कहीं सस्ता है। उन्होंने कहा कि राम-सीता का विवाह मंडप में ही शादी करना किसी भी हिन्दू धर्मावलंबियों के लिए आकर्षित कर सकता है। सरकार ने बर्थिंग हब के रूप में भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुम्बिनी को विकसित करने की घोषणा की है। वित्त मंत्री पुन ने कहा कि भगवान बुद्ध के अनुयायी सिर्फ नेपाल और भारत में ही नहीं, बल्कि दुनिया के कई अन्य देशों में भी भारी संख्या में मौजूद हैं। ऐसे में लुम्बिनी में सरकार के निवेश से अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अंतरराष्ट्रीय स्तर का बर्थिंग सेंटर बनाने की योजना है। उन्होंने कहा कि बुद्ध के अनुयायी के लिए लुंबनी में बुद्ध की जन्मस्थली पर अपने बच्चों को जन्म देना एक सपने जैसा होगा और इसके लिए नेपाल सरकार विशेष व्यवस्था करेगी।

### मूवीफाइड बेस्ट एक्टर अवॉर्ड से रानी मुखर्जी हुयीं सम्मानित



**मुंबई ।** बॉलीवुड एक्ट्रेस रानी मुखर्जी को फीमेल कैटेगिरी में मूवीफाइड बेस्ट एक्टर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। एक्ट्रेस को फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे में उनके काम के लिए सम्मानित किया गया है। सच्ची घटनाओं से प्रेरित इस फिल्म में रानी ने एक मां की भूमिका निभाई है, जो अपने बच्चे की कस्टडी के लिए नॉर्वे की कानूनी व्यवस्था से लड़ती है। रानी ने मूवीफाइड के मालकिन निकीता सिंह के प्रति आभार जताया।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !